ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 20 जून 2024
वर्ष 2, अंक 300, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



डिकॉक की तूफानी पारी से उड़े अमेरिकी गेंदबाज 2
फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोटिल 14

## एक नजर

### आंध्र प्रदेश के सांसद की बेटी ने सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को कुचला

**चेन्नई।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से राज्यसभा सदस्य बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी को एक व्यक्ति को गाड़ी से कुचलने के मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 17 जून को बसंत नगर की है। माधुरी द्वारा व्यक्ति को कुचले जाने के बाद वह वहां से फरार हो गईं। गाड़ी में माधुरी के साथ एक और महिला थी।

### चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में आपात लैंडिंग

**देहरादून।** गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में बुधवार की दोपहर बारिश से पहले तेज अंधड़ से खासी दिक्कतें हुईं। मौसम एकाएक बिगड़ने से केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए रवाना हुए चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री भी सवार थे। सकुशल लैंडिंग होने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली। चारधाम यात्रा में लगे चार हेलीकॉप्टरों ने केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन दोपहर में एकाएक मौसम बिगड़ गया और तेज अंधड़ शुरू हो गया। जिस वजह से हेलीकॉप्टर डगमगाने लगे, तब उनमें सवार श्रद्धालुओं के हाथ-पांव फूल गए।

### आलू के चिप्स के पैकेट में मृत मेंढ़क मिला

**जामनगर।** आलू के चिप्स (पोटैटो वेफर्स) के एक पैकेट में कथित तौर पर मृत मेंढक पाए जाने के बाद बुधवार को जामनगर नगर निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मुंबई के एक निवासी द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर की गई आइसक्रीम में मानव उंगली का टुकड़ा मिलने के दावे के कुछ दिनों बाद यह शिकायत आई है। जामनगर नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत आलू के चिप्स के पैकेट के उत्पादन बैच के नमूने एकत्र किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीबी परमार ने बताया जैस्मीन पटेल नाम की एक युवती ने हमें सूचना दी कि बालाजी वेफर्स द्वारा निर्मित क्रंचेक्स के एक पैकेट में एक मृत मेंढक मिला है। हम कल रात उस दुकान पर गए, जहां से इसे खरीदा गया था।

## मुठभेड़ में दो आतंकी किए ढेर

- दो जवान घायल, हादीपोरा इलाके में तलाशी अभियान शुरू

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने रफियाबाद सोपोर के हादीपोरा इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की।




### रियासी यात्रा बस हमलाः मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**जम्मू।** रियासी यात्रा बस पर हमले का पुलिस ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है, जिसे रियासी यात्री बस हमले के दौरान आतंकवादियों की मदद करने और उन्हें रसद सहायता देने का मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। 9 जून को शिव खोरी से आ रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी जिसकी पहचान हाकम दीन (40) पुत्र एमए खान निवासी -बंधराही (सैदा नाल्हा), जिला राजौरी के रूप में हुई है। यह व्यक्ति आतंकवादियों को भोजन और आश्रय के साथ-साथ कई बार उन्हें शरण देने में भी शामिल था।

## दिल्ली को पानी दिलवाने के लिए आतिशी ने मोदी को लिखा पत्र, 21 जून से करेंगी अनशन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को पानी दिलवाने के लिए दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर हरियाणा से पानी दिलवाले का अनुरोध किया है। वह दिल्ली वालों को उनके हिस्से का पानी दिलवाने के लिए 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से यमुना में 613 एमजीडी पानी मिलता है, लेकिन 18 जून को मात्र 513 एमजीडी पानी ही मिला है। दिल्ली में इस 100 एमजीडी पानी की कमी से 28 लाख लोग प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, दिल्लीवालों के कष्ट की हर सीमा पार हो चुकी है। तीन करोड़ की आबादी वाली दिल्ली को मात्र 1050 एमजीडी वहीं तीन करोड़ की आबादी वाले हरियाणा को 6500 एमजीडी पानी मिलता है। उन्होंने कहा हमने हर संभव प्रयास किए लेकिन पर्याप्त पानी होने के बावजूद हरियाणा दिल्ली को 100 एमजीडी पानी देने को तैयार नहीं है।

## अमेजन पार्सल में निकला कोबरा

- कंपनी ने माफी मांगी, पैसे वापस किए, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु में एक दंपत्ति द्वारा मंगाए गए अमेजन पार्सल में जिंदा कोबरा सांप निकला। सांप पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में सांप चिपका हुआ था। इस कारण वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। दंपत्ति के मुताबिक पार्सल में कोबरा सांप था। सरजापुर के रहने वाला यह दंपत्ति आईटी पेशेवर हैं। दंपत्ति ने पूरे प्रकरण का एक वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया देखा जा सकता है।

मामले में अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि कंपनी इस घटना की जांच कर रही है। हम ग्राहकों की सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं और इस घटना की भी जांच कर रहे हैं।

**दंपत्ति ने अमेजन की लापरवाही बताया :** दंपति ने कहा उन्हें अपने ऑर्डर के बदले पूरा पैसा वापस मिल गया है, लेकिन उन्हें आश्चर्य




है कि अत्यधिक विषैले सांप के साथ अपनी जान जोखिम में डालने के बदले उन्हें क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा उल्लंघन है जो केवल अमेजन की लापरवाही और उनके खराब परिवहन, गोदाम की स्वच्छता एवं रखरखाव में कोताही के कारण हुआ है।

# किताबें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता

## प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का किया लोकार्पण

- कहा- सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही

**राजगीर, (बिहार), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। मोदी ने यहां नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए छात्रों से हमेशा जिज्ञासु और साहसी बने रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है और उनका मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में बने। प्रधानमंत्री ने प्राचीन नालंदा विहार के परिसर का भ्रमण करने और उसके अवशेषों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना, भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है। जब शिक्षा का विकास होता है तो अर्थव्यवस्था और संस्कृति की जड़ें भी मजबूत होती हैं। हम विकसित देशों को देखें तो पाएंगे कि वे अर्थ, सांस्कृतिक लीडर तब बने जब एजुकेशनल लीडर हुए। मोदी ने कहा आज दुनिया भर के छात्र उन देशों में जाकर पढ़ना चाहते हैं। कभी ऐसी स्थिति हमारे यहां नालंदा और विक्रमशिला जैसे स्थानों में हुआ करती थी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने युवाओं के सपनों को नया विस्तार दिया

मोदी ने कहा आज भारत के शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारत के युवाओं के सपनों को नया विस्तार दिया है। भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ विदेशी विश्वविद्यालयों ने भी जुडना शुरू कर दिया है। आज छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए भारत में ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षा संस्थान उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें एशिया के कितने ही देश की विरासत जुड़ी हुई हैं। एक विश्वविद्यालय के परिसर के उदघाटन में इतने देश का उपस्थित होना, अपने आप में अभूतपूर्व है।



नालंदा विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुफ्तगू करते मुख्यमंत्री नीतीश।

### भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हो रहा

मोदी ने कहा हमारा प्रयास है कि भारत में दुनिया की सबसे व्यापक और पूर्ण कौशल प्रणाली तथा सबसे उन्नत अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली हो... इन प्रयासों के नतीजे भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हो रहा है और 10 साल पहले क्यूएस रैंकिंग में भारत के सिर्फ नौ शिक्षा संस्थान थे जबकि आज इनकी संख्या बढ़कर 46 हो गई है। उन्होंने खुशी जताई कि उन्हें तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिन में ही नालंदा आने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में औसतन भारत में हर सप्ताह एक विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है और हर दिन एक नयी आईटीआई की स्थापना हुई है। हर तीसरे दिन एक अटल टिंकरिंग लैब खोली गई है। भारत में हर दिन दो नए कॉलेज बने हैं। आज देश में 23 आईआईटी संस्थान हैं। 10 साल पहले 13 आईआईआईएम थे, आज उनकी संख्या 21 है। 10 साल पहले की तुलना में आज करीब 3 गुना यानी 22 एम्स हैं।

### दुनिया के लिए शिक्षा व ज्ञान का केंद्र बने भारत

प्रधानमंत्री ने कहा मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने। इसके लिए भारत आज बहुत कम उम्र से ही अपने छात्रों को नई खोज की भावना से जोड़ रहा है। आज एक तरफ एक करोड़ से ज्यादा बच्चों को अटल टिंकरिंग लैब में आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ मिल रहा है वहीं दूसरी ओर चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशन छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी खोज को बढ़ावा देने के लिए भारत ने एक दशक पहले स्टार्टअप इंडिया मिशन की शुरुआत की थी।

## छात्रा का अपहरण कर लखीमपुर में फेंका

- कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे, छात्रा 12 जून से गायब थी छात्रा
- थाना उत्तरी सेहरामऊ (पीलीभीत) में दर्ज कराई गई थी गुमशुदगी, छात्रा की हालत गंभीर

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** पीलीभीत से अगवा जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा को बुधवार की सुबह कार सवार बदहवाश हालत में थाना खीरी क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर गांव चिमनी के पास फेंक कर भाग निकले। बताया जाता है कि कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। छात्रा 12 जून से से गायब थी। उसकी गुमशुदगी थाना उत्तरी सेहरामऊ (पीलीभीत) में दर्ज कराई गई थी। छात्रा की हालत गंभीर है।

गांव चिमनी के लोगों ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे एक कार आई। कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। गांव चिमनी के पास पल भर के लिए कार रुकी, लोग जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले कार से एक किशोरी को सड़क किनारे फेंक दिया गया और चालक तेज रफ्तार कार लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उसे भर्ती कराया है।

> कार सवार कुछ लोग छात्रा को चिमनी गांव के पास फेंक गए हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 12 जून से लापता थी। थाना उत्तरी सेहरामऊ पीलीभीत में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज है। मामले की जांच चल रही है। - **अजीत कुमार**, एसओ खीरी

किशोरी अपना नाम और पता व थाना उत्तरी सेहरामऊ बता पा रही थी। सूचना पर थाना खीरी एसओ अजीत कुमार भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने थाना उत्तरी सेहरामऊ पुलिस से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर छात्रा के परिवार के लोग उत्तरी सेहरामऊ पुलिस के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। परिवार वालों के आने के बाद जिला अस्पताल से किशोरी को जिला महिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर उसका मेडिकल परीक्षण हुआ।

## अलीगढ़ में युवक को भीड़ ने पीटा, छह लोग गिरफ्तार

- एसपी बोले- दो समुदायों के लोगों के एकत्रित होने से बढ़ा तनाव, पुलिस गस्त बढ़ाई

**अलीगढ़, एजेंसी**

अलीगढ़ शहर में मंगलवार रात भीड़ द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के बाद एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना शहर के मामू-भांजा मोहल्ले की है और मृतक की पहचान फरीद (35) के रूप में हुई है, जो कि एक ढाबे पर काम करता था।

पुलिस अधीक्षक एम. शेखर पाठक ने बताया कि मृतक के परिवार की शिकायत के अनुसार फरीद देर रात जब ढाबे से घर लौट रहा था तो रास्ते में भीड़ ने उसे घेर लिया और बुरी तरह पीटा। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले लोगों का आरोप था कि फरीद चोरी करने के लिए एक घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। पाठक ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फरीद को मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गयी। एसपी ने बताया हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग रेलवे रोड के पास पुराने शहर में कुछ स्थानों पर जमा हो गए जिस कारण इलाके में कुछ दुकानें बंद रहीं।

## योग दिवस में शामिल होंगे मोदी आज जाएंगे कश्मीर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह तीन हजार करोड़ रूपये से भी अधिक लागत की 80 से भी अधिक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री शुक्रवार सुबह श्रीनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे।

## धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024 - 25 के लिए धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल काला तिल और कपास का समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले से किसानों के पास दो लाख करोड़ रुपए



जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है। काला तिल के एमएसपी 983 रुपये प्रति क्विंटल, तिल में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

नई घोषणा के अनुसार खरीफ सीजन 2024 -25 में धान के लिए एमएसपी 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। ग्रेड ए के लिए यह 2320 रुपए प्रति क्विंटल होगा। ज्वार- संकर का एमएसपी 191 रुपए बढ़ाकर 3571 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। ज्वार- मालडंडी का एमएसपी 196 रुपए बढ़ाकर 3421 रुपए प्रति क्विंटल होगा। बाजरे का एमएसपी 125 रुपए बढ़ाकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। रागी का एमएसपी 444 रुपए बढ़ाकर 4290 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।

## मंत्री ने 'बेटी पढ़ाओ' का नारा गलत लिखा, विपक्ष का हमला

**मप्र।** मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गलत लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसके बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाए हैं। धार के ब्रम्हा कुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में 18 जून को स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया था जिसमें धार सीट से सांसद ठाकुर मुख्य अतिथि थीं। ठाकुर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं। वीडियो में नारा गलत तरीके से लिखती नजर आ रही हैं।

## 67,500 के नकली नोट पकड़े

### लखनऊ से लाकर यहां करते थे खपत, 3 गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** पुलिस ने नकली नोटों के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। एक तस्कर भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के 67,500 रुपये के नकली नोट और एक कार बरामद की। ये लोग लखनऊ से नकली नोट लाकर यहां खपत करते थे।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे गश्त कर रहे थे। पुलिस ने एक सूचना पर बरेली मोड़ के निकट गर्रा पुल के पास से कार सवार लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र के नीरज कुमार, तिलहर के विवेक कुमार मौर्या और कलान



चौक कोतवाली पुलिस की हिरासत में तीनों आरोपी।

के जबर सिंह को पकड़ा। एक आरोपी चंदन निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के कुल 67500 रुपये के नकली नोट बरामद किए।

### 60 रुपये में मिलता है सौ का नकली नोट

आरोपी विवेक मौर्या ने बताया कि लखनऊ में दुबग्गा से वे नकली नोट लाते हैं। 60 रुपये में 100 का नकली नोट मिलता है। अपने साथियों के सहयोग से शाहजहांपुर, बरेली समेत कई जिलों में असली नोट के साथ मिलाकर नकली नोट चला देते थे। पुलिस के मुताबिक विवेक पर सात मुकदमे सदर बाजार, चौक कोतवाली में दर्ज हैं। इसके अलावा नीरज और जबर सिंह पर चौक कोतवाली में एक-एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**धनशोधन मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

## खराब प्रदर्शन पर समीक्षा में जुटी उप्र. भाजपा

### पार्टी के अनुभवी नेताओं की टीम जिलों का दौरा कर तैयार कर रहे रिपोर्ट

- सौंपे गए संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विस. क्षेत्र का दौरा कर 25 जून तक देनी होगी रिपोर्ट
- प्रदेश नेतृत्व इस रिपोर्ट को बाद में केंद्रीय नेतृत्व को भेजेगा, डेढ़ दर्जन सवालों पर मंथन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा निरंतर टोह ले रही है कि चुनाव पूर्व सब कुछ दुरुस्त कर लेने के बावजूद झटका कहां-कहां से और क्यों लगा। चुनाव परिणामों में भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश से लगा है। पार्टी यहां 33 सीटें ही जीत पाई। आखिर कौन-कौन से ऐसे कारण रहे जिसके चलते भाजपा का राज्य में इस बार प्रदर्शन खराब रहा? पार्टी इन कारणों को इक्का-दुक्का नहीं बल्कि लगभग डेढ़ दर्जन सवालों की एक चेकलिस्ट तैयार कर पड़ताल में जुटी है। इस कड़ी में रायबरेली और अयोध्या में हार की समीक्षा पर खासा जोर है।

पार्टी की ओर से अनुभवी एवं वरिष्ठ नेताओं को चेकलिस्ट के साथ पड़ताल में नियुक्त किया है। इन्हें सभी 80 संसदीय क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने के निर्देश हैं। इसमें हारी और जीती सीट सभी के क्षेत्र शामिल रहेंगे। जिम्मा 40 नेताओं पर है, जिन्हें अपनी-अपनी रिपोर्ट 25 जून तक प्रदेश नेतृत्व को सौंपनी होगी। इसके बाद प्रदेश नेतृत्व केंद्रीय नेतृत्व से यह रिपोर्ट साझा करेगा।

सवालों में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारियों की भूमिका, उम्मीदवारों के चयन उनकी छवि, रणनीतिक विफलताएं, उम्मीदवार का स्थानीय लोंगो से जुड़ाव, विपक्षी उम्मीदवार के प्रति झुकाव के कारण, पार्टी के मुद्दों के आगे विपक्ष के क्या नैरेटिव प्रभावी रहे, जैसे डेढ़ दर्जन और सवाल शामिल हैं। इसमें आरक्षण, रोजगार, सरकारी योजनाओं जैसे सवाल भी शामिल होंगे। दरअसल, इतनी विस्तृत समीक्षा के पीछे संगठन की मंशा तीन साल बाद (2027) उप्र. में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समय रहते होमवर्क कर लेने की भी है। ग्राऊंड जीरो पर उतर कर चेकलिस्ट के साथ पड़ताल करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश महासचिव गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह, विदयाभूषण, विजय पाठक समेत अन्य अनुभवी नेता शामिल हैं। यह रिपोर्ट अगर तैयार हो जाती है तो पहले प्रदेश नेतृत्व, फिर केन्द्रीय नेतृत्व इस पर विमर्श करेगा।



# मार्कस स्टोइनिस टी-20 में बने नंबर एक ऑलराउंडर

**दुबई, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस बुधवार को अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर आईसीसी की नवीनतम टी-20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा टी-20 विश्व कप में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ।

श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं।



## अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं मार्शः स्टोइनिस

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** मार्कस स्टोइनिस ने टीम के अपने साथी मिचेल मार्श की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह सिर्फ कप्तान ही नहीं बल्कि अच्छे नेतृत्वकर्ता भी हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करना आसान है क्योंकि हर कोई विशिष्ट परिस्थितियों में अपनी भूमिका से वाकिफ है। मौजूदा टी20 विश्व कप में मार्श को ऑस्ट्रेलिया की कमान सौंपी गई है जहां टीम की नजरें अपने दूसरे खिताब पर टिकी हैं। साथी ऑलराउंडर स्टोइनिस ने 'अनप्लेएबल' पॉडकास्ट पर कहा कि मिची (मार्श) कप्तान नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता है। जिस तरह से वह टीम को एक साथ लाते हैं, वह प्रेरणा देता है।

# डिकॉक की तूफानी पारी से उड़े अमेरिकी गेंदबाज

## अफ्रीका ने अमेरिका के सामने रखा 195 रन का विशाल लक्ष्य

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी**

अमेरिका ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ में ग्रुप दो के मुकाबले में टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका को 195 रनों का लक्ष्य दिया। टॉस हार कर मैदान में उतरे अफ्रीकी बल्लेबाजों ने अमेरिका के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। वहीं डिकॉक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों पर 5 छक्के और 7 चौकों की मदद से 74 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं दूसरी ओर कप्तान एडेन मार्कराम ने 32 गेंद खेलकर एक छक्का और 4 चौकों की मदद से 46 रन की पारी खेली। खबर लिखे जाने तक दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 194 रन बना लिए थे।

आज यहां सर विवियन रिचड्‌र्स स्टेडियम में अमेरिका के कप्तान ऐरन जोंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।




उन्होंने कहा कि हम अतिरिक्त स्पिनर के साथ खेलने जा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यह पिच डलास से बहुत अलग होगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ऐडन हमें नहीं पता था कि क्या करना है। हम भी गेंदबाजी करना चाहते थे, लेकिन हम टॉस के नतीजे से बहुत परेशान नहीं हैं।" उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है बार्टमैन की जगह केशव महाराज टीम में आए।

**दोनों देशों की टीमें इस प्रकार है:- अमेरिका (एकादश):** शयन जहांगीर, स्टीवन टेलर, एंड्रियास गौस (विकेटकीपर), ऐरन जोंस (कप्तान), नितीश कुमार, कोरी एंडरसन, हरमीत सिंह, जसदीप सिंह, नोसथुस केनजिगे, अली खान और सौरभ नेत्रवलकर। **दक्षिण अफ्रीका (एकादश):** क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, ऐडन मारक्रम (कप्तान), हाइनरिक क्लासन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा,एनरिक नोर्त्जे और तबरेज शम्सी।

### इंग्लैंड के खिलाफ सुपर 8 का मुकाबला आज

# जीत की लय कायम रखने उतरेगा विंडीज

**ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी**

शानदार फॉर्म में चल रही वेस्टइंडीज टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं। वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपराजेय है जबकि इंग्लैंड को खिताब की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की मदद की जरूरत पड़ी। ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद जोस बटलर और उनकी टीम के पास नये सिरे से शुरुआत करने का मौका है। दूसरी ओर लगातार आठ मैच जीत चुकी वेस्टइंडीज टीम ने डेरेन सैमी राष्ट्रीय स्टेडियम पर आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से हराया। एक बार फिर टीम अपने मुख्य कोच और दो बार के टी-20 विश्व कप विजेता कप्तान के नाम पर बने स्टेडियम में उस लय को दोहराना चाहेगी। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कहा कि अफगानिस्तान को हराकर इंग्लैंड को कोई संदेश नहीं देना था। उन्हें बस इतना बताना था कि वह अच्छा खेल रहे हैं तो हम भी कुछ कम नहीं हैं। यह शानदार मैच होगा। वेस्टइंडीज की टीम ने एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। जरूरत पड़ने पर उसके बल्लेबाज चले हैं , फिर चाहे शेन रदरफोर्ड हो या निकोलस पूरन। इसी तरह गेंदबाजों ने भी अपना काम बखूबी किया है। सपाट पिचें और छोटी सीमारेखा होने से मैदान बल्लेबाजों की ऐशगाह साबित हुए हैं और यहां खूब रन बने हैं।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**समय :** मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से।

## खेल डायरी

### केन विलियमसन कप्तानी से देंगे इस्तीफा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सीमित ओवर के कप्तान केन विलियमसन करियर विस्तार के लिए अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने 2024-25 के केंद्रीय करार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में विलियमसन ने कहा कि मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट में अपने योगदान को जारी रखते हुए सभी प्रारूप में टीम को आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहता हूं। लेकिन न्यूजीलैंड समर के दौरान मेरे पास कुछ विदेशी अवसर भी होंगे, जिसके कारण मैं इस साल केंद्रीय करार को स्वीकार नहीं कर सकता।

### शॉटगन टीम में उदयपुर की माहेश्वरी का चयन

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर की माहेश्वरी चौहान ने पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय चयन समिति की मंगलवार को आयोजित बैठक के बाद आगामी पेरिस-2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय शॉटगन टीम की घोषणा कर दी गई। माहेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में शामिल होंगी। उनके नाम स्कीट इवेंट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी हैं। माहेश्वरी इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं।

### लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छुक : मार्क

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष मार्क निकोलस ने खुलासा किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग की पांच टीमों ने 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली लाड़र्स स्थित टीम लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जताई है। अनुभवी कमेंटेटर और लेखक मार्क अक्टूबर से स्पिरिट के चेयरमैन का पद संभालेंगें हैं। मार्क ने यह खुलासा एमसीसी सीईओ गाय लैवेंडर के सदस्यों को हाल में लिखे पत्र के हवाले से किया है जिसमें उन्होंने स्पिरिट टीम में 49% हिस्सेदारी बेचने की इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की पेशकश पर स्वीकृति मांगी है।

### ओसाका, राडुकानू और कर्बर को वाइल्डकार्ड

**विम्बलडन।** पूर्व ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका , कैरोलिन वोज्नियाकी, एंजेलिक कर्बर और एम्मा राडुकानू को विम्बलडन के लिये वाइल्ड कार्ड दिये गए हैं। विम्बलडन एक जुलाई से शुरू होगा। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका और तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करेंगी। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन राडुकानू 2023 में कलाई और टखने की सर्जरी के बाद पहली बार खेलेंगी।

## एक बार ही पैदा होता है बुमराह जैसा गेंदबाजः बिशप



बिशप ने कहा कि जसप्रीत चतुर गेंदबाज है। उसके पास रफ्तार है, लेकिन वह कई गेंदबाजों की तुलना में अच्छी तरह जानता है कि अपनी 'वैरिएशन' का इस्तेमाल कहां किया जाये। उन्होंने कहा कि आपने उसे यह कहते हुए सुना होगा कि मैं हर दिन 'स्टंप हंटिंग' नहीं करता क्योंकि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मैं यॉर्कर गेंद डालता हूं और कभी वाइड यॉर्कर डालता हूं, कभी कभार परिस्थितियों को देखकर धीमी गेंद फेंकता हूँ या अपने बाउंसर का उपयोग करता हूँ। साथ ही उसका एक्शन काफी अलग है जिसमें गेंद काफी तेजी से आती है और तभी फुल टॉस गेंद पर शॉट नहीं लगते क्योंकि वह तेजी से आपके पास आती है। श्रीकांत और पीयूष चावला ने कहा कि गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में खिलाना चाहिए क्योंकि वह एक मैच विजेता हो सकते हैं। श्रीकांत ने कहा कि अगर मैं कप्तान होता तो मैं निश्चित रूप से कुलदीप यादव को खिलाता।

# कैरेबिया में अच्छा करेंगे कोहली: हेडन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने बुधवार को कहा कि परिस्थितियों और विभिन्न प्रकार की पिचों का अनुभव ही विराट कोहली को विश्व स्तरीय बल्लेबाज बनाता है जिससे वह टी-20 विश्व कप के कैरेबियाई चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा 741 रन बनाने वाले विराट टी-20 विश्व कप में अभी तक ग्रुप चरण के मैच में 1, 4 और 0 ही बना सके हैं। कोहली किसी भी परिस्थिति में एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज रहे हैं। कैरेबियाई सरजमीं में आपको अपनी पारी और लक्ष्य बनाने के तरीके के बारे में सोचना होगा। सेंट लूसिया के बाहर पार स्कोर 160-170 रन है और विराट अपने पूरे अनुभव के बूते यह पता कर पायेंगे कि क्या करना है। विराट ने मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया। हर कोई इन महान चैम्पियन खिलाड़ियों को खुलकर खेलते हुए देखना चाहता है और ऐसा ही होने वाला है क्योंकि अनुभव मायने रखता है।



# चेक को पुर्तगाल ने दी मात

**लीपजिग, एजेंसी।** स्थानापन्न फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ के अंतिम मिनट में किये गये गोल की बदौलत पुर्तगाल ने यूरो कप में बुधवार को चेक गणराज्य की मजबूत टीम को 2-1 हराया। जर्मनी के लीपजिग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहली सीटी बजने के बाद से ही पुर्तगाल ने गेंद अपने पास रखते हुए कई मौके बनाए। पुर्तगाल के स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो को चेक गणराज्य की मजबूत रक्षा पंक्ति ने गोल करने का अवसर नहीं दिया।

छह बार यूरो कप का फाइनल खेलने वाले रोनाल्डो ने पहले हाफ में दो बार प्रयास किया लेकिन चेकगणराज्य के गोलकीपर जिंड्रिच स्टेनक ने उन्हें विफल कर दिया। खेल ने 62वें मिनट में चेक गणराज्य के लुकास प्रोवोड ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन यह खुशी अधिक समय तक टिक नहीं सकी। सात मिनट बाद रॉबिन ह्रानाक ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, जिससे पुर्तगाल फिर से मुकाबले में आ गया।



## सभी को एमबापे के सही होने का इंतजार

**पैडरबोर्न (जर्मनी),एजेंसी।** फुटबॉल जगत को किलियन एमबापे की नाक की चोट पर अपडेट का इंतजार है और प्रशंसक जानना चाहते हैं कि फ्रांस का यह सुपरस्टार यूरोपीय चैम्पियनशिप से कितने समय तक बाहर रहेगा। एमबापे के दो साथी खिलाड़ियों ने उनकी चोट पर सकारात्मक जानकारी दी है। मिडफील्डर एड्रियन रबियोट ने बुधवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में एक अनुवादक के जरिये कहा कि नाक में फ्रेक्चर दुनिया का अंत नहीं है। विलियम सलीबा ने कहा कि उन्होंने एमबापे से बात की जो थोड़ा बेहतर महसूस कर रहे हैं।

# भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच में रिचर्ड और इलिंगवर्थ होंगे अंपायर

**दुबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के रिचर्ड कैटलबोरो और रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 24 जून को होने वाले टी-20 विश्व कप ग्रुप एक के सुपर आठ मुकाबले में अंपायरिंग करेंगे।

भारत के गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ पहले सुपर आठ मैच में ऑस्ट्रेलिया के रॉडनी टकर और पॉल रीफेल अंपायर होंगे जबकि डेविड बून मैच रैफरी होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ 22 जून को होने वाले भारत के मैच में इंग्लैंड के माइकल गॉफ और दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन होल्डस्टॉक अंपायरिंग करेंगे। आईसीसी अंपायरों के एमिरेट्स एलीट पैनल के सदस्य क्रिस गाफने और केटलबोरो बुधवार को अमेरिका के टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ऐतिहासिक नॉकआउट मैच में अंपायरिंग करेंगे। सह मेजबान अमेरिका ने ग्रुप ए में पाकिस्तान के खिलाफ सुपर ओवर में मिली शानदार जीत की बदौलत दूसरे स्थान पर रहकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई किया। इस मैच में जोएल विल्सन टीवी अंपायर होंगे।

# भारत ने अफ्रीका को चार रन से हराया

## स्मृति और कौर ने जड़ा शानदार शतक, सीरीज में भारत 2-0 से आगे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक से भारत ने बड़े स्कोर वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को चार रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम कप्तान लॉरा वोलवार्ट (135 रन, 135 गेंद, 12 चौके, तीन छक्के) और मारिजेन कैप (114 रन, 94 गेंद, 11 चौके, तीन छक्के) के बीच चौथे विकेट की 184 रन की साझेदारी के बावजूद 50 ओवर में छह विकेट पर 321 रन ही बना सकी।

वोलवार्ट ने अंत में नेदिन डि क्लर्क (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 41 गेंद में 69 रन जोड़े लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। भारत की तरफ से पूजा वस्त्राकर ने 54 जबकि दीप्ति शर्मा ने 56 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। भारत ने इससे पहले मंधाना (136) और हरमनप्रीत (नाबाद 103) के शतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 171 रन की साझेदारी से तीन विकेट पर 325 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। यह पहला महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है जिसमें चार शतक जड़े गए। मंधाना ने अपने लगातार दूसरे और कुल सातवें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक के दौरान 120 गेंद में 18 चौके और दो छक्के मारे। हरमनप्रीत अपने छठे शतक के दौरान 88 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और तीन छक्के जड़े।



## भारत सहित 12 टीमों ने किया 2026 विश्व कप के लिए क्वालिफाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी टी-20 विश्वकप समाप्त भी नहीं हुआ और 2026 टी-20 विश्व कप के लिए 12 टीमों का चयन तय हो गया है। 2026 में भी टी-20 विश्व कप भारत और श्रीलंका दो देशों में खेला जाएगा और 20 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इसके लिए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 12 टीमें चयनित हो चुकी हैं। 8 टीमें वर्ल्डकप में हिस्सा लेने के लिए आपस में भिडेंगी। मौजूदा विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते अमेरिका और अफगानिस्तान ने 2026 टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है। वहीं, इनके साथ ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें भी क्वालिफाई की हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान ने टी-20 रैंकिंग के आधार पर 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बना ली है। 2026 में होने टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी टीमों में भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान शामिल हैं।

# अफगानिस्तान के खिलाड़ी टॉप बैटर-बॉलर

**सौरभ श्रीवास्तव, बरेली**

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **टॉप-10 तक कहीं नहीं है भारतीय खिलाड़ी**

टी-20 वर्ल्डकप 2024 में कई उलटफेर देखने को मिला। जहां पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम पहली बार वर्ल्डकप खेल रही अमेरिका से हार गई। वहीं, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को भी कमजोर टीम से हार का सामना करना पड़ा।

18 जून को लगी मुकाबले के 40 मैच खेले जा चुके हैं। इसमें अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाते हुए सभी बड़ी टीम के स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। बात चाहे गेंदबाजी की हो या बल्लेबाजी की दोनों में ही टॉप पर अफगानिस्तान के खिलाड़ी हैं।

गेंदबाजी में जहां फजलहक फारुकी 12 विकेट लेकर पहले नंबर पर हैं, वहीं, बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज 4 मैचों में 150.48 के स्टाइक रेट के साथ 167 रन बनाकर पहले नंबर पर बने हुए हैं।

### टीम भावना से भारत ने जीते तीनों मुकाबले

इसमें कोई भी शक नहीं है कि भारत के 3 मुकाबले लो स्कोरिंग के रहे हैं। इसमें भारतीय टीम एक दिखाई दी। सभी खिलाड़ियों ने एक जुट होकर मुकाबला खेला तभी भारत ने लो स्कोर को भी विरोधी टीम को चेज नहीं करने दिया। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने 68 रन, सूर्य कुमार यादव ने 59 रन, शिवम दुबे ने 34 रन तो वहीं, अक्षर पटेल ने 20 रन बनाए। इसमें सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा ने एक-एक अर्धशतक भी जड़ा। वहीं बात करें गेंदबाजी की तो भारतीय गेंदबाजों ने रन बहुत कम दिए और विकेट भी लिए। 3 लीग मैच में हार्दिक पांड्या ने 65 रन देकर 7 विकेट, अर्शदीप ने 75 रन देकर 7 विकेट, बुमराह ने 45 रन देकर 5 विकेट और अक्षर पटेल ने 39 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लीग मुकाबलों में अभी तक टॉप-10 रहे बैटर और बॉलर में एक भी भारतीय खिलाड़ी अपनी जगह नहीं बना पाया है। पहली बार सबसे ज्यादा सिक्स लगाने में भी कोई भारतीय नहीं है। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन रिषभ पंत (96) ने बनाए।

**लीग मुकाबले में टॉप स्कोरर**

| खिलाड़ी | टीम | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज | अफगानिस्तान | 4 | 167 | 150.45 | 80 |
| निकोलस पूरन | वेस्टइंडीज | 4 | 164 | 150.45 | 98 |
| मार्कस स्टोयनिस | आस्ट्रेलिया | 4 | 156 | 190.24 | 67 |
| इब्राहिम जादरान | अफगानिस्तान | 4 | 152 | 124.59 | 70 |
| ट्रेविस हेड | आस्ट्रेलिया | 4 | 148 | 157.44 | 68 |

**लीग मुकाबले में टॉप गेंदबाज**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| फजलहक फारुकी | अफगानिस्तान | 12 | 5/9 |
| ट्रेंट बोल्ट | न्यूजीलैंड | 9 | 3/16 |
| अकील हौसेन | वेस्टइंडीज | 9 | 5/11 |
| एनरिक नॉत्या | साउथ अफ्रीका | 9 | 4/7 |
| तंजीम हसन | बांग्लादेश | 9 | 4/7 |

### अमेरिका में सभी मुकाबले लो-स्कोरिंग रहे

वर्ल्डकप और पिच पर रन न बने ये बहुत ही कम देखने को मिलता है। ऐसे में अमेरिका में ग्रुप स्टेज के 16 मुकाबले 3 शहरों में खेले गए। इनमें 9 मैच चेज करने वाली और 3 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते। एक मैच टाई रहा, जबकि 3 मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे। यहीं, 12 बार टीमें 120 रन से कम ही बना सकी। इसमें भी 2 बार 100 रन से कम बने, लेकिन सभी मुकाबलों में कांटे की टक्कर देखने को मिली।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

आसमान में बदली छाई रहेगी। बारिश की भी संभावना।

43.6° अधिकतम तापमान | 31.3° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 06 :59

## एक नजर

### ग्रामोदय विवि में योग कार्यक्रम की तैयारी जारी

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में 21 जून को होने वाले सामूहिक योग कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल के स्वरूप और गतिविधियों की जानकारी ली। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने 12 संकुल और 100 योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया। प्राचार्य मदन तिवारी ने संकुल और केंद्रवार 21 जून को योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने वाले वालों की संख्या बताई। संतोषी अखाड़ा के महंत रामजी दास ने योग की आवश्यकता बताई। इस मौके पर रामायणी कुटी के महंत रामहृदय दास, गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख डॉ. राम नारायण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो की टक्कर से बाइकसवार किशोर की मौत, दो लोग घायल

## मोटरसाइकिल पर बैठे थे तीन किशोर, घायलों में एक सगा और दूसरा चचेरा भाई

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)



सत्यम की मौत पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

● झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मऊ में डिग्री कॉलेज के पास हादसा



हादसे में घायल शिवम और रविप्रताप।

**अमृत विचार।** हाईवे पर बुधवार को तेज रफ्तार बोलेरो ने एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइकसवार तीन किशोरों में एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बुधवार सुबह लगभग सवा आठ बजे झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मऊ में डिग्री कॉलेज के पास कर्वी की ओर से तेज रफ्तार से आई बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी और चालक वाहन को भगा ले गया। टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके परखच्चे उड़ गए। बाइक पर मऊ थानांतर्गत अहिरी मजरा बालापुर निवासी तीन किशोर सवार थे। इनमें से सत्यम (13) पुत्र बच्चीलाल उछलकर डिवाइडर से जा टकराया और उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। उसका सगा भाई शिवम (15) और चचेरा भाई रवि प्रताप (11) पुत्र शिवबाबू गंभीर रूप से घायल हो गए। इनको थाना पुलिस और युवा भाजपा नेता राहुल श्रीवास्तव ने सीएचसी पहुंचाया।

डॉक्टरों ने सत्यम को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवम और रविप्रताप को प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सत्यम तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। छोटे भाई सुंदरम के साथ मां मालती देवी व पिता का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

### किशोर चला रहा था बाइक

इस हादसे का एक पहलू यह भी है कि बाइक पर तीन लोग सवार थे और वे भी किशोर। जाहिर है कि बाइक भी किशोर ही चला रहा था। हालांकि यह पता नहीं चल सका कि चालक तीनों में से कौन था। इसी रविवार को पहाड़ी थाने के परसौंजा गांव में एक नाबालिग चालक के नियंत्रण खो देने से ट्रैक्टर पलट गया था और एक किशोर की ट्रॉली के नीचे दबने से मौत हो गई थी। बाइक और ट्रैक्टर ही नहीं बल्कि जिले में नाबालिग टेंपो और ई-रिक्शा चलाते मिल जाएंगे। लोगों का कहना है कि मामले में अभियान चलाने की आवश्यकता है।

## तहसील मुख्यालयों पर समाधान दिवस का रोस्टर तय

**चित्रकूट।** तहसील मुख्यालय में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर तय कर दिया गया है। यह जानकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि छह जुलाई को उनकी (डीएम) की अध्यक्षता में तहसील कर्वी, सीडीओ की अध्यक्षता में राजापुर, एडीएम (वि./रा.) की अध्यक्षता में मऊ एवं एडीएम (न्यायिक) की अध्यक्षता में मानिकपुर में यह आयोजन होगा। 20 जुलाई को डीएम राजापुर, सीडीओ मानिकपुर, एडीएम (वि./रा.) कर्वी एवं एडीएम (न्यायिक) मऊ में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे। इसी प्रकार तीन अगस्त को डीएम की अध्यक्षता में मऊ में यह आयोजन होगा। सीडीओ कर्वी, एडीएम (वि./रा.) मानिकपुर एवं एडीएम (न्यायिक) राजापुर में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। 17 अगस्त को डीएम मानिकपुर, सीडीओ मऊ, एडीएम (वि./रा.) राजापुर, एडीएम (न्यायिक) कर्वी में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे।



अधेड़ की मौत पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

## भेड़ चराने गए किसान की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राजापुर थाने की गनीवां चौकी अंतर्गत प्रसिद्धपुर के मजरे गंगापुरवा के एक अधेड़ की भेड़ चराते समय संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने लू लगने से मौत की आशंका जताई है।

जानकारी के मुताबिक गनीवां प्रसिद्धपुर के मजरे गंगापुरवा निवासी देवशरण पाल (55) पुत्र भोंडा पाल बुधवार को अपनी भेंड़ लेकर गंगापुरवा गौहानी हार चराने गया था। परिजनों ने बताया कि देर शाम भेड़ें घर वापस आ गईं लेकिन देवशरण नहीं पहुंचा। इस पर खोजबीन की गई। कुछ लोगों ने एक खेत की मेड़ में देवशरण का शव पड़ा देख परिजनों को सूचना दी। मृतक के पुत्र चंद्रेश की सूचना पर राजापुर एसओ मनोज सिंह चौकी प्रभारी गनीवां अनिल कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

देवशरण के परिवार में पुत्र चंद्रेश व तीन पुत्रियां हैं, जो शादीशुदा हैं। पत्नी की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। परिजनों ने लू लगने से मौत की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सतह पर भाजपा की अंतर्कलह, मजा ले रहे विपक्षी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● नेतृत्व को करना होगा हस्तक्षेप कहीं बिगड़ न जाए बात



**अमृत विचार।** जिले की राजनीति पर नजर रखने वाले लोग अब इस बात से तो कतई इंकार कर ही नहीं सकते कि भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई में अंतर्कलह सतह पर आ चुकी है। जिस तरह से पार्टी दो नहीं बल्कि कई धड़ों में बंटी नजर आ रही है और जिस तरह से जिले के बड़े नेताओं में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, उसका फायदा अब विपक्षी दल ले रहे हैं।

पहले जिले में सदर विधायकी और फिर सांसदी गंवाने के बाद भाजपाइयों से जहां संयत भाषा और संयमित व्यवहार की अपेक्षा की जा रही थी, वहीं पार्टी के बड़े नेताओं ने मर्यादाओं की सीमा तक लांघनी शुरू कर दी हैं। निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल ने जिस तरह से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भितरघात के आरोप लगाए, उसमें उनका पीठ में छुरा घोंपा और मेरी कश्ती तो वहां डूबी जहां पानी कम था, जैसे बयानों पर पार्टी के अन्य नेताओं और खासकर टिकट की रेस में शामिल नेताओं ने गंभीरता से लिया और इसके जवाब में बयानबाजी भी की। मानिकपुर के निवर्तमान विधायक आनंद शुक्ला ने तो खुलकर आरके खिलाफ जहर उगला और उनके फेसबुक अकाउंट पर यह कोई भी देख सकता है। उन्होंने वीडियो क्लिप के साथ लिखा है, जो जिस भाषा में बात करेगा उसे उसी भाषा में माकूल जवाब दिया जाएगा। आनंद हालांकि इस वीडियो में इस बात की भी कोशिश साफ करते हुए नजर आते हैं कि उनकी किसी बात से नेतृत्व नाराज न हो जाए। वह कहते हैं, यह आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की हार नहीं है, यह आदरणीय योगी जी की हार नहीं है, यह आरके पटेल और उनके बेटों के कुकर्मों की हार है... निवर्तमान सांसद आरके भी चुप नहीं बैठे और उन्होंने आरोप लगाया कि मेरी सीट पर भाजपा के पूर्व सांसद और पूर्व विधायकों ने जमकर विरोध किया। वो माफिया टाइप के लोग जो बालू का धंधा करने चित्रकूट आए, और यहां के नहीं थे। श्री आनंद शुक्ला जी को विधायक बनाकर भेजा। अब टिकट नहीं मिला तो लोगों को इकट्ठा किया और मुहिम चलाकर जाति के पक्ष में मतदान कराया। उधर, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूरे चुनाव के दौरान इस पर कायम रहे कि नेतृत्व ने बांदा-चित्रकूट से गलत प्रत्याशी उतारा। आरके की हार के बाद अब भैरों मुखर हैं। उनका कहना है कि कुछ नेताओं ने नेतृत्व को आरके के पक्ष में गुमराह किया।

### ...तो की जा रही है हार की समीक्षा

हालांकि पार्टी के अंदरखाने की मानें तो भगवान राम की कर्मभूमि में पहले विधायकी और फिर सांसदी में भाजपा की करारी हार को लेकर मंथन शुरू हो चुका है। बताया जाता है कि इस संबंध में संगठन के एक पदाधिकारी ने यहां पहुंचकर बड़े नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं का पक्ष भी जाना। ये नेता नाम छिपाते हुए बताते हैं कि जल्द ही प्रदेश स्तर के और पदाधिकारी यहां आ सकते हैं।

### कुछ लोगों पर गिर सकती है गाज

बताया जाता है कि सदर विधायकी और सांसदी में पराजय को लेकर राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व जिले के नेताओं से काफी नाराज है। अंदरखाने से मिली जानकारी के मुताबिक, नेतृत्व में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि पूरे चुनाव के दौरान उसको गलत रिपोर्ट दी गई और जिले में पार्टी की स्थिति को बढ़िया बताया गया। मानिकपुर और चित्रकूट विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के तीसरे नंबर पर रह जाने की बात भी नेतृत्व को खल रही है। ऐसे में आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि अगर कई नेताओं पर नेतृत्व की गाज गिर जाए।

## साहब ! हमारे गांव का सर्किल रेट बहुत कम, बढ़वाइए

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● रानीपुर खाकी के बाशिंदों ने लगाई गुहार

**अमृत विचार।** मौजा रानीपुर खाकी के बाशिंदों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बुंदेलखंड लिंक एक्सप्रेसवे के संबंध में सर्किल रेट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि अन्य गांवों के सापेक्ष उनके गांव के रेट बहुत कम हैं।

गांव के बाशिंदों ने जिलाधिकारी के नाम पत्र में कहा है कि रानीपुर खाकी मौजा से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे निकलना प्रस्तावित है। इसमें अन्य गांवों के सापेक्ष सर्किल रेट बहुत कम हैं। गांव निवासी ब्रजलाल सिंह, बद्री, देवराज, रामशंकर, भोली प्रजापति, चुन्नीलाल, जनार्दन सिंह, अनिल मौर्य, भूरा, रामसुहावन, मइयादीन आदि का कहना है कि पथरौड़ी में 33 लाख प्रति हेक्टेयर, शिवरामपुर में 40 लाख प्रति हेक्टेयर, भरथौल में 35 लाख, बिहार में 44 लाख, सीतापुर ग्रामीण में 66 लाख प्रति हेक्टेयर का सर्किल रेट तय किया गया है। जबकि रानीपुर खाकी में यह सिर्फ 17 लाख प्रति हेक्टेयर है। ग्रामीणों का यह भी तर्क है कि रानीपुर खाकी के दक्षिण से भरतकूप-खोही रोड है। पूरब में 500 मीटर की दूरी पर शिवरामपुर-खोही और उत्तर में एक किमी की दूरी से एनएच 35 है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सर्किट रेट बढ़वाने की गुहार की है। पत्र में रामप्रताप, भगवानदीन, इंद्र कुमार, गोविंद प्रसाद, राजबहादुर, राजेंद्र, बासदेव, रामप्रकाश, देवीदयाल, रामनरेश, अली हसन, साबित अली, रामबिहारी, अशोक, दुर्गा प्रसाद, केशव प्रसाद, केदारनाथ, रामहित, वीरेंद्र, राजबहादुर मौर्य, राजबहादुर आदि के हस्ताक्षर हैं।

## सार-संक्षेप



अस्पताल में मरीजों को फल बांटते कांग्रेसी। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**चित्रकूट।** कांग्रेसियों ने गुरुवार को सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसी जिला अस्पताल पहुंचे और मरीजों को फल, बिस्कुट दिए। कुशल ने कहा कि राहुल की नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा निकालने से पूरे देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बना। देश ने विपक्ष के कंधों पर नई जिम्मेदारी दी है। रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा गरीबों की मदद की है। इस मौके पर राकेश वर्मा, अनिल गुप्ता, शिवगुलाम वर्मा, महेंद्र सिंह, सलमान सिद्दीकी, महेंद्र कुमार निषाद, आशीष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पुलिस लाइंस में कराईं योग क्रियाएं

**चित्रकूट।** योग दिवस के अवसर पर हो रहे साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पुलिस लाइंस में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में योगाभ्यास कार्यक्रम किया गया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को योग के विभिन्न आसन कराए गए। सभी को 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम में निर्धारित ड्रेस कोड में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण मौजूद रहे।

### छह आरोपियों पर लगाया मिनी गुंडा एक्ट

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** एसओ रीता सिंह ने गुंडागर्दी करने के आरोप में गंगासागर पुत्र मैकू प्रजापति निवासी पहाड़ी, .रमेश पुत्र दिनेश कुमार निवासी लोहदा, हरिशंकर, दयाशंकर, उमाशंकर, शिवशंकर पुत्रगण जागेश्वर निवासीगण लोहदा के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की।

### पुलिसकर्मियों को नए कानूनों के संबंध में दिया प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में राघव प्रेक्षागार में नए कानूनों की जानकारी देने के लिए कार्यशाला हुई। तीन दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन किया गया। इसमें प्रभारी सीसीटीएनएस जयप्रकाश उपाध्याय, जिला कॉर्डिनेटर सीसीटीएनएस मनीष वर्मा ने पुलिसकर्मियों को एक जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धाराओं के सम्बन्ध में बताया।

### पेयजल आपूर्ति न होने से बढ़ी परेशानी

**चित्रकूट।** शंकर बाजार के वार्ड नंबर 14 दीनदयालनगर के बाशिंदों ने जलकल अभियंता को पत्र भेजकर पेयजलापूर्ति की समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराया है। मुहल्ले के अंकित साहू, इंद्रपाल सिंह, करुणाशंकर द्विवेदी, अंकिता साहू, राजा साहू, ब्रजगोपाल मिश्रा, चंद्रपाल पाल एडवोकेट, विनय पाल एडवोकेट आदि ने बताया कि वे सभी नल कनेक्शनधारक हैं और लगभग चार महीने से बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा झूठा आश्वासन दिया जाता है।

### मुख्य आरक्षी बने उपनिरीक्षक

**चित्रकूट।** एसपी अरुण कुमार सिंह एवं एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बुधवार को मुख्य आरक्षी पद से उप निरीक्षक बने बाबूलाल के कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, वाचक पारितोष दीक्षित, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल मौजूद रहे।

## पूजा करने से न मानने पर दंपति के साथ मारपीट

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट

● भरतकूप पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, एसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग



**अमृत विचार।** कर्वी तहसील अंतर्गत भैंसौधा निवासी राजेश ने एसपी को पत्र भेजकर गांव के एक व्यक्ति पर उसे और उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि इस संबंध में भरतकूप पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही।

राजेश ने बताया कि 22 मई को उसकी दिव्यांग पत्नी मीनू अपने घर के बाहर पूजा कर रही थी। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और पूजा करने से मना किया। जब पत्नी ने इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने पहले उन दोनों के साथ मारपीट की। उसका कहना है कि इस संबंध में भरतकूप थाने में तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोपी उसे आयेदिन धमकी देता है। इस संबंध में भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष के बीच मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## आयुष ग्राम में हुआ योगाभ्यास

**चित्रकूट।** आयुष ग्राम न्यास परिसर की साधना कुटी में बुधवार से तीन दिवसीय योग दिवस समारोह शुरू हुआ। शुभारंभ आचार्य डॉ. मदनगोपाल वाजपेयी, पूर्व उपाध्यक्ष भारतीय चिकित्सा परिषद् उ.प्र. शासन एवं आयुष ग्राम न्यास के संस्थापक एवं अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर आयुष ग्राम गुरुकुलम् के आचार्यों एवं विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण किया। आयुष ग्राम गुरुकुलम् के विद्यार्थी, आचार्य माता प्रसाद शुक्ल, डॉ. वेदप्रताप वाजपेयी, शालू, आशुतोष त्रिपाठी, शिवसागर सिंह, शालिगराम मिश्र, क्षितिज अग्रवाल, ब्रजकांत मिश्र, विनोद कुमार गर्ग, बाल्मीकि द्विवेदी, आलोक पाल आदि मौजूद रहे।



स्मार्टफोन वितरण करते सांसद नारायणदास अहिरवार। अमृत विचार

## टैबलेट व स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले

संवाददाता कालपी (जालौन )

**अमृत विचार।** लक्ष्मी देवी राजेंद्र सिंह यादव महाविद्यालय उसरगांव में टैबलेट स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सांसद नारायणदास अहिरवार ने कार्यक्रम में पहुंचकर दीप प्रज्वलित किया। जनप्रतिनिधियों सहित समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय में 57 छात्र छात्राओं को आज टेबलेट वितरित किए गए। शेष टैबलेट अगले राऊंड में वितरित किए जाएंगे। सांसद नारायणदास अहिरवार, रामपाल पूर्व मंत्री, वीरपाल सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष सपा, आनंद यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, चुन्ना हुसैन रिजवी सपा नेता आदि मौजूद रहे।

## संपत्ति पर कब्जे की नीयत से मारपीट का लगाया आरोप

**राठ।** जरिया थाना क्षेत्र के पचखुरा गांव के निवासी निसन्तान दंपति ने परिवार के ही दबंगों पर उनकी संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत से घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। पचखुरा निवासी मूरत सिंह पुत्र मंगल सिंह ने जरिया थाना सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उनकी कोई संतान नहीं है। जिस वजह से उसके परिवार के ही दबंग लोग उसकी चल अचल संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। बताया कि आज उसके परिवार के ही लगभग आधा दर्जन दबंग लोग उसके घर में घुस आए। और उसकी चल अचल संपत्ति को नाम करने का दबाव डालते हुए मारपीट की।

**मुआयना** | रामघाट पर यूपीपीसीएल के कार्यों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

# बेड़ी पुलिया चौराहे का भी होगा सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



रामघाट में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते डीएम अभिषेक आनंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बेड़ी पुलिया चौराहे के सुंदरीकरण के निर्देश दिए हैं। डीएम ने बीते दिन कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा बेड़ी पुलिया में गेट निर्माण, फूड प्लाजा के पास पार्किंग व्यवस्था, रामघाट पर प्रकाश व्यवस्था एवं निर्मोही अखाड़ा के पास निर्माणाधीन गेटों के निर्माण कार्य का जायजा लिया था।

बेड़ी पुलिया के द्वार के संबंध में डीएम को संस्था के सहायक अभियंता सुनील कुमार कनौजिया ने बताया कि पायलिंग व फुटिंग का काम पूरा हो चुका है। कालम का काम चल रहा है। इस पर डीएम ने चौराहे के सुंदरीकरण के काम को भी शुरू कराने के निर्देश दिए। कहा कि डिवाइडर की फेंसिंग करें एवं फुटपाथ भी बनाया जाए।

इस दौरान डीएम ने नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक नगर पालिका राहुल पांडेय को हिदायत दी कि नाली और सड़क निर्माण में यह ध्यान रखें कि बस्ती वालों को कोई समस्या न हो। उन्होंने गेट निर्माण तेजी से कराने, रामघाट आरती स्थल पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। डीएम ने मध्य प्रदेश सीमा की पुलिया के चौड़ीकरण काम को भी देखा और कहा कि दोनों ओर बैरीकेडिंग कराकर काम कराएं। एसडीएम को सरयू नाला का भी सीमांकन कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप खंड अधिकारी विद्युत अनिल कुमार, यूपीपीसीएल अवर अभियंता अमित कुमार यादव, कर्मचंद यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### अतिक्रमण को चिह्नित कराकर हटवाएं

डीएम ने पार्किंग स्थल के निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण को लेकर भी निर्देश दिए। एसडीएम सौरभ यादव से कहा कि बची जगहों पर अतिक्रमण को लेखपाल से चिह्नित कराकर तत्काल हटवाएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह को निर्देश दिए कि बिजली के खंभों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए।

## रोडवेज का सब डिपो न होने से नागरिक परेशान

**सरीला (हमीरपुर)।** कस्बा तहसील मुख्यालय होने के बाद भी यहां का आवागमन डग्गामार वाहनों के भरोसे है। लोगों की लगातार मांग के बाद भी सब डिपो की स्थापना नहीं हो सकी है। जिससे लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ता है। कस्बा आगमन के लिए कई मार्ग होने के बाद भी संसाधनों का अभाव है।सरीला राठ मार्ग, विवांर सरीला, उरई उरई वाया गोहांड, कालपी वाया जोल्हूपुर मोड़ से कानपुर आवागमन के मुख्य मार्ग हैं। संसाधन के नाम पर सिर्फ डग्गामार वाहन हैं। सरीला जलालपुर व सरीला चंडौत मार्ग पर कुछ निजी बसें आती हैं। जिससे यहां का व्यापार भी प्रभावित है। लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। निदान के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिलते हैं।

# तीन नए कानूनों को बताया जनविरोधी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



जिलाधिकारी राहुल पांडेय को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

● वकीलों ने प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार।** एक जुलाई से भारत सरकार द्वारा नए कानून लागू किए जा रहे हैं। इन कानूनों को अधिवक्ताओं ने जनविरोधी व अत्यन्त कठिन एवं जटिल बताया है। जिसमें आम जनता को न्याय सुलभ नहीं हो सकेगा। नए कानूनों के विरोध में बुधवार को वकीलों ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी राहुल पांडेय को सौंपा।

डिस्ट्रिक्ट बार संघ अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित के नेतृत्व में बुधवार को वकीलों ने जजी परिसर से लेकर कलेक्ट्रेट तक सरकार के तीन नए कानूनों के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। कहा भारत सरकार द्वारा एक जुलाई से नए क़ानून लागू किए जा रहे हैं। भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व साक्ष्य विधि के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम जन विरोधी व अत्यन्त कठिन एवं जटिल है। जिसमें आम जनता को न्याय सुलभ नहीं हो सकेगा। संविधान के तहत प्राप्त जनता के मौलिक अधिकारों का हनन होगा तथा जनता को न्याय मिलने में भारी दिक्कत होंगी। लिहाजा पुनर्विचार करते हुए इसके मिटाए गए स्वरूपों को व्यवस्थित कर लागू किया जाने की वकीलों ने मांग की है। प्रदर्शनकारियों में कमलेश कुमार धुरिया, अमरजीत शुक्ला, स्वदेश सचान, गीता निषाद, सागर मिश्रा, सचेन्द्र सिंह, नितेश सैनी, दीपक चक्रवर्ती शामिल रहे।

# बगैर लाइसेंस के चल रहे हैं आरओ मिनरल वाटर प्लांट

## भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन कर संचालक हो रहे मालामाल

संवाददाता, अतर्रा

- मानकों को दरकिनार कर की जा रही पानी की आपूर्ति
- कई बार प्लांट की जांच करने की उठाई जा चुकी है मांग

**अमृत विचार।** आरओ मिनरल प्लांट का पानी भले कुछ देर के लिए गले को ठंडक पहुंचाने का काम कर रहा हो, लेकिन यह सेहत के लिए कितना लाभदायक है इसके बारे में कोई बताने वाला नहीं है। क्षेत्र में बगैर लाइसेंस धड़ल्ले से संचालित आरओ प्लांट की शायद ही कभी जांच होती हो। मानकों को दरकिनार कर आपूर्ति किए जा रहे पानी को पीकर आमजन की सेहत बिगड़ रही है। इसके अलावा संचालक भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन कर जमकर चांदी काट रहे हैं।

नियम को ताक पर रखकर कस्बे में लाइसेंस बगैर धड़ल्लेसे आरओ मिनरल वाटर वाटर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। बिना नाम, पता लिखे हजारों लीटर पानी की आपूर्ति प्रतिदिन की जा रही है। जानकारी के अनुसार कस्बा क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा आरओ प्लांट अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। जिम्मेदार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग अधिकारी इस ओर ध्यान ही नहीं देते हैं। सरकारी गाइडलाइन के अनुसार प्लांट संचालकों को निजी बोर कराने के साथ, लघु सिंचाई विभाग व स्वास्थ्य विभाग से समय पर अपने प्लांट की जांच करानी होती है।




गाड़ी में लदे पानी के डिब्बे। अमृत विचार

गर्मी बढ़ने पर बर्फ मिलाकर पानी को ठंडा कर बेचने का काम धड़ल्ले से शुरू है। कई बार लोगों द्वारा आरओ प्लांटों की जांच करने की मांग उठाई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होकर विभागीय अधिकारी जांच के नाम पर औपचारिकताएं पूरी कर जिम्मेदारी से इतिश्री कर ले रहे हैं। समाजसेवी राकेश गौतम, छात्र नेता मोहित गुप्ता, सचिन तिवारी, अभिषेक गुप्ता ने बताया कि प्लाटं संचालक लोगों की जान से खिलवाड़ हैं। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से प्लांटों में छापा मार कर कार्रवाई की मांग की है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता। अमृत विचार

# राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बबेरू

- एसडीएम ने समस्याओं के निस्तारण का दिया भरोसा

**अमृत विचार।** व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग लेकर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन पदाधिकारियों ने एसडीएम को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग की। उन्होंने मांगों को जल्द पूरा कराने का भरोसा दिलाया।

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन तहसील अध्यक्ष राजेश साहू और नगर अध्यक्ष सुधीर अग्रहरि के नेतृत्व में बुधवार को पदाधिकारियों व व्यापारियों ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी नमन मेहता को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि कस्बे में नो इट्री के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया जाए। निर्धारित समय के बाद ही भारी वाहनों को कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकलने दिया जाए। मुख्य चौराहे में लगे विद्युत पोल सड़क के किनारे करवाए जाएं। पोल हटाने से चैराहा चैड़ा हो जाएगा और जाम व अतिक्रमण की समस्या से भी निजात मिलेगी। कस्बे में संचालित ई-रिक्शा का पंजीयन अनिवार्य रूप से करते हुए नाबालिगों को चलाने पर सख्ती से रोक लगाई जाए। मुख्य चैराहे से बस और टेंपो स्टैंडों को एक निश्चित स्थान पर स्थापित किया जाए। कस्बे व ग्रामीण में पानी की गंभीर समस्या है। लीकेज पाइपलाइन को ठीक कराया जाए। एसडीएम ने सभी मांगों के जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला प्रभारी श्रीराम गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, अरविंद कसौंधन, कामता प्रसाद सोनी, प्रकाश गुप्ता, सुमित गुप्ता, भालेंद्र गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, सुधीर रहे।

# चार बंदियों को दी गई विधिक सहायता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश डा.बब्बू सारंग के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व अपर जिला जज ने मंडल कारागार का निरीक्षण करते हुए बंदियों को स्वास्थ्य, उपचार आदि के साथ निरूशुल्क अधिवक्ता प्रदान करने आदि की जानकारी दी। कारागार में निरुद्ध चार बंदियों को मुफ्त विधिक सहायता के लिए अधिवक्ता प्रदान किए।

जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज श्रीपाल सिंह बुधवार की सुबह 11 बजे जनपद कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम बैरक नंबर 9ए, 9बी का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने उपस्थित बंदियों से निरूशुल्क अधिवक्ता प्रदान किए जाने तथा विधिक सहायता के लिए जानकारी ली। जिस पर तीन बंदियों को निरूशुल्क अधिवक्ता प्रदान



मंडल कारागार का निरीक्षण करते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

- सचिव व अपर जिला जज ने बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से ली जानकारी

कर विधिक सहायता दी गई। वहीं एक अन्य बंदी को उच्च न्यायालय इलाहाबाद जेल में अपील करने के लिए विधिक सहायता प्रदान की गई। अपर जिला जज ने कारागार में पाकशाला एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। भेजन की गुणवत्ता को भी परखा। पाया कि पूर्व में दिए गए आदेश के तहत पाकशाला में गर्म वायु की निकासी के लिए चिमनी की मरम्मत का कार्य पूरा करा लिया गया है। कारागार अस्पताल में भर्ती बंदियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जेलर मनीष कुमार ने बताया गया कि दो बंदी एसजीपीजीआई लखनऊ से इलाज कराकर वापस आ गए हैं। जेलर मनीष कुमार, महेन्द्र सिंह उपजेलर एवं राशिद अहमद डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे।

## भाई को गोली मारने का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**बांदा।** पुलिस ने भाई को जान से मारने की नियत से तमंचा से फायर करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद किया। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। खाईंपार निवासी लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा पर जमीन जोतने बोने के विवाद को लेकर उनके भाई शिवकुमार मिश्रा ने मंगलवार को घर में घुसकर तमंचे से फायर कर दिया। घटना में लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा बाल-बाल बचे। बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाली उप निरीक्षक दानबहादुर पाल व हेड कांस्टेबिल लक्ष्मीकांत ने गिरवां महुआ गांव के शिवकुमार मिश्रा को शहर के खूंटी चैराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने पांच-पांच हजार के तीन इनामी आरोपियों को धर दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे थे तीनों आरोपी

**अमृत विचार।** दहेज हत्या में फरार चल रहे तीन आरोपियों को तिंदवारी थाना पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। फरार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने अदालत में पेश करने के बाद तीनों को जेल भेज दिया।

एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर विभिन्न मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तिंदवारी थानाध्यक्ष राधाकृष्ण तिवारी, कांस्टेबिल मोहित शिवहरे, महिला कांस्टेबिल संतोषी लोधी ने बुधवार को तिंदवारी-बबेरू रोड स्थित सिंहपुर-टोलिया गांव मोड़ के पास से टोलिया गांव निवासी चुन्नू यादव पुत्र रामबहादुर, उसकी पत्नी चुनबादी और पुत्र रामचंद्र पुत्र चुन्नू यादव को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिसंडा थाना क्षेत्र के चंद्रायल गांव निवासी सोनू यादव पुत्र राजकरन ने 30 मई को दी तहरीर में कहा था कि उसने बहन की शादी 10 मई 2023 को थाना क्षेत्र के टोलिया डेरा निवासी रामचंद्र पुत्र चुन्नू यादव से की थी। शादी के बाद बहन को ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने मिलकर पिछले माह 27 मई को बहन की हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत ससुर और सास के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी।

## करंट की चपेट में आने से गोवंश की मौत

**बांदा।** किलेदार का पुरवा निवासी शंकर वर्मा की गाय बुधवार को करंट की चपेट में आ गई। लोगों ने बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई। इससे पहले ही गोवंश की मौत हो गई।

## जिला सैनिक कल्याण बंधु की बैठक आज

**बांदा।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास बंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में होगी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कैप्टन आईएन अजय कुमार कंवर ने बताया कि बैठक में भूतपूर्व सैनिकों उनकी विधवाओं व सेवारत सैनिकों की समस्याओं के संबंध में विचार कर निराकरण पर चर्चा होगी।

# अभिभावकों ने किया योगाभ्यास

संवाददाता, बबेरू

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को लेकर चैतरफा तैयारियां तेज हो गई हैं। शासन-प्रशासन से लेकर स्कूल कालेजों में योगाभ्यास का प्रशिक्षण तेज हो गया। इसी कड़ी में तहसील क्षेत्र के अरथरा गांव स्थित राजकुमार सिंह महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों ने प्राणायाम और योगासन का पूर्वाभ्यास किया।

योग दिवस मनाने को लेकर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सरकारी, निजी और स्वयंसेवी संस्थाओं को योग प्रशिक्षण आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के अरथरा गांव स्थित राजकुमार सिंह महाविद्यालय में बुधवार को योग प्रशिक्षण



योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें योग प्रशिक्षक संजय सिह ने छात्र-छात्राओं और अभिवावक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को योग सिखाते हुए निरोग रहने का संकल्प दिलाया। कहा कि योग अमूल्य उपहार है। योग से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। समापन पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी से भागीदारी बनने का आह्वान किया। इस दौरान प्राचार्य रामनिहोर समेत संजय सिह, पंकज, दीपक, रत्नेश मिश्रा, लाखन, अरुण, बृजेंद, स्वतंत्र पटेल, अभिषेक गुप्ता, संदीप कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम के आदेश पर भी नहीं हो रही कार्रवाई

**बांदा।** न्यायालय परगना अधिकारी नरैनी के आदेश पर भी थाना गिरवां पुलिस किसान की भूमिधरी जमीन में जबरन अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है, नतीजतन हमलावर आरोपी पीड़ित परिवार को जान से मारने व गांव छोड़ देने की धमकियां दे रहे हैं। गिरवां थानांतर्गत ग्राम चटसरा निवासी चुनबाद पुत्र रामदयाल प्रजापति ने आरोप लगाया है कि उसकी भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 204 में प्रीतम पुत्र रामलाल दीवार व पिलर बनाकर जबरन कब्जा कर रहा है। मना करने पर उसने राजेश चुनबादा आशाराम धर्मी देवकुमार लवलेश राममूरत आदि हथियार बन्द लोगों के साथ घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। मुकामी पुलिस ने 112 नम्बर पर सूचना देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं किया। पीड़ित चुनबाद ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि विपक्षी लोग मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय व जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### कल आईटीआई में होगा साक्षात्कार

**बांदा।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया है कि कल 21 जून को आईटीआई परिसर में प्लेसमेंट के लिए प्रातः 10 :00 बजे कई कंपनियां आ रहीं हैं। जिसमें लगभग 200 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने कहा इसमें जनपद के समस्त राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 10वीं, 12वीं, एवं आई0टी0आई0 (इंजी0 व्यवसाय) उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हों। आईटीआई परिसर में Infinite Industrial Solotions Pvt. Ltd. Delhi द्वारा Furukawa Minda Electric Pvt. Ltd. Rewari, Haryana Elcon Bansu Wiring System Pvt. Ltd. Bhiwadi Rajasthan की कंपनी शामिल होंगी। 18 से 26 आयु वर्ग के प्रतिभागी प्लेसमेंट में प्रतिभाग कर साक्षात्कार में शामिल हो सकते है। प्लेसमेंट की प्रक्रियाँ कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुये सम्पन्न होगी।

## प्लॉट के खरीदार पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट

**अतर्रा।** प्लॉट बैनामा के समय शेष रह गई धनराशि भुगतान में आनाकानी करना खरीददार को महंगा पड़ गया। प्लॉट विक्रेता की तहरीर पर पुलिस ने खरीदार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना क्षेत्र के अतर्रा ग्रामीण के मजरा बहादुर पुरवा निवासी कल्लू यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उससे अतर्रा के भागवत नगर निवासी सुमन ने एक प्लॉट 4 लाख रुपए में खरीदा था। बैनामा के समय उसके पति मूलचंद यादव ने 1.20 लाख रुपए उसे दिया था। कुछ समय बाद उसने उसको दो किश्तों में फिर 1.20 लाख रुपये रुपए दिए। लेकिन अब वह शेष रकम नहीं दे रहा है। उसकी नियत साफ नजर नहीं आ रही है। पुलिस ने प्लॉट विक्रेता की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# योग करें और तनाव मुक्त जीवन का आनंद लें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- निरंकारी सत्संग भवन में 21 को लगेगा योग शिविर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को संत निरंकारी मिशन द्वारा अलीगंज स्थित सत्संग भवन में सुबह 6 से 7 बजे तक योग प्रशिक्षक के निर्देशन में योग का वृहद शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें लोगों को योग की क्रियाएं कराई जाएगी।

संत निरंकारी मंत्री के समाज कल्याण प्रभारी जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रंखला में इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को वृहद रूप में योग शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस क विषय संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए योग निश्चित किया गया है जो कि निःसंदेह वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने बताया कि योग भारत की प्राचीन पद्धति है, जिसके द्वारा आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित किया जाता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जिया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सद्गुरू माता सुदीक्षाजी महाराज ने भी अपने विचारों में स्वस्थ्य मन, सहज जीवन अपनाने का मार्ग दर्शन किया है। यह जानकारी मीडिया सहायक ओमप्रकाश कश्यप ने दी।

# कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- संकट मोचन मंदिर में गरीबों को बांटे फल व बिस्कुट
- युवा कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल में किया पौधरोपण

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन से कांग्रेसियों में जोश आ गया है। अलग-अलग आयोजनों के बीच कांग्रेसियों ने बुधवार को पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी का 54 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। संकट मोचन मंदिर में गरीबों और असहायों को फल व बिस्कुट वितरित किए तो जिला अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया।

जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू और शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट के नजदीक स्थित संकट मोचन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना करते हुए राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की। मंदिर के बाहर गरीबों व असहायों को फल व बिस्कुट वितरित किए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश और



फल वितरित करते कांग्रेसी। अमृत विचार

प्रदेश की जनता ने केंद्र की अहंकारी सरकार का घमंड चूर-चूर कर दिया। राहुल गांधी ही एकमात्र नेता हैं, जो देश में फैलाई जा रही नफरत की राजनीति को प्रेम व भाईचारे में परिवर्तित कर सकते हैं। इस मौके पर बी.लाल, सत्य प्रकाश द्विवेदी, राजेश गुप्ता पप्पू, आकाश दीक्षित, अशोक वर्धन कर्ण, डा.केपी सेन, शिवाकांत मिश्रा, रेनू शर्मा, नाथूराम सेन, लाला मंसूरी, सुकदेव गांधी समेत तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

उधर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद का 54वां जन्मदिन जोश से मनाया गया। जिला अस्पताल परिसर में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण करते हुए संरक्षित करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह महात्मा गांधी ने भारत को आजाद कराने की जिम्मेदारी ली थी, उसी तरह सांसद राहुल गांधी ने भारत को एक करने का संकल्प लिया है। इस मौके पर भारतीय संविधान रक्षा का संकल्प लेते हुए संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां आम लोगों में वितरित कीं। कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। इस मौके पर राममिलन सिंह पटेल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, शोएब रिजवी, ज्योति बाला सिंह, पंकज कुमार, राजन सिंह, शिवम त्रिपाठी, असद अल्वी आदि उपस्थित रहे।

### दलित बस्तियों में संविधान की रक्षा का दिलाया संकल्प

- कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी के जन्म दिवस पर कांग्रेसियों ने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सूरज बाजपेई के नेतृत्व में सोनकर बस्ती में पहुंचकर जहां संविधान के प्रस्तावना की कापी बांटकर लोगों को संविधान की सुरक्षा का संकल्प दिलाया। कांग्रेस उपाध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी संविधान बचाने की लड़ाई पूरे देश में लड़ रहे हैं। सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी के लोग संविधान से मिले अधिकारों को हड़पने का कुचक्र रच रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र कोरी ने कहा कि राहुल गांधी आज देश में जननायक के रूप में उभरे हैं और शोषित वंचित दलित सभी की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस नेता बद्री गुप्ता, आशीष गुप्ता, मोहम्मद नसीम, मुन्ना गुप्ता, माता बदल सोनकर, भानु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

**जानकारी** एनडीआरएफ ने 67 बाढ़ प्रभावित गांवों के लेखपालों व सचिवों को दिया प्रशिक्षण

# मॉकड्रिल के जरिए सिखाए बाढ़ से बचाव के तरीके

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के निर्देश पर एनडीआरएफ टीम ने माकड्रिल के जरिए जनपद के सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित 67 गांवों के लेखपालों, ग्राम विकास अधिकारियों, आशाओं एवं अन्य कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों को बाढ़ से बचाव का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान आपाताकालीन सेवा के लिए मोबाइल एप की जानकारी देकर मदद लेने की नसीहत दी।

एनडीआरएफ टीम ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में लेखपालों, ग्राम विकास



मॉकड्रिल का प्रदर्शन करते एनडीआरएफ के जवान। अमृत विचार

अधिकारियों व आशा समेत अन्य कर्मियों को बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से होने वाली आकस्मिक स्थिति में बचाव के विभिन्न उपायों एवं प्राथमिक उपचार के तरीको तथा बाढ में डूबते हुए लोगों को

- आपातकालीन मोबाइल एप की भी दी गई जानकारी
- हार्ट अटैक होने पर सीपीआर देने के तरीके बताए

बचाने के लिए सुरक्षित उपायों के बारे में विस्तार से रिहर्सल करते हुए प्रशिक्षण दिया।

एनडीआरएफ टीम ने जीवन रक्षा करना प्रदर्शित करते हुए लोगों को प्रेरित किया कि किस प्रकार से और किन-किन तरीकों से बाढ़ की विषम परिस्थितियों में छोटे-छोटे उपायों के माध्यम से और उन्हें प्रयोग में लाकर जीवन को बचाया जा सकता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने सर्प दंश और सिर पर चोट से बचने के प्राथमिक उपचार करने तथा आंख में चोट लगने पर प्रभावित व्यक्ति की जान बचाने के उपायों के बारे में भी सभी को प्रशिक्षण दिया। टीम सदस्यों ने अग्निशमन होने, भवन गिरने तथा भूकंप के समय किस प्रकार से लोगों को बचने के लिए उपाय करने चाहिए इस बारे में भी जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ आकाशीय बिजली गिरने से बचने, हार्ट अटैक होने पर सीपीआर देकर लोगों की जान बचाने के साथ सचेत एप और दामिनी एप के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सहित तहसीलदार सदर एवं लेखपाल सहित राजस्व ग्रामों के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेकाबू ट्रक मकान में घुसा, चालक घायल

**बबेरू।** तेज रफ्तार ट्रक कस्बे से प्रयागराज जाते समय बुधवार को सुबह कोतवाली क्षेत्र बेरांव गांव के पास सड़क के किनारे अनियंत्रित होकर मकान से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मकान भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद महोबा जिले के मवई खुर्द गांव निवासी चालक आनंद कुमार ट्रक में बुरी तरह से फंस गया। आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रक पर फंसे चालक को बाहर निकाला। एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में चालक का पैर बुरी तरह से फ्रैक्चर हुआ है।

# नए कानूनों के खिलाफ वकील करेंगे क्रमिक अनशन, धरना

**बांदा।** तीन नए परिवर्तित कानूनों को आगामी एक जुलाई से लागू किए जाने के विरोध में अधिवक्ता संघ द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को गति देने के लिए 20 जून दिन गुरूवार को मंडल के चारों जनपदों के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व महासचिव समेत अनेक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें आंदोलन तेज करने को शंखनाद किया जाएगा।

जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव रामप्रकाश शिवहरे राजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि तीन नए परिवर्तित कानूनों के संबंध में अधिवक्ता संघ द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को और धार देने के लिए चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा जनपदों के जिला बार अध्यक्ष, महासचिव के साथ गुरूवार को बैठक कर आंदोलन की रणनीति तय करने के साथ संघर्ष की मुहिम का शंखनाद किया जाएगा। बैठक में जिला बार के पूर्व अध्यक्ष एजाज अहमद, चंद्रशेखर तिवारी, भूपति बाबू यादव, राममिलन पटेल, हेमलता, राजेंद्र प्रसाद, बल्देव प्रसाद, रामप्रताप कुशवाहा, जयकरन श्रीवास्तव, संजय सिंह गौतम आदि गुरूवार की सुबह 9 बजे से क्रमिक अनशन पर बैठकर धरन देंगे और अपना विरोध व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मांग उठाई जाएगी कि तीनों विसंगत कानूनों को एक जुलाई से लागू न किया जाए। इसके लिए जन जागरण भी किया जाएगा। गुरूवार को विरोध प्रदर्शन के तहत सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से भी विरत रहेंगे।

# आंधी से गिरे पेड़, कानपुर-सागर हाईवे पर लगा चार घंटे जाम

## सूचना देने पर भी नहीं पहुंची पुलिस, वन विभाग जुटा रहा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** मंगलवार की देर शाम को आंधी के चलते जिले भर में जगह-जगह पेड़ टूटकर सड़कों पर गिरने से आवागमन बाधित रहा। वन विभाग की टीम रात में पेड़ काटकर हटाने में जुटी रही। सड़क पर पड़े पेड़ों को एक तरफ करके कई मार्गों को साफ कर दिया गया, लेकिन कानपुर-सागर हाईवे पर बरीपुरा और अलीपुरा के पास जाम लगा रहा। यहां सैकड़ों की संख्या में गिट्टी लदे और खाली ट्रकों के साथ अन्य वाहन पहले निकलने के चक्कर में इधर उधर घुस गए। बाद में बीच में फंस जाने से जाम लग गया। रात दस बजे तक हाईवे पर जाम लगा रहने से आवागमन चार घंटे तक प्रभावित रहा। सूचना के बाद भी कोतवाली पुलिस के न पहुंचने से जाम में फंसे यात्रियों और वाहन चालकों को घंटों जूझना पड़ा।

मंगलवार की शाम छह बजे तेज आंधी की चपेट में आने से जिले के कई मार्गों पर इक्का दुक्का पेड़ गिर गए, जबकि कानपुर सागर हाईवे में


जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

किड़ारी फाटक से लेकर अलीपुरा तक तमाम पेड़ टूटकर हाईवे पर डले रहे। सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने हाईवे बहाल करने के लिए सड़कों पर पड़े पेड़ों की कटान शुरू की, लेकिन पत्थर मंडी कबरई डहर्रा में सैकड़ों की संख्या में आने जाने वाले ट्रक, डंपर पेड़ न हटाए जाने के कारण हाईवे पर दोनों तरफ खड़े हो गए। पेड़ कटने के बाद जैसे ही मार्ग बहाल हुआ कि कुछ वाहन जल्दबाजी के चक्कर में ट्रकों के बीच से निकलने लगे। उधर सामने पहले से ही खड़े सैकड़ों वाहनों के बीच में जाकर फंस गए, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई। इसी बीच चार पहिया वाहन चालक साइड में पतली जगह देखकर निकलने के चक्कर में वह भी जाम में फंस गए।

कानपुर सागर हाईवे में करीब पांच किमी लंबे जाम में फंसे लोग बुरी तरह परेशान हो गए। कुछ वृद्ध लोग लम्बा जाम देखकर घंटो न खुलने से घबराने लगे। कुछ लोगों ने उन्हे जाम खुलने की बात कहकर सांत्वना दी, लेकिन घंटो जाम लगा रहने के बाद भी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाने की जहमत तक नहीं उठाई, जिससे जाम में फंसे लोगों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। सड़क पर कई लाइनों में वाहनों के खड़े होने के कारण निकलने के लिए जगह नहीं बची।, बाइक चालक भी खासे परेशान रहे।

### खंभे-तार टूटने से रात भर ठप रही कई गांवों की बिजली

पेड़ टूटने से कई बिजली के खंभे और तार टूटने से मंगलवार को पूरी रात बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली न आने से पूरी रात ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। बिजली न आने से लोगों का बुरा हाल रहा। पंखे कूलर न चलने के कारण छोटे छोटे बच्चे रात भर गर्मी से बिलबिलाते रहे। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा रात भर रिमझिम पानी के बीच बिजली लाइन दुरुस्त करने मे जुटे रहे, लेकिन खम्भे और तार टूटने के कारण रात भर काम करने के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, जिससे ग्राम कालीपहाड़ी, रिवई, सुनैचा, मकरबई, उटियां, जुझार, गंज, मकरबई सहित तमाम गांवों के ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# तहसीलों में 13 को आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**महोबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 13 जुलाई को जिले की प्रत्येक तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समस्त वादों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधीकरण महोबा के सचिव तेन्द्र पाल ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत मे समस्त शमनीय आपराधिक वाद, परक्राम्य लिखत की धारा-138 के वाद, वाहन दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक, श्रम, भूमि अधिग्रहण, दीवानी, बैंक वसूली, किरायेदारी, राजस्व, वन अधिनियम, दीवानी, आपराधिक मामले, वेट एण्ड मेजरमेंट एक्ट के चालानी, नगर पालिका चालानी, पुलिस एक्ट के चालानी, विद्युत, शहरी विकास अधिनियम, सिनेमेटोग्राफी एक्ट व आबकारी अधिनियम के चालानी वादों सहित अन्य वादों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने वादकारियों से 13 जुलाई को सुबह दस बजे से अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराकर इस अवसर का लाभ प्राप्त करने की बात कही।

# नियमित योग से निरोगी होती काया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के मौके पर प्रतिदिन लोगों को अलग अलग स्थानो पर योगाभ्यास कराया जा रहा है। बुधवार को कार्यक्रम के पांचवे दिन सरस्वती विद्या मंदिर और कीरत सागर तट पर योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता ने लोगों को योगाभ्यास कराया। आज कल योगाभ्यास के लिए सुबह पांच बजे से ही लोगों की योग शिविर में भारी भीड़ जुट रही है। लोगों में योग के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। पुरुषों के अलावा महिलाएं भी सुबह से योग करने के लिए पहुंच रही हैं।

योग प्रशिक्षक ने योगा का प्रशिक्षण दिया, प्रशिक्षण के बाद उपस्थित लोगों को योग के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं ने पाया है कि योग के नियमित अभ्यास से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं, जिसमें ह्रदय संबंधी स्वास्थ्य में वृद्धि, मांसपेशियों की ताकत में सुधार और रक्तचाप का सामान्य होना शामिल है। योग तनाव के लिए एक प्रसिद्ध मारक है और बेहतर नींद पैटर्न को बढ़ावा देता है। कहा कि योग करने का सबसे अच्छा समय सुबह 4 से 7 बजे का होता है, ऐसा न कर पाने पर सूर्यास्त के बाद भी कर सकते हैं। अगर इसके अलावा कर रहे हैं तो खाना खाने के 4 घंटे बाद ही करें।


कीरत सागर में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार


योगाभ्यास कराते प्रशिक्षक। अमृत विचार

● सरस्वती विद्या मंदिर और कीरत सागर में सिखाया गया योग

योग करने के लिए हमेशा ऐसे कपड़े पहनें जिसमें आप कंफर्टेबल हों और थोड़े ढीले होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी योगासन से लाभ होता है, लेकिन शवासन योग सरल और आसान है। इस आसान में हम कुछ समय अवधि के लिए बिना कुछ सोचे बिलकुल शांत रहते हुए लेट जाते हैं। इससे हमें ताजगी मिलती है। स्ट्रेस कम होता है और मन शांत होता है। कहा कि योग की गलत मुद्राएं तीव्र दर्द और दीर्घकालिक समस्याओं का कारण बन सकती हैं। योग व्यायाम का एक बेहतरीन रूप है और इसके लचीलेपन और ताकत में सुधार, तथा तनाव और चिंता को कम करने जैसे लाभ हैं। इस मौके पर तमाम डाक्टर व समाजसेवी मौजूद रहे।

# बाइक से जा रहे मां-बेटे को पीटा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ अंतर्गत ग्राम सतारी में दबंगों ने बाइक से जा रहे मां-बेटे को रास्ते में रोककर मारपीट की। उन्होंने पूर्व में उनके खिलाफ की गई रिपोर्ट को वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता दबंगों के खौफ के चलते गांव से बाहर लेने को मजबूर है। पीड़िता ने साहस दिखाते हुए कोतवाली पुलिस से मारपीट किए जाने की शिकायती पत्र दिया, लेकिन दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई न किए जाने पर बुधवार को पीडिता परिवार सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम सतारी निवासी विमला पत्नी आदी अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि


एसपी कार्यालय के बाहर बेटे के साथ बैठी पीड़िता। अमृत विचार

बीती 13 जून को अपने पुत्र अजय के साथ गांव से चरखारी बाजार करने के लिए जा रही थी, तभी लौटते समय गांव के आधा दर्जन दबंग चार पहिया वाहन से पीछा करने लगे और बाइक में टक्कर मार दी, गिरते ही वह पुत्र पर गाड़ी चढ़ाने लगे, लेकिन सड़क किनारे बने गड्ढे में कूदकर मां-बेटे भागने लगे, लेकिन दबंगों ने उन्हें पकड़ लिया मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही पूर्व में उनके खिलाफ कोतवाली कुलपहाड़ में लिखाई गई रिपोर्ट को

● पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

वापस लेकर राजीनामा कराए जाने का दबाव मनाया, लेकिन उन्होंने राजीनामा करने से मना किया तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए।

पीड़िता ने बताया कि पूर्व में दबंगों ने उसके से मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आएदिन उन्हें परेशान किया जा रहा है साथ ही गाली गलौज का गांव में न रहने देने की धमकी दी जा रही है। इसी के चलते उनका परिवार गांव में न रहकर दूसरे स्थान पर रह रहे हैं। बताया कि कोतवाली पुलिस से इस बावत शिकायती पत्र दिया था। पुलिस के कार्रवाई न किए जाने पर वह बेटे सहित एसपी की चौखट पर पहुंच गई और शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को पकड़ा

**महोबा।** श्रीनगर पुलिस ने दो वांछित तथा चरखारी पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के चलते अराजकतत्वों व वांछित अभियुक्तों में हड़कम्प मचा हुआ है।

प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर शिवपाल सिंह द्वारा गठित टीम ने अभियुक्त मनीष यादव (23) निवासी मोहल्ला रोहनियापुरा पनवाड़ी व विशाल यादव (21) पुत्र अमरदान निवासी थाना डकोर जिला जालौन को ग्राम पवा श्रीनगर रोड से गिफ्तार किया है। उधर थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के तहत वांछित अभियुक्त सुमित करौशिया पुत्र रीतेश निवासी मोहल्ला नजरबाग चरखारी को रामनगर इलाके से गिरफ्तार किया गया।

# नाला सफाई की प्रगति धीमी होने पर ईओ खफा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जलभराव की समस्याओं से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए बारिश से पहले नगर में चलाए जा रहे नाला सफाई अभियान चल रहा है। इस दौरान नालों की सफाई सतह तक न किए जाने और सफाई कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर अधिशासी अधिकारी ने प्रभारी सफाई निरीक्षक को जमकर फटकार लगाई। साथ ही नालों की जमीन से कचरा साफ कराने के भी निर्देश दिए।

शासन के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान चरखारी बाईपास स्थित एसआर पेट्रोल पंप के समीप नालो की सफाई के गति काफी धीमी पाए जाने पर ईओ


नाला सफाई के दौरान निर्देश देते ईओ अवधेश कुमार। अमृत विचार

आग बबूला हो गए। उन्होंने तेजी से नाला सफाई कार्य किए जाने के सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी, यदि कोई भी सफाई नायक और कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरते जाने पर उसके खिलाफ सख्य कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने बारिश से पहले नाला सफाई का कार्य पूर्ण किए जाने को लेकर सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाए जाने के सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए। उन्होंने नगर के सभी वार्डों में सुबह के समय सफाई कर्मचारियों को

● शासन ने 30 हजार पौधे लगाने का दिया लक्ष्य

उनके हलके में लगाए जाने के भी निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को 30 हजार पौधरोपण कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर पालिका महोबा, चरखारी को 15 हजार तथा नगर पंचायत कुलपहाड़, कबरई एवं खरेला को 5-5 हजार रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए केंद्रीय विद्यालय के समीप स्थलीय निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियां बृहद स्थल पर की जा रही हैं। इस दौरान प्रभारी लेखाधिकारी अरुण शुक्ला, राजेश त्रिपाठी आदि रहे।

# उमस भरी गर्मी ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पिछले एक माह से पड़ रही गर्मी और गर्म हवाओं के चलते लोगों का जीना मुश्किल था। वहीं मंगलवार की शाम को हुई तेज बारिश के बाद मौसम खुशगवार हो गया। बुधवार को अधिकतम तापमान घटकर 41 डिग्री सेल्सियस आ गया। बारिश के बाद गर्म हवाएं भी रुक गई, लेकिन बुधवार को उमस भरी गर्मी से लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी। उमस भरी गर्मी ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली न आने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। असमान में बदल छाए रहने और लू न चलने से बाजार और सड़कों पर तो बढ़

● शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का संकट रहा

गई, लेकिन उमस भरी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है।

मंगलवार को हुई बारिश के बाद शाम को मौसम सुहावना रहा, लेकिन बुधवार को सुबह से ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। वहीं दूसरी तरफ घंटो बिजली न आने से लोगों को उमस भरी गर्मी से जुझना पड़ा। दुकानों और घरो के इंवर्टर न चलने से महिला, पुरुष और दुकानदार पसीना बहाते देखे गए। दोपहर के समय उमस भरी गर्मी के तेवर बढ़ जाने से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# क्रशर प्लांट में दीवार ढही, तीन मजदूर घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मौसम की बारिश की चपेट में आने से पीएनसी क्रशर प्लांट की दीवार धराशायी हो जाने से दीवार के पास काम रहे तीन मजदूर मलबे में दबकर बुरी तरह घायल हो गए। जिससे क्रशर प्लाट में अफरातफरी मच गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोग दौड़ पड़े और आननफानन घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डाक्टरों ने घायल का उपचार किया, लेकिन एक मजदूर की हालत नाजुक होने के कारण उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया।

यह घटना कबरई क्षेत्र के पीएनसी क्रशर प्लांट में घटी, प्लांट में काम कर रहे मजदूरों के ऊपर


जिला अस्पताल में भर्ती मजदूर। अमृत विचार

अचानक बारिश से गीली हो चुकी दीवार तेज हवा के साथ गिर गई, जिससे कानपुर जिले ग्राम शीतलपुर निवासी कुंवरपाल (45), जनपद कुशीनगर के ग्राम चतुरचक निवासी विजय कुमार (42) और जनपद चंदौली के ग्राम मूसाखाड़ निवासी रामसखी (49) बुरी तरह घायल हो गई। मजदूरों के दीवार में दबने से चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर प्लांट में काम कर रहे अन्य लोग दौड़ पड़े, इसके बाद मलबे में दबे मजदरों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

● हालत नाजुक होने पर एक मजदूर को किया मेडिकल कालेज झांसी रेफर

डाक्टरों ने आनन फानन में इलाज करने में जुट गए, लेकिन विजय कुमार की हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया, जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इस हादसे के बाद कई घंटे तक क्रशर प्लांट में कामकाज ठप रहा। हादसे से अब श्रमिक सहमे हुए हैं। घटना के बाद सूचना मिलने बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों की मदद में जुटी रही। बारिश और आंधी से लोगों को भारी से नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी तरफ लोगों को गर्मी से कुछ राहत भी मिली है।

## सार-संक्षेप

### करंट लगने से महिला समेत दो लोगों की मौत

**महोबा।** थाना खरेला क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों में एक महिला समेत दो लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। थाना खरेला की ग्राम पहरेथा निवासी रामबाबू (25) पुत्र कामता प्रजापति पड़ोस में एक मकान में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मजदूरी कर रहा था। तभी वह नीचे से लोहे के सरिया लेकर जीने से ऊपर जाने लगा। छत के ऊपर से निकली 11 हजार की हाईटेंशन लाइन में अचानक लोहे का सरिया छू जाने से वह छत पर ही करंट लगने से गिर गया और सरिया में चिपक गया। लाइन में 11 हजार का करंट दौड़ने से लोग डर के कारण उसे बचाने का साहस नहीं जुटा सके जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना थाना खरेला की ग्राम चंदौली की है। चंदौली गांव की कुसुम गांव में खेत से वापस लौट रही थी। तभी उसने तारबाड़ी छू ली। उसमें करंट आने से महिला चिपक गई। ग्रामीणों ने फोन कर लाइन बंद कराई। इसके बाद महिला छिटक कर दूर गिरी लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटने से युवक की जान गई

**महोबा।** राठ पनवारी मार्ग पर ग्राम सलैया के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चलाने से ट्राली पलट गई, जिससे ट्राली में बैठे युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई ने थाना पनवाड़ी में चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनपद हमीरपुर के वीर चिन्ना निवासी सुरेश कुमार ट्रैक्टर ट्राली में पीछे बैठकर गांव से पनवाड़ी की तरफ जा रहा था। ट्रैक्टर चालक की तेज रफ्तार ट्रैक्टर चलाने से थाना पनवाड़ी के ग्राम सलैया के पास बने पुल पर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई, जिससे सुरेश कुमार ट्राली के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई नीरज ने चालक के खिलाफ थाना पनवाड़ी में तहरीर दे दी है।

**कारोबार पर असर** डीएम ने बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता को आपूर्ति में सुधार करने के दिए निर्देश

# उद्योग बंधु की बैठक में छाया रहा बिजली का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में उद्योग बंधुओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। व्यापारियों ने व्यापार में आ रही दिक्कतों का निराकरण कराए जाने की मांग की। कारोबारियों ने सबसे ज्यादा बिजली की समस्या बताई। बताया कि बिजली की अव्यवस्था के चलते पत्थर कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

बैठक में क्रशर यूनियन के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से कबरई के अलीपुरा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की समस्या बताई, क्रशर


उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद अधिकारी व व्यापारी। अमृत विचार

यूनियन द्वारा मानक से ज्यादा ओवरलोडिंग के कारण जारी की गई आरसी तथा भंडारण से संबंधित प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को उठाया गया। उक्त प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को कार्य होने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त उद्यमियों तथा निवेशकों द्वारा बैंक ऋण से संबंधित आने वाली समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस पर लीड बैंक मैनेजर द्वारा प्रकरणों पर विचार करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही व्यापार बंधुओं से संबंधित प्रकरण भी प्रस्तुत किए गए जिसमें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा को जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने विद्युत की बार-बार ट्रिपिंग की समस्या पर अधिशाषी अभियंता को तत्काल समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राम प्रकाश, विद्युत विभाग, व्यापार कर विभाग के अधिकारी तथा उद्यमी संगठनों की तरफ से राम किशोर सिंह, देवेंद्र मिश्रा, भागीरथ नगाइच इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेशचंद्र सरोज द्वारा किया गया।

# पेंशनर भवन में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**महोबा।** पंडित दीनदयाल उपाध्यय पेंशनर भवन में बुधवार को वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर 21 जून को पंडित दीनदयाल उपाध्यय पेंशनर भवन में सुबह छह बजे से योग दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि योग कराने वाले अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों की सूचना न दिये जाने से वरिष्ठ नागरिक दुखी हैं। जनपद के पेंशनर्स 21 जून को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर्स भवन में योगाचार्य शिवकुमार त्रिपाठी की देखरेख में योगाभ्यास कराया जाएगा। पेंशनरों से उपस्थित होने की अपील की है।

# बेरोजगारों को स्वरोजगार योजना के तहत दिया जा रहा ऋण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के अंतर्गत जिले के बेरोजगारों को जीविका चलाने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी को पत्र आमंत्रित किए गए हैं। योजना अंतर्गत उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों व अन्य बैंकों द्वारा वित्त पोषण किया जाएगा। जिसमें 25 प्रतिशत की दर से उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के लिए अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। इसके साथ पांच से दस प्रतिशत अंशदान स्वयं लाभार्थी को जमा करना होगा।

● आवेदक को पांच से दस प्रतिशत अंशदान स्वयं करना होगा जमा

जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग महेशचंद्र सरोज ने पात्रता शर्तो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का लाभ लेने वाले आवेदक की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल या समकक्ष होना चाहिए साथ ही न्यूनतम आयु 18 और अधिकतम 40 वर्ष अनिवार्य है। आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने के साथ साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था, सरकारी संस्था का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

आवेदक द्वारा पूर्व में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार योजना, वर्तमान में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना व केंद्र या सरकार द्वारा संचालित किसी स्वरोजगार योजनांर्गत लाभ पा्रप्त न किया गया हो। उन्होंने बताया कि बेराजगार युवक, युवतियां, व महिला आवेदक या उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य को योजनांर्गत केवल एक बार ही लाभांवित किया जाएगा आवेदक द्वारा पात्रता की शर्तों को पूर्ण किए जाने के संबन्ध में शपथपत्र प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने योजना से जुड़ी जानकारी एवं आवेदन पत्र के लिए जिला उद्योग केंद्र कार्यालय बजरिया से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी बेरोजगारों से योजना के तहत मिलने वाले ऋण को से रोजागर शुरु करने की अपील की है।

# पिछड़े वर्ग के 454 बेटियों की शादी को मिलेगा अनुदान

## शासन ने शादी अनुदान योजना के तहत लाभार्थियों के लिए जारी की 90.80 लाख रुपये की धनराशि

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद को 454 लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा। इसके लिए शासन ने 90.80 लाख का बजट जारी किया है। शादी अनुदान की राशि शासन की ओर से 20 हजार निर्धारित की गई है।



जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि विभाग से संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यकों को छोड़) गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना का वित्तीय वर्ष 2024-25 में 454 का लक्ष्य आया है। बताया कि शासन ने 90.80 लाख का बजट जारी किया है।

शादी अनुदान की राशि शासन की ओर से 20 हजार निर्धारित की गई है। बताया कि अनुदान प्राप्त करने के लिए संबंधित को विभागीय वेबसाइट https://shadianudan.upsdc.gov.in पर आनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद समस्त संलग्नकों सहित संबंधित उपजिलाधिकारी/ खंड विकास अधिकारी कार्यालय में सात दिन के अंदर जमा करना अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान योजना की अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी विकास भवन कुछेछा स्थित उनके कार्यालय से जानकारी ले सकते हैं।

### आवेदन किए जाने संबंधी जानकारी

- आवेदन शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद तक आनलाइन किया जा सकता है।
- अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड) निर्धन व्यक्ति की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक न हो।
- तहसीलदार की ओर से निर्गत पिता का आय एवं जाति प्रमाण पत्र (पिता की मृत्यु की दशा में मां का आय एवं जाति प्रमाण पत्र)।
- शादी कार्ड प्रधान/सभासद द्वारा प्रमाणित।
- वर एवं वधु का आधार कार्ड/उम्र का प्रमाण पत्र।
- आवेदक का आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति।
- आवेदक एवं पुत्री का मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक हो।

# नगर पालिका पार्क में होगा योगाभ्यास

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** 21 जून को होने वाले विश्व योगा दिवस को उत्साह के साथ संपन्न कराने के मकसद से उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा की अध्यक्षता में समस्त सरकारी विभागों की तहसील स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि कस्बे के ओरी तालाब स्थित नगर पालिका परिषद पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह सुबह 6 बजे से 7 तक होगा।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि सरकारी विभागों के साथ ही नगर के विद्यालयों तथा आम जनमानस को इसमें भाग लेने का आवाह्न किया गया है। उप जिलाधिकारी के कार्यालय में आयोजित बैठक में तहसीलदार बलराम गुप्ता, नायब तहसीलदार, मुस्करा व मौदहा बीडीओ, दोनों ब्लाकों के खंड शिक्षा अधिकारी तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व कुछ स्कूलों के अध्यापक व प्रधानाध्यापक मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष रजा मुहम्मद उर्फ श्रीनाथ स्वल्पाहार की व्यवस्था भी कराएंगे। वहीं योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर पार्क की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने उप जिलाधिकारी व अधिशाषी अधिकारी पहुंचे।



योग दिवस को लेकर अफसरों के साथ बैठक करते एसडीएम। अमृत विचार

## एक नजर

### मुख्यालय सहित पौथिया व चन्दौखी सबस्टेशन ठप

**सुमेरपुर।** दोपहर बाद अचानक मौसम ने पलटी मारी और चक्रवाती आंधी से सैकड़ों पेड़ टूट कर जमींदोज हो गए। हाईवे पर भी पेड़ों के गिरने से लंबा जाम लग गया है और आवागमन बाधित है। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत महसूस की। वही आंधी से भारी नुकसान भी हुआ है। कई फीडरों के विद्युत पोल व तार टूट जाने से मुख्यालय सहित पौथिया, चन्दौखी, पंप केनाल सहित अन्य फीडरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। जिससे ये सबस्टेशन ठप हो गए। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि कस्बे के सभी फीडर चालू करने के लिए पेट्रोलिंग की जा रही है। एसडीओ एसपी मिश्रा ने बताया कि आंधी से 132 केवी पावर हाउस से मुख्यालय सहित अन्य सब स्टेशनों की आपूर्ति ठप है। जिससे आधा सैकड़ा से ज्यादा गांव प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि करीब 10 खंभे टूटने की सूचना मिल रही है। उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मियों को लाइनों को दुरुस्त करने के लिए भेजा जा रहा है।

### दोस्तों संग तालाब में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

**संवाददाता, राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव में साथियों के साथ तालाब में नहाने गए 10 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। साथ गए अन्य बच्चों के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने शव को तालाब से बाहर निकाला। चिल्ली निवासी कौशल (10) पुत्र नंदू प्रजापति बुधवार को मोहल्ले के साथियों के साथ तालाब में नहाने गया था। तभी नहाने के दौरान कौशल तालाब में डूब गया। जिसके बाद जब साथ में नहा रहे उसके अन्य साथियों ने शोर मचाकर परिजनों व ग्रामीणों को बुलाया तो सभी लोगों ने मिलजुल कर मासूम बच्चे कौशल के शव को तालाब से बाहर निकाला। परिजनों ने बताया कि कौशल अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में देखे गए 100 मरीज

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** क्षेत्र में हो रही उमस से बढ़ते मरीजों के नि:शुल्क उपचार के लिए सागर पॉलीक्लिनिक द्वारा बांकी गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया गया। जिसमें करीब 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। कैंप में डा. सुनीता सागर ने महिला रोगियों को गर्मी को देखते हुए हल्के सूती कपड़े पहनने व तली तथा बाहरी खान-पान से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिला मरीजों को अधिक पानी की आवश्यकता है। डॉ.जितेंद्र कुमार ने कहा कि बढ़ती उमस से बढ़ रहे मरीजों में कमी लाने के लिए बचाव के तरीके अपनाने बेहद जरूरी हैं। शिविर में एक सैकड़ा रोगियों का पंजीकरण किया गया। जिनका नि:शुल्क उपचार एवं दवाइयां देकर गर्मी से बचाव के तरीके बताए गए। डा.गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि ऐसे हालातों में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर से ग्रामीणों की सही मदद की जा सकती है।

# प्री-मानसून ने दी दस्तक, झूम के बरसे बदरा

## जिले भर में 8 एमएम बारिश रिकार्ड की गई, सुबह से ही 20-30 किलोमीटर की रफ्तार से चली ठंडी हवा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हुई। बुधवार व ब्रहस्पतिवार को गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई थी। आज दोपहर करीब तीन बजे से शुरू हुई तेज ठंडी हवाओं के साथ रह रहकर बारिश का सिलसिला शाम छह बजे तक जारी रहा। जिले भर में करीब आठ एमएम बारिश रिकार्ड की गई। इससे जहां आम जनमानस को भीषण गर्मी से राहत मिली। वहीं मानसून की दस्तक से किसानों के चेहरे भी खिल गए।

मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी कर बुधवार को चार एमएम बारिश व ब्रहस्पतिवार को तीन एमएम बारिश होने का अनुमान जताया था। बुधवार सुबह से ही आसमान में बादलों ने डेरा जमा लिया। दिनभर 20-30 किलोमीटर की रफ्तार से तेज व ठंडी हवाएं चलती रहीं।

दोपहर तीन बजे मौसम ने पलटी मारी और हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। जो शाम छह बजे तक रह-रहकर हल्की से मध्यम बारिश होती रही। वहीं अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम पारा तीन डिग्री घटकर 30 डिग्री रिकार्ड किया गया। बारिश होने के बाद अधिकतम पारा घटकर शाम छह बजे 40 डिग्री पर पहुंच गया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बच्चे बारिश का आनंद लेते नजर आए। सड़कों में भी चहल पहल बढ़ गई। शहर व आसपास क्षेत्रों में कई जगह तेज हवाओं के चलते भारी भरकम पेड़ गिर गए।

उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि प्री-मानसून ने दस्तक दे दी है। कहा कि अगले सप्ताह तक मानसून आने की संभावना है। किसान भाई खेतों की तैयारी शुरू कर सकते हैं। राजकीय बीज भंडारों में अच्छी क्वालिटी का उर्द, मूंग, ज्वार, बाजरा, तिल आदि फसलों का बीज उपलब्ध है। जो अनुदान पर दिया जा रहा है।



हाईवे में टूटे पड़े पेड़ों से लगा जाम। अमृत विचार



आंधी से क्षतिग्रस्त बिजली लाइन।

## दर्जनों पेड़ गिरे, बिजली सप्लाई भी बंद

**हमीरपुर।** जनपद में बुधवार को आई आंधी के बीच झमाझम बारिश होने से तापमान में गिरावट आई। इससे लोगों ने इस भीषण गर्मी व लू से राहत महसूस की। वहीं आंधी चलने से कानपुर सागर हाईवे 34 में दर्जनों पेड़ धराशाई हो गए। साथ ही शहर को आई 132केवी लाइन के तार कई स्थानों पर टूट गए। बिजली व्यवस्था ठप होते ही कर्मचारी लाइनों को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। हाईवे पर भारी भरकम पेड़ टूटने से भरुआ सुमेरपुर से लेकर बेतवा नदी पुल तक वाहनों का जाम लगने से घंटों आवागमन बाधित रहा। जनपद मुख्यालय के अलावा भरुआ सुमेरपुर, मौदहा, राठ, गोहांड, सरीला आदि नगरीय क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में आंधी के बीच बारिश होने से सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए।

कानपुर सागर हाईवे 34 में दर्जनों पेड़ धराशाई होने से भारी व सवारी वाहनों की लाइन लगी है। इससे भरुआ सुमेरपुर से लेकर शहर में बेतवा नदी के पुल तक लंबी कतार पिछले कई घंटों लगी हैं। जिससे दूरदराज क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तेज़ हवाओं से सुमेरपुर कस्बे के 132केवीए पावर स्टेशन से हमीरपुर के दो, पौथिया, चंदौखी सहित अन्य विद्युत पावर हाउसों की ने विद्युत आपूर्ति बंद है।

पावर कारपोरेशन के अधिशासी अभियंता अनिल आहूजा ने बताया कि ध्वस्त हुई लाइनों पर कर्मचारियों ने काम शुरू कर दिया है। बिजली आपूर्ति बहाल करने के तेजी से प्रयास जारी हैं। वहीं यातायात पुलिस भी हाईवे पर वाहनों को निकालने में जुटी है।

### कुरारा में आंधी से बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**कुरारा।** तेज आंधी व पानी के चलते बेरी फीडर से जुड़े गांवों में बिजली पोल व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से बिजली आपूर्ति बाधित है। वहीं जल्ला फ़ीडर से जुड़े आधा दर्जन गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल की किल्लत पैदा हो रही है। विकासखंड क्षेत्र मे आई तेज आंधी व पानी के चलते विद्युत विभाग का करीब ढाई लाख कीमत के सामान की क्षति हुई है। जल्ला फीडर से जुड़े गांव चकोठी, जल्ला, जखेला, मलहरा, भैंसापाली, कुसौली, पारा, कंडौर, बेरी, ककरऊ, देवीगंज आदि गांवों में एकल पेयजल योजना विद्युत आपूर्ति बाधित होने से शो पीस बनकर रह गईं हैं। लोग गांव के बाहर लगे हैंडपंप व कुओ का सहारा ले रहे हैं। जल्ला गांव के मानस प्रताप, जखेला गांव के शिवम सिंह, भैंसापाली के उपेंद्र कुमार आदि ने बताया कि तेज आंधी पानी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को एकल पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सब स्टेशनबेरी और जल्ला के अवर अभियंता भारत सैनी ने बताया कि करियापुर गांव में डबल पोल व ट्रांसफार्मर व चार खंभे तेज आंधी भी चलते टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। विद्युत आपूर्ति शुरू करने के लिए लाइनमैन कार्य कर रहे हैं।

# युवती को अगवा कर किया दुष्कर्म, एफआईआर दर्ज

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के एक वार्ड में दुकान से सामान लेकर घर जा रही युवती को पड़ोसी दो युवकों ने दबोच लिया। सीने में तमंचा लगाकर कार से अपहृत कर ले गए। उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म की एफाईआर दर्ज कर ली गई है।

कस्बे के एक वार्ड निवासी पीड़ित पिता ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीते शुक्रवार की रात करीब नौ बजे उसकी पुत्री मोहल्ले की ही एक दुकान से सब्जी मसाला लेकर अपने घर आ रही थी। तभी रास्ते में पड़ोसी अभिषेक यादव पुत्र बच्चू व रवि पुत्र बंसी ने उसकी पुत्री को अपने पास बुलाया और रुमाल लगाकर उसे बेहोश करने लगे। विरोध करने पर उसके सीने में तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दे कार में अंदर बैठा लिया और उसका अपहरण कर ले गए। बताया कि जब पुत्री आधा घंटे बाद घर नहीं पहुंची तो उन लोगों ने मोहल्ले में काफी खोजबीन की। तब जानकारी हुई कि उसकी बेटी का दो युवक अपहरण कर एक फोर व्हीलर में ले गए हैं। बताया काफी खोजबीन के बाद शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे थाना सुमेरपुर कस्बे के रेलवे स्टेशन के पास उसकी पुत्री बेसुध अवस्था में मिली। घटना को लेकर पुत्री ने बताया कि दोनों आरोपियों ने जबरन दुष्कर्म किया है। जिससे उसे मानसिक व शारीरिक चोटे आई हैं। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपहृत कर ले जाने व दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# युवक को लाठी से पीट कर किया घायल वीडियो वायरल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मसगवां गांव में दबंग युवतियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर मामूली विवाद में युवक की बीच सड़क पर ही लाठी डंडों से बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। मारपीट की घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि कुछ लोग बेरहमी से युवक को लाठी डंडों से पीट रहे हैं। घटना के बाद पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। राजकोट वाली क्षेत्र के मसगवां गांव के निवासी धर्मजीत ने रात कोतवाली में बताया कि कुत्ते के काटने को लेकर हुए विवाद के चलते गांव के ही दबंग छत्रपाल ने अपनी पत्नी और पुत्री दीक्षा और सृष्टि के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से लाठी डंडों से पिटाई कर उसे लहुलुहान कर दिया।

# एसपी से की सैंपलिंग के नाम पर उत्पीड़न की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में एसपी से मिले व्यापारी

**अमृत विचार।** अधिकारियों द्वारा किए जा रहे शोषण के विरोध में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को एसपी को पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने जांच कर सैंपलिंग के नाम पर व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न को य०-बंद करवाए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल की अगुवाई में एसपी को दिए पत्र में बताया कि बिवांर थाना क्षेत्र में व्यापारी रमेशचंद्र की वैष्णों किराना स्टोर के नाम से दुकान है। जिसमें बीते 13 जून की दोपहर डिजायर गाड़ी से कुछ लोग आए। वह अपने आप को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी बताकर दुकान पर बैठी व्यापारी की पत्नी ममता से सैंपलिंग के नाम पर पैसों की मांग करने लगे। जिस पर ममता ने सूचना देकर पति रमेश चंद्र एवं स्थानीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों को बुलाया। व्यापारियों के दुकान पर पहुंचने पर यह लोग गाड़ी में बैठकर हमीरपुर की ओर भागने लगे। जिस पर व्यापारियों को फर्जी अधिकारी होने का भ्रम हुआ।

व्यापारियों के पीछा करने पर वे लोग छानी से रूरीपारा की ओर चले गए। बाद में ललपुरा थाना पहुंचकर व्यापारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पत्र के माध्यम से घटना की जांचकर रिपोर्ट निरस्त करने के साथ व्यापारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप



बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

### इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को समान वेतन की मांग

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल की अगुवाई में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल बीएसए आलोक सिंह से मिला। दिए गए मांग पत्र में शिक्षकों ने पिछले 15 मई के उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराए जाने को कहा। जिसमें जनपद के इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापकों के समान वेतन दिए जाने की मांग है। जिस पर ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से मार्गदर्शन उपरांत इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापकों के समान वेतन दिए जाने की बात कही। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला संगठन मंत्री मो अख्तर, कोषाध्यक्ष गौरव नामदेव, इकरार हुसैन, राकेश त्रिपाठी, जितेन्द्र श्रीवास आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### व्यापार मंडल ने डीएम से की अधिशाषी अधिकारी की शिकायत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे की नगर पंचायत द्वारा असेस्मेंट रजिस्टर की नकल न बनाए जाने की शिकायत नगर उद्योग व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी से की है। व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी राहुल पांडेय को दिये शिकायती पत्र में नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, अनुज गुप्ता, आशीष कुमार, मृत्युंजय गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता, विजय चौरसिया, रामजी मिश्रा, दिनेश सोनकर, चित्रांशु खरे, उपेन्द्र शिवहरे आदि ने कहा है कि अधिशासी अधिकारी की मनमानी के चलते कस्बावासियों को अपने गृह कर से संबंधित असेसमेंट रजिस्टर की नकल नहीं दी जा रही है। जिससे कस्बावासियों को जमानत सहित अन्य आवश्यक कार्यों में परेशानी हो रही है। इस बाबत अधिशासी अधिकारी कुलकमल सिंह ने बताया है कि सिर्फ लोन आदि मामलों के लिये असेस्मेंट की नकल बनायी जा रही है। जमानत आदि मामलों के लिये मना किया गया है।

### कूलर में उतरे करंट से महिला की मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** घर की साफ सफाई करते समय कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बे के इमिलिया थोक निवासी सम्पत (60) पत्नी राधेचरण धुरिया अपने घर में साफ सफाई कर रही थी। इसी दौरान कूलर छू जाने से उसे करंट लग गया और वह जमीन पर गिर पड़ी। जिस पर परिजनों ने उसे पीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला की मौत से उसके दोनों पुत्रों व पुत्री का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

### घर में घुसकर तोड़-फोड़, दी जान से मारने की धमकी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के कलौलीजार में दबंगों द्वारा पैतृक जमीन की दीवार गिराने व घर में घुसकर तोड़फोड़ करने तथा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी से की है। ललपुरा थाना क्षेत्र के कलौलीजार निवासी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने शिकायती पत्र में बताया है कि उसने अपनी पैतृक जमीन पर 40 वर्ष पूर्व एक चक्की कारखाना लगाया था, जो वर्तमान में बंद पड़ा है। गत एक जून की रात करीब एक बजे राजाबाबू पुत्र छुटकू व 4-5 अज्ञात लोगों ने कब्जा करने की नीयत से मकान की दीवार को गिरा दी। घर के अंदर घुसकर तोड़फोड़ की। इसके बाद लाठी डंडा, कुल्हाड़ी, सब्बर, फावड़ा लेकर गाली गलौज करते हुए पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी। जिससे उसका परिवार काफी भयभीत है। पीडित ने अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई करने का शिकायती पत्र दिया है।



मध्यस्थता केंद्र में मौजूद दंपति। अमृत विचार

### विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयास से दंपति साथ रहने को राजी

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा में संचालित मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थ अधिवक्ता शिवशरण गुप्ता के प्रयास से अंजली पुत्री शिवमहेश निवासी अमिरता और नीरज पुत्र सोहनलाल निवासी अमिरता कोतवाली सदर के मध्य पारिवारिक विवादों का सुलह समझौते से निस्तारण कराया गया। दंपति ने साथ रहने की सहमति व्यक्त की। जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, अपर जिला जज/सचिव गीतांजलि गर्ग ने दोनों पक्ष को बधाई दी। मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

### चेकिंग अभियान में एक दर्जन से अधिक बिजली चोर पकड़े

**सुमेरपुर।** सघन चेकिंग अभियान के तहत एक पखवाड़े में विद्युत विभाग ने एक दर्जन से अधिक लोगों को विद्युत चोरी करते रंगे हाथों पकड़े जाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान में विजयपाल, बाबूराम, कामिनी सिंह, रामदुलारी, देवनारायण मिश्रा, रघुवर दयाल, अतुल कुमार, कल्लू तिवारी, कुबेर प्रसाद, राम गणेश शर्मा, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, रामबाबू गुप्ता सहित एक दर्जन से अधिक लोगों पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान 20 लाख रुपये के विद्युत बिल की वसूली की गई है। विद्युत विभाग के इस अभियान से बिजली चोरी करने वालों में हडकंप मचा हुआ है।



चेकिंग करते बिजली कर्मचारी। अमृत विचार

**किसान सम्मान निधि** — वाराणसी में प्रधानमंत्री ने किसानों के खाते में ट्रांसफर की थी योजना की धनराशि

# 1.93 लाख किसानों के बैंक खातों में पहुंचे दो-दो हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही वाराणसी की धरती से मंगलवार शाम पांच बजकर 18 मिनट पर बटन दबाया। वैसे ही किसानों के मोबाइल में मैसेज की घंटियां बजना शुरू हो गईं। पीएम सम्मान निधि योजना के तहत 17 वीं किस्त में 1.93 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो-दो हजार रुपये की रकम आना शुरू हो गई। पैसे आते ही किसान खुशी से झूम उठे, कहा कि खरीफ सीजन की तैयारियों में मदद मिलेगी।

जिले के एक लाख 93 हजार किसानों को योजना की 16वीं किस्त मिली थी। विभाग का दावा है कि इस बार संख्या इससे अधिक हो सकती है। पिछले चार माह में जिन किसानों का सत्यापन कराकर डाटा विभाग द्वारा भेजा गया है। उसमें कुछ बढोत्तरी होने की उम्मीद है। जिसकी रिपोर्ट एक सप्ताह बाद ही मिलने की संभावना जताई जा रही है।

किसानों के लिए केंद्र सरकार की ओर से दिसंबर 2018 में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत हुई थी। जिले में कुल 2.10 लाख किसान पंजीकृत हैं। योजना के तहत एक लाख 93 हजार किसानों को 16वीं किस्त जारी हो चुकी है। अभी भी 17 हजार किसान योजना से वंचित हैं। इनमें अपात्र किसान, केवाईसी, भूमि सत्यापन, खाता संख्या में गड़बड़ी, आधार कार्ड आदि समस्याओं के किसान शामिल हैं।

### किसानों की संख्या बढ़ेगी

उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि 1.93 लाख किसानों को 16 वीं किस्त मिली है। इस बार यह संख्या बढ़ सकती है। कहा कि जिन किसानों का सत्यापन पूर्ण नहीं हुआ था। उनको यह रकम बाद में मिलेगी। कहा कि बैंकिंग प्रणाली, सर्वर की दिक्कत से एक दो दिन में पैसा आने का मैसेज किसानों को मिल सकता है। जिन किसानों को अभी नहीं मिला है, वह घबराएं नहीं। जिन किसानों के खातों में दिक्कत है, वह राजकीय कृषि बीज भंडार में पहुंचकर सुधार करा लें।

### अच्छे बीज खरीद कर करेंगे खेतों की बोआई

मोबाइल में मैसेज देखा तो योजना की 17वीं किस्त भेजे जाने की सूचना पड़ी थी। कहा कि बैंक जाकर पैसा निकालकर खरीफ सीजन के लिए अच्छे बीज की खरीद करेंगे।

किसान- लल्लू साहू, बड़ागांव

### दोगुना हो किसानों का सम्मान

मोबाइल में दो हजार रुपये आने का मैसेज आया है। कहा कि इस पैसे से खरीफ फसलों की तैयारी करने में मदद मिलेगी। कहा कि अब प्रधानमंत्री को किसानों का सम्मान दोगुना करना चाहिए।

किसान- चुनूबाद निषाद, पत्योरा



## एक नजर

### कोतवाल ने रूटमार्च कर लिया सुरक्षा का जायजा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने पुलिस टीम के साथ बुधवार को नगर के फर्रुखाबाद, तिर्वा रोड, जीटी रोड, चकोर रोड आदि स्थानों पर रूट मार्च कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सड़क तक अतिक्रमण किए दुकानदारों को चेतावनी दी। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उप निरीक्षक विनय शर्मा, राजेश प्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह, कॉन्स्टेबल विनय, शेर सिंह, सुधीर सिंह, पवन कुमार आदि रहे।

### निराश्रित गोवंश को पहुंचाया गो संरक्षण केंद्र

**तालग्राम।** नगर पंचायत ने 23 गोवंश को गो संरक्षण केंद्र पहुंचाया। चेयरमैन मोहसिन ने बताया कि नगर में अन्ना पशु दुर्घटना का कारण बनते थे। नगर पंचायत की टीम ने 23 निराश्रित गोवंश को गो संरक्षण केंद्र छिबरामऊ भेजा है। ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि दो दिनों तक अभियान चलाया गया। इसमें नगर पंचायत कर्मी वीरेंद्र, हरिश्चंद्र, चंद्रशेखर, सुनील, रवि और विकास ने मंगलवार को 13 व बुधवार को 10 गोवंशों को वाहनों से गो संरक्षण केंद्र भेजा है।

### टैबलेट पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

**तालग्राम, कन्नौज।** सोमवार को निकवा स्थित एसजीआर कॉलेज में टैबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ने 363 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। इस दौरान चेयरमैन डॉ. अजयपाल सिंह यादव, प्राचार्य जितेंद्र सिंह चौहान, मुंडाला ग्राम प्रधान सत्येन्द्र यादव, डायरेक्टर अभिषेक यादव, वरिष्ठ लिपिक जितेन्द्र यादव, संजीव रहे।

# फर्जी अभिलेखों से नौकरी करने वाले 32 डाककर्मी हुए बर्खास्त

## चित्रकूटधाम मंडल के चारों जिलों में एक साल से कार्यरत थे

कार्यालय संवाददाता, बांदा



बांदा स्थित डाकघर। अमृत विचार

- बिना सत्यापन कराए दे दी तैनाती, एफआईआर होगी
- बर्खास्त होने वालों में 26 डाकपाल और 6 सहायक डाकपाल हैं

**अमृत विचार।** चित्रकूटधाम मंडल के चारों जनपदों में डाक विभाग की भर्ती प्रक्रिया में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। बिना शैक्षिक व अन्य अभिलेखों का सत्यापन कराए 120 डाक कर्मियों को न सिर्फ तैनाती दे दी गई, बल्कि बीते एक वर्ष से सभी कर्मचारियों को वेतन भी दिया जा रहा था। अब जांच के बाद डाक अधीक्षक ने फर्जी अभिलेख वाले 32 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और वेतन वसूली करने के आदेश भी दिए हैं।

वर्ष 2023 में चित्रकूटधाम मंडल में डाकपाल और सहायक डाकपाल पद पर 120 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। ये पद भारतीय डाक विभाग की ओर से निकाले गए थे। विभागीय अफसरों के अनुसार जल्दबाजी के चक्कर में सभी चयनित कर्मचारियों को बगैर अभिलेखों की जांच पड़ताल के ही नियुक्ति दे दी गई और मंडल के अलग-अलग जनपदों में शाखा डाकपाल व सहायक डाकपाल के रूप में तैनात कर दिया गया। शासन स्तर पर मामले की शिकायत पहुंची तो अभिलेखों की जांच की प्रक्रिया तेज हुई और जांच के बाद बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। जांच में बीते एक वर्ष से नौकरी कर रहे 26 डाकपाल और 6 सहायक डाकपालों के अभिलेख फर्जी पाए गए। इनमें बांदा से छह, चित्रकूट से आठ, मंडलीय कार्यालय से तीन, हमीरपुर से चार और महोबा जिले से 11 डाकपाल व सहायक डाकपाल शामिल हैं। विभागीय अफसरों ने पूरे प्रकरण का ठीकरा नवनियुक्त कर्मचारियों पर ही फोड़ दिया है और उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर एफआईआर व रिकवरी के आदेश जारी करके अपना पल्ला झाड़ लिया है। अभिलेखों का सत्यापन न करने में कौन-कौन अफसर व कर्मचारी दोषी हैं, इसपर सभी मौन हैं। डाक विभाग ने 2023 में ब्रान्च पोस्ट मास्टर पद पर भर्ती निकाली थी। जिसमें उत्तर प्रदेश में 30 हजार पद सृजित किए गए थे।

### डीएम के आदेश पर दर्ज होगी एफआईआर

- फर्जी अभिलेखों के आधार पर एक साल से नौकरी कर रहे डाकपाल और सहायक डाकपालों के खिलाफ एफआईआर के आदेश जारी कर दिए गए हैं। एफआईआर दर्ज कराने के लिए विभागीय कर्मचारियों ने शहर कोतवाली में तहरीर दे दी है, लेकिन शहर कोतवाल अनूप दुबे का कहना है कि विभागीय फर्जीवाड़े के मामले में जिलाधिकारी का आदेश जरूरी है। जब जिलाधिकारी के आदेश के साथ तहरीर मिलेगी तो सभी कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## पत्नी की बीमारी से मौत, पति के भी निकले प्राण

**जालौन।** एक दंपती ने साथ जीने-मरने का वादा निभाया। पत्नी के मौत के कुछ घंटे बाद ही पति ने भी दम तोड़ दिया। साथ-साथ रहने वाले दंपती का अंतिम संस्कार भी एक साथ ही हुआ। घटना की कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह की है। यहां की निवासी पार्वती प्रजापति (74) व मगन प्रजापति (78) शादी के बाद करीब 45 वर्ष तक एक साथ रहे। दोनों ने साथ जीने मरने का वादा किया था और इस वादे को अंतिम समय तक निभाया। पिछले कुछ समय से पार्वती बीमार चली रही थीं। सोमवार की रात को उनका देहांत हो गया। मंगलवार सुबह जब पति मगन प्रजापति चाय लेकर उनके पास पहुंचे तो देखा कि वह बिस्तर पर मृत अवस्था में हैं। उनकी मृत्यु से पति मगन सदमे में आ गए। उधर, परिजन उनके अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पति के जीवित रहते पत्नी की मृत्यु होने पर उसे सोलह श्रृंगार से सजाने की परंपरा है। इसी परंपरा के अनुसार जब पति मगन अंतिम बार उनकी मांग में सिंदूर भरने लगे तो अचानक से उनकी भी हालत खराब हो गई और कुछ ही देर में उनकी भी मौत हो गई। पति और पत्नी का एक ही साथ अंतिम संस्कार किया गया। बड़े पुत्र अनूप कुमार प्रजापति ने उन्हें मुखाग्नि दी। बेटे अशोक कुमार ने बताया कि अस्वस्थ होने से मां की मृत्यु हो गई थी।


महिला का इलाज न करने से गुस्साए लोगों ने लगाया जाम। अमृत विचार

# चार घंटे तक महिला का इलाज न करने के विरोध में लगाया जाम

संवाददाता, जैतपुर महोबा

- परिजनों का आरोप, डॉक्टर ने इलाज करने के बजाय अभद्रता की

**अमृत विचार।** जैतपुर ब्लॉक के ग्राम महुआ बांध में घायल महिला का इलाज चार घंटे तक न करने और डॉक्टर द्वारा अभद्रता करने से नाराज ग्रामीणों ने सीएचसी के सामने मार्ग को जाम कर दिया। एक घंटे तक जाम लगा रहने से कई गांवों का आवागमन ठप हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

थाना अजनार के ग्राम महुआ बांध मे पानी के टैंकर को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक महिला को कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया था। पैर में कुल्हाड़ी लगने से पीड़ित महिला थाने पहुंची। अजनर थाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए उसे भेजा गया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने रिपोर्ट में 35 साल और आधार कार्ड में 38 साल उम्र होने पर मेडिकल परीक्षण करने से इनकार कर दिया। इस दौरान महिला का इलाज भी नहीं किया गया। इलाज न मिलने पर खून बहना तेज हो गया। परिजनों ने डॉक्टर से रेफर करने को कहा। इस पर डॉक्टर क्रोधित हो गए और गालीगलौज करने लगे। पीड़ित महिला के परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को स्ट्रेचर में लिटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस और जैतपुर पुलिस हर संभव जाम खुलवाने का प्रयास करती रही लेकिन पीड़ित कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

पीड़िता के भतीजे संजय ने बताया चाची सुमन पत्नी राकेश कुमार राजपूत निवासी महुआ बांध सरकारी टैंकर से पानी भरने गई थीं। वहां मौजूद गांव का दबंग पानी को लेकर विवाद करने लगा और गालीगलौज कर चाची के पैर में कुल्हाड़ी मार दी। महिला घायल अवस्था में थाना अजनर पहुंच कर तहरीर दी। वहां से सीएचसी जैतपुर आई तो डॉक्टर ने परीक्षण व इलाज करने से इनकार कर दिया और अभद्रता करने लगे। सीएचसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. पवन राजपूत का कहना है की रिपोर्ट में पीड़िता की उम्र 35 वर्ष और आधार कार्ड में 38 वर्ष थी। परिजन मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट में गंभीर दिखाने का दबाव बना रहे थे। थाना प्रभारी अजनर प्रवीण कुमार और कुलपहाड़ थाना प्रभारी दिनेश सिंह चंदेल, चौकी प्रभारी एसआई धर्मेंद्र कुमार के आश्वासन पर करीब एक घंटा बाद जाम खुला। इसके बाद आवागमन बहाल हुआ।


कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों की समीक्षा करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल।

# डीएम ने विभागों को दिखाया 'दर्पण', मिली खराब रैंकिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीएम डैशबोर्ड दर्पण पोर्टल पर लक्ष्य के सापेक्ष कम मिली उपलब्धियां

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने जब सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) की समीक्षा की तो कई विभागों की रैंकिंग खराब मिली और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम काम होना पाया गया। इस उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य की पोर्टल पर फीडिंग अवश्य होनी चाहिए, जिससे कि रैंकिंग बन सके।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) की समीक्षा की गई। डीएम ने सीवीओ को निर्देश दिये कि अंडा उत्पादन 565.488 लाख के सापेक्ष 112.20 लाख हुआ है, उत्पादन के प्रतिशतता और बढ़ाई जाये। क्रियाशील गो आश्रय स्थल 155 है, इनके अलावा जो बंद या अक्रियाशील गो आश्रय स्थल हैं उन्हे चालू किया जाये। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये 15 नई सड़कों के सापेक्ष अभी एक नई सड़क का निर्माण हुआ है, शेष का निर्माण भी समय से पूर्ण किया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत स्कूलों में शेष चहारदीवारी का कार्य जल्द पूर्ण किया जाये। पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत 174 आवेदन के सापेक्ष 25 आवेदन स्वीकृत हो चुके है, जिसमें 25 सोलर पंप स्थापित भी हो चुके है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना व मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अन्तर्गत जो आवास शेष बचे है उन्हें जल्द आवंटित कर कार्य को पूर्ण किया जाये। उन्होनें मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि एम्बुलेंस 102, 108, टेली रेडियोलॉजी, डायलिसिस, बायो मेडिकल उपकरण का रखरखाव, मोबाइल मेडिकल यूनिट, एवं सीटी स्कैन सेवाएं पूर्ण रूप से संचालित होनी चाहिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि 15वीं वित्त आयोग ग्राम पंचायत के अन्तर्गत ग्राम पंचायतो में धनराशि समय से व्यय की जाये।

## चेकिंग के दौरान 97 वाहनों के चालान

**कन्नौज।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में वाहनों में लगे हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती, ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

11 से 25 जून तक विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत बुधवार को यातायात पुलिस व थानों की पुलिस ने जिले के विभिन्न स्थानों व जिला मुख्यालय के चौराहों पर वाहनों की चेकिंग की। नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के चालान काटे गये। प्रेशर हॉर्न, पुलिस कलर और उत्तर प्रदेश सरकार लिखे 97 वाहनों के चालान किये गये। 18 हूटर, सायरन और प्रेशर हॉर्न निकलवाए गये।

# वन विभाग करेगा सारस के कुनबे की गिनती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** राजकीय पक्षी सारस का कुनबा इस साल कितना बढ़ा है, इसके लिए वन विभाग दो दिन जिले में इसकी गणना करेगा। विभाग ने इसके लिए टीमों का गठन किया है तो आम लोगों से सहयोग की अपील भी की है। सारस गणना में वन विभाग का सहयोग करने वालों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. हेमंत कुमार सेठ ने बताया कि 20 व 21 जून को पूरे प्रदेश में सारस की गणना की जाएगी। इस कार्य में जो भी स्कूल-कॉलेज, छात्र-छात्राएं, प्रकृति प्रेमी व एनजीओ सहभागिता करेंगे, उनको विभाग की तरफ से प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। यदि वृहद पैमाने पर गणना कार्य में सहयोग दिया जाएगा जो वन मुख्यालय को संस्तुति कर शासन से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय वनरक्षक गणना टीम का लीडर होगा। उसके कार्यक्षेत्र में यदि कई वेटलैंड (नम भूमि) है तो वहां अतिरिक्त टीमों को लगाया जाएगा। सारस की गणना सुबह छह से आठ बजे तथा शाम को चार से छह बजे के मध्य एक-एक बार की जाएगी। दोनों में अधिकतम संख्या को वास्तविक माना जाएगा। प्रत्येक गणना स्थल पर सारस का डिजिटल फोटो भी लिया जाएगा। इसके लिए जीपीएस के अनुसार रीडिंग व अक्षांश एवं देशांतर को भी अंकित किया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा नंबर भी जारी किए गए हैं, जिन पर कॉल कर आम जन सारस के बारे में सूचना विभाग को दे सकते हैं।

### इन नंबरों पर दें सूचना

प्रभागीय वनाधिकारी-7839435382
शाखा प्रभारी-7839435302
वरिष्ठ लिपिक- 9889976917

# उपयोगी जानकारियां देकर महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज



महिलाओं को जानकारी देती पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज लवली जायसवाल के दिशा निर्देशन में नगला लक्षीराम में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उपयोगी जानकारियां देकर महिलाओं को जागरूक किया गया।

शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने घरेलू हिंसा अधिनियम से संबंधित जानकारियां दी। महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने के साथ उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने की नसीहत दी। कहा कि जिन महिलाओं के पास अपने मुकदमें की पैरवी करने के लिए अधिवक्ता नहीं है या वह वकील करने में सक्षम नहीं है, उन्हें प्राधिकरण निशुल्क वकील प्रदान कराएगा। 13 जुलाई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तुरंत सस्ता सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय का नैतिक अधिकार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का सभी को लाभ उठाना चाहिए। यहां हुए निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ओमकार शाक्य, नगर पंचायत तालग्राम के पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव, देवश्री, मंजूलता, संतोषी, गायत्री, रीना, अशर्फी, विमला देवी, अनीता, देवकी, मीरा, श्रीदेवी, सावित्री, पूनम, रेखा, सुनीता, रामदर्शनी, शारदा, अनीता देवी, विमला, राममूर्ति, मुला देवी, ज्ञान देवी, राजाराम, राजबहादुर, सुरेश चंद्र व सुभाष शाक्य आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


टैबलेट पाने के बाद छात्र-छात्राएं व मौजूद अतिथि।

### युवा सशक्तीकरण योजना में 276 छात्रों को बांटे टैबलेट

**सौरिख, कन्नौज।** युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्रों को टैबलेट वितरित किए गए। इसमें गंगा सिंह महाविद्यालय के 96, स्वर्गीय महादेव प्रसाद स्मारक महिला विद्यालय के 124, देवांशु समाज कल्याण महाविद्यालय के 22, बहुउद्देशीय सेवा शिक्षा संस्थान के 34 छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्य इंद्रपाल सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में डॉक्टर पीयूष सक्सेना, सत्येंद्र चतुर्वेदी, अरुण कुमार पाल, इमरान फारूकी, राकेश मिश्रा, अखिलेश पाल, हिमांशु प्रताप, कन्हैया लाल, मनीष यादव, संजू, भूपेंद्र शुक्ला, पुष्पेंद्र त्यागी, राम मनोहर, इमरान, आफताब, आनंद कुमार आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।


पौधरोपण कर जन्मदिन मनाते कांग्रेसी। अमृत विचार

### पौधरोपण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कांग्रेसियों ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व अमेठी से सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान पौधरोपण किया। बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के जन्म दिन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी के अथक परिश्रम और भारत जोड़ो यात्रा ने देशवासियों को प्रभावित किया है। यही कारण है कि आज सत्ता में होने के बाद भी भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर सकी। इससे पहले पूर्व जिलाध्यक्ष उषा दुबे, नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना, परमेश्वर दयाल विश्वकर्मा, डॉ. फिदा हुसैन मंसूरी, जुगुल किशोर पाठक, सन्दीप त्रिवेदी, कलीम खान, महेश चंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र बाबू द्विवेदी, पीयूष चर्तुवेदी, रामू त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी, तनिष्क गुप्ता, तरुण मिश्रा, संदीप पाठक, सूरज गुप्ता, रमेश सविता आदि ने पौधरोपण किया और बच्चों को फल व मिष्ठान वितरित कर जन्मदिन मनाया।


सफाई कर्मी को प्रशस्ति पत्र देते लिपिक जिलेदार सिंह। अमृत विचार

### बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों का किया सम्मान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन स्थित सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अच्छा काम करने वाले सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यशाला में वरिष्ठ लिपिक जिलेदार सिंह ने स्वच्छता को लेकर रणनीति तय की। पूर्व में चलाए गए कार्यक्रम मेरा आंगन, मेरी हरियाली के बारे में जानकारी ली। कहा कि सभी कर्मचारी अपने-अपने घरों में होम कम्पोस्टिंग करें और पौधे लगाएं। आरआरआर सेंटर, ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता चैंपियन, मोहल्ला निगरानी प्रोत्साहन समिति को लेकर भी जिम्मेदारी सौंपी गई। ट्राई साइकिल से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की भी जानकारी कर्मियों से ली गई। बताया कि सभी कर्मचारी अपने-अपने वार्डों में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करें। खुले में कूड़ा डालने वाले से जुर्माना वसूला जाएगा। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मी रेनू देवी, मैना देवी, शकुंतला, रतन, विकास, रामगोपाल, श्यामसुंदर, सर्वेश, अवधेश, नीरज आदि को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

**परेशानी** — भीषण गर्मी में मानपुर विद्युत उपकेंद्र से सात घंटे बिजली गुल रहने से लोग हुए परेशान

# उपकेंद्र की सीटी फटी, 18 कोल्ड समेत सौ गांवों की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जानकारी लेते अधिशाषी अभियंता मगन सिंह व मौजूद ठठिया एसडीओ व जेई दीपक, करन। अमृत विचार


मानपुर विद्युत उपकेंद्र की सीटी बदलते कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानपुर उपकेंद्र की सीटी (करेंट ट्रांसफार्मर) फट जाने से कलक्ट्रेट, सरायमीरा समेत 18 कोल्ड व फैक्ट्रियों और 100 गांव की बिजली सात घंटे गुल रही। जानकारी पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने सात घंटे के बाद सीटी बदल कर आपूर्ति बहाल की। भीषण गर्मी में कई घंटे बिजली गुल रहने से लोग परेशान हो गये। उपभोक्ताओं के फोन एक्सईएन विद्युत के पास लगातार आते रहे। वहीं लाइनमैन लेकर अन्य कर्मचारियों ने फोन रिसीव करना बंद कर दिया।

भीषण गर्मी व ओवर लोडिंग के चलते मानपुर विद्युत उपकेंद्र में लगी सीटी बुधवार की सुबह सात बजे के करीब तेज धमाके के साथ पट गया। इससे बिजली की आपूर्ति बंद हो गई। एसएसओ ने जांच की मामले का पता चला और इसकी जानकारी जेई को दी गई। इसके बाद एसडीओ ठठिया व अधिशाषी अभियंता को जानकारी दी गई। उधर अधिकारी मानपुर उपकेंद्र पर पहुंचे। लाइनमैन व अन्य कर्मचारियों ने फटी सीटी खोल कर बाहर निकाली। इसके बाद स्टोर से नई सीटी मंगा कर बदलने का काम किया गया। इसी बीच अधिशाषी अभियंता मगन सिंह भी पहुंच गये।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बात की। बिजली की आपूर्ति बंद होने से 18 कोल्ड स्टोरेजों व फैक्ट्रियों के अलावा एक सैकड़ा गांव प्रभावित हुए। घंटों बिजली गुल रहने से लोग गर्मी से तिलमिला उठे। कलक्ट्रेट की बिजली गुल होने से अधिकारियों के फोन एक्सईएन के पास आते रहे। यही नहीं ग्रामीण क्षेत्रसे लाइन मैन के पास फोन आते रहे लेकिन किसी कर्मचारी ने रिसीव नहीं किया। सात बजे फटी सीटी को दो बजे बदल कर आपूर्ति बहाल की जा सकी।

### पिकअप की टक्कर से टूटा विद्युत डबल पोल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मंगलवार को तेज रफ्तार पिकअप ने ग्राम विशंभरपुर स्थित वन विभाग के निकट तालग्राम रोड पर लगे डबल विद्युत पोले में टक्कर मार दी। इससे दोनों पोल क्षतिग्रस्त हो गए और आपूर्ति वाधित हो गई। विद्युत टीम ने मरम्मत कर देर रात्रि लगभग 12 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकी। इस दौरान लगभग 25 ग्राम पंचायतों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि पिकअप की टक्कर से डबल विद्युत पोल टूट गया था। जिसकी मरम्मत करा दी गई है।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित:॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# ऊर्जा बदलाव की प्रगति

भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। हालांकि इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है। सूचकांक में भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश पिछले साल की तुलना में कम से कम तीन ऊर्जा प्रणाली प्रदर्शन आयामों - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में पिछड़ गए हैं। ऊर्जा संक्रमण को समझने के लिए समग्र सूचकांक एक उपयोगी उपकरण है। सूचकांक में भारत को प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में दर्शाया गया है। गौरतलब है कि डब्ल्यूईएफ वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग जगत की परियोजनाओं को आकार देने के लिए व्यापारिक, राजनीतिक, शिक्षा क्षेत्र और समाज के अन्य प्रतिनिधियों को शामिल करके विश्व की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। डब्ल्यूईएफ ने पिछले वर्ष अपने सूचकांक में भारत को विश्व स्तर पर 67 वें स्थान पर रखा था। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, अधिक न्यायसंगत, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली में ऊर्जा संक्रमण अभी भी प्रगति पर है, लेकिन दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता के कारण इसकी गति कम हो गई है। जबकि रिपोर्ट में शामिल किए गए 120 देशों में से 107 ने पिछले दशक में अपनी ऊर्जा संक्रमण यात्रा पर प्रगति का प्रदर्शन किया, संक्रमण की समग्र गति धीमी हो गई है और इसके विभिन्न पहलुओं को संतुलित करना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है।

वैश्विक ऊर्जा प्रणाली वर्तमान में एक मौलिक परिवर्तन से गुजर रही है, जो तकनीकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन शमन नीतियों और भू-राजनीतिक विकास जैसे कारकों से प्रेरित है। ऊर्जा बदलाव का क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को हमेशा के लिए मौलिक रूप से बदल देगा। 2023 में वैश्विक ऊर्जा बदलाव बाजार का मूल्य लगभग 3,000 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2030 तक 6,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। उसके बाद 2050 तक यह हर 10 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत के सफल ऊर्जा संक्रमण के लिए एक कुशल कार्यबल का निर्माण, सार्वजनिक-निजी सहयोग को बढ़ावा देने के साथ कार्बन न्यून प्रौद्योगिकी अनुसंधान तथा विकास में निवेश करना आवश्यक है। अडाणी समूह ने अगले दशक में ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है। समूह अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेगा। ऊर्जा संक्रमण एक महत्वपूर्ण नीतिगत चुनौती और व्यावसायिक जोखिम के रूप में उभरा है और ऊर्जा संक्रमण की प्रगति पर पारदर्शिता और तथ्य-आधारित समझ बढ़ाने की आवश्यकता है।

# दलहन उत्पादन में भी क्रांति की आवश्यकता



डॉ. अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हरित क्रांति ने जहां एक ओर भारत को गेहूं धान सदृश खाद्य पदार्थों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर खाद्य संकट से उबारने का काम किया, वहीं दूसरी ओर इसने एक महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ दलहन की उपेक्षा कर इसमें देश को बहुत पीछे कर दिया। वस्तुतः हरित क्रांति के संकर बीजों, रासायनिक खाद, कीटनाशक जहर व खरपतवार नाशी संसाधनों ने स्वावलंबी घर की खेती को न सिर्फ बिगाड़ दिया, बल्कि इससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य भी बिगड़ा। आम भारतीयों की थाली से दाल दूर होती चली गई।

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। चावल और गेहूं जैसे सामान्य अनाज की तुलना में दालों में प्रति ग्राम औसतन दो से तीन गुना प्रोटीन होता है। इसके अतिरिक्त दालों की खेती फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन) के जरिए जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायता देती है तथा लचीली और पारिस्थितिक रूप से संतुलित कृषि इकोसिस्टम को बढ़ावा देती है। आज भारत विश्व में भले ही दालों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया हो, फिर भी सबसे बड़ा उपभोक्ता और आयातक भी बना हुआ है। यह वैश्विक उत्पादन का 25 प्रतिशत, वैश्विक खपत का 27 प्रतिशत तथा वैश्विक आयात का 14 प्रतिशत हिस्सा धारण करता है। वर्तमान में फिर से दलहन उत्पादक क्षेत्रों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन में इसका योगदान लगभग 7-10 प्रतिशत है।

हरित क्रांति के दौर में दाल के क्षेत्र में गहन शोध, अनुसंधान की कमी के कारण उत्पादकता में वृद्धि नहीं हो पाई। वर्ष 1951 में कुल दालों की उपज 441 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, जो करीब 70 वर्षों बाद 757 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पहुंच पाई है। 1951 से 2008 तक दालों के उत्पादन में केवल 45 प्रतिशत तक ही वृद्धि हुई, जबकि दूसरी ओर गेहूं का उत्पादन 320 प्रतिशत और

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं।

चावल का उत्पादन 230 प्रतिशत बढ़ा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 1951 में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दालों की उपलब्धता 60.7 ग्राम थी, जो 2020 में घटकर सिर्फ 47.9 ग्राम रह गई है। राष्ट्रीय कृषि आयोग ने संतुलित आहार में रोजाना 70 ग्राम दाल प्रति व्यक्ति उपलब्ध होने की सिफारिश की थी, लेकिन वर्तमान में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दालों की उपलब्धता महज 55 ग्राम है।

वर्ष 1947 में भारत में दलहन का क्षेत्र गेहूं से भी अधिक हुआ करता था। वर्ष 1972-73 तक गेहूं का क्षेत्रफल लगभग दुगुना हो गया, जबकि दलहन फसलों के क्षेत्रफल में मामूली सी वृद्धि हुई। साठ के दशक से वर्ष 2015-16 तक दलहन फसलों का क्षेत्रफल लगभग स्थिर रहा। वर्ष 1959-60 में भारत में 24.83 मिलियन हेक्टेयर में दलहन फसलों की खेती होती थी। वर्ष 2015-16 में भी इसका एरिया सिर्फ 24.91 मिलियन हेक्टेयर तक ही सीमित रहा। एक ओर दलहन फसलों की खेती नहीं बढ़ी तो दूसरी तरफ हमारे वैज्ञानिक अधिक उत्पादन देने वाली किस्में बनाने में असफल रहे। इससे दालों की मांग और आपूर्ति में काफी अंतर आ गया।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार धान की खेती वाले इलाके 34 प्रतिशत और अरहर की खेती वाले इलाके 65 प्रतिशत कम हो गए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 1951 में दालों की उपलब्धता प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 22.1 किलोग्राम की उपलब्धता थी, जो वर्ष 2021 में घटकर 16.4 किलोग्राम रह गई। वर्ष 1990 में गंगा के मैदानी भागों के किसानों ने दलहन के बजाए दूसरी फसलों का रुख किया था। उत्तर भारत के प्रमुख दाल उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब के किसानों ने पानी और सिंचाई की बेहतर व्यवस्था होते ही दूसरी फसलों का उत्पादन शुरू कर दिया जिसके चलते दालों की खेती मध्य और दक्षिण भारत की ओर शिफ्ट कर गई।

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं। पानी की अत्यल्पता के बावजूद जिन क्षेत्रों में नहरों से पानी की व्यवस्था हो जा रही है, गेहूं और धान उपजाने में लग गए हैं। महाराष्ट्र जैसे दाल उत्पादक राज्य में अब रबी और खरीफ के सीजन के बीच के समय में उगाई जाने वाली मूंग और उड़द की जगह सोयाबीन ने ले ली है। खरीफ मौसम के प्रारंभ में ही देश के कई हिस्सों में बाढ़-सुखा एवं असामान्य वर्षा ने पहले ही दाल की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाता है।

देश को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत अधिक उपज देने वाली किस्मों के बीज उत्पादन और वितरण, उन्नत कृषि मशीनरी और संसाधन, कुशल जलप्रयोग उपकरण, पौधों के संरक्षण उपाय, भूमि में पोषक तत्व प्रबंधन तथा मृदा सुधारक उपाय, प्रसंस्करण और कटाई के बाद के उपकरण, फसल प्रणाली आधारित प्रशिक्षण इत्यादि के माध्यम से किसानों को शिक्षित प्रशिक्षित कर रही है। किसानों को मुफ्त में बीज मिनीकिट के रूप में दालों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान से दालों पर अधिक खोज को बढ़ावा देने और पूरे भारत में दाल उत्पादन के लिए विशिष्ट कृषि-जलवायु क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली है। दालों के लिए 150 बीज केंद्रों की स्थापना की गई।

वर्ष 2014 से 2023 की अवधि के दौरान देश भर में व्यावसायिक खेती के लिए दालों की प्रभावशाली 343 उच्च उपज वाली किस्मों और संकर/हाइब्रिड को आधिकारिक मान्यता दी गई है। अपने अथक प्रयासों के चलते भारत पिछले एक दशक में दालों के उत्पादन को बढ़ाने में सफल रहा है। इसके पीछे बेहतर तकनीक और उत्पादन प्रणाली तथा दालों के उत्पादन को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों के कारण संभव हुआ है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्धशुष्क उष्ण कटिबंधों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान के बीच साझेदारी से अरहर और चना की उच्च उपज वाली फसलों को विकसित करने में मदद मिली है। दक्षिण भारत और मध्य भारत ने दलहन का क्षेत्रफल बढ़ाकर चने के उत्पादन की दुनिया को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले पांच वर्षों में कुल दालों के उत्पादन में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में दालों के प्रमुख उत्पादक छह राज्य हैं जिनमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों की दालों के कुल उत्पादन में 80 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। दालों में चना की लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के बाद सबसे ज्यादा हिस्सेदारी खरीफ में अरहर और उड़द की है। मूंग और मसूर की उपज देश में बेहद कम है। हालांकि दालें खरीफ और रबी दोनों सीजन में उगाई जाती हैं, दालों के कुल उत्पादन में रबी सीजन में उत्पादित दालों का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार अधिक क्षेत्रफल के कारण भारत वर्ष 2023-24 फसल वर्ष में मसूर का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा। निश्चित रूप से भारत को दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित क्रांति, पीली क्रांति, श्वेत क्रांति सदृश एक क्रांति की आवश्यकता है, जो न केवल जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संरक्षण के साथ साथ देश के आर्थिक संसाधनों के पर बोझ भी कम करें।

## प्रसंगवश

# आखिर खुशी है क्या

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बहुत अजीब शै है ये इंसान भी। सारा जीवन मृग मरीचिका में फंसे प्यासे मृग के समान ही काट देता है। इस इंसान रूपी मृग की प्यास पानी नहीं, बल्कि खुशी है। सारा जीवन इसी खुशी की तलाश में भटकता रहता है। मैं जब छोटा बच्चा था तो अपने से बड़ों को तैयार होकर स्कूल जाते देखता था तो जिद करता था उनके साथ स्कूल जाने की। सोचता था वहां बहुत मजा आएगा।

शुरू-शुरू में मजा आया भी, लेकिन फिर स्कूल एक कैदखाना लगने लगा और घर आजादी। सोचा हाईस्कूल में मजा आएगा जहां अनुशासन इतना कठोर नहीं होगा, लेकिन वहां की बोझिल पढ़ाई और डबल बोझिल पढ़ाई के तरीके से दुखी हो गया। अब लगने लगा कि असली मजा तो कॉलेज में है। न किताबों का भारी बोझ, न स्कूल ड्रेस पहनने की झिकझिक और क्लास बंक करने की भी आजादी। कहां इस हाईस्कूल में फंसा हुआ हूं? एक बड़े बच्चे को भी थोड़ी ज्यादा आजादी तो मिलनी ही चाहिए। आखिर आजादी भी मिल गई। क्लास को बंक करने की सुविधा भी और ड्रेस का झमेला भी अब नहीं रहा। शुरू-शुरू में तो बहुत मजा मिला अपनी इस नई-नई आजादी का, लेकिन फिर लगा कि यहां तो किसी को फिक्र ही नहीं। पढ़े-पढ़े, नहीं पढ़े नहीं पढ़े। प्रोफेसर को इससे कोई मतलब ही नहीं। उसका काम क्लास में आना, पढ़ाना और चले जाना।


मुझे फिर स्कूल याद आने लगा। लगा कि एक वो जगह थी कि नहीं पढ़ने पर या होम वर्क नहीं करने पर सजा दी जाती थी। कभी-कभी मुर्गा भी बना दिया जाता था। मास्टर जी को अपने नहीं पढ़ने वाले मुर्गों से भी लगाव होता था। अपने इन मुर्गों का भविष्य संवारने को मास्टर साहब अपनी जिम्मेवारी समझते थे। इसलिए कभी-कभी जिम्मेवारी ज्यादा महसूस होने पर मुर्गों की छड़ी से बकायदा पूजा भी होती थी। मास्टर साहब की यही छड़ी कई मुर्गों को आदमी बना देती थी।

अब कॉलेज में वो छड़ी और मुर्गा बहुत याद आने लगा, लेकिन पीछे लौटना तो संभव नही था। इसलिए आगे देखने पर लगा कि पढ़ाई वढ़ाई से बढ़िया एक अदद सी नौकरी हो। असली मजा तो नौकरी वाले का ही है। महीने की ठीक पहली तारीख को जेब गर्म। न मांगने की शर्मिंदगी और न ही घर वालों को खर्चे का हिसाब देने की झिकझिक। रुपयों की गर्मी से रुआब अपनी जगह। असली राजा तो नौकरी वाला ही है। बाकी तो सब चाकर ही हैं तो चाकर बनना किसे पसंद होता। इसलिए सारा जोर नौकरी के लिए लगा दिया। बैंकिंग, रेलवे, एलआईसी। अब पढ़ाई का एक ही मकसद था, नौकरी कर राजा बन जाना। आखिर ऊपर वाले ने राजा भी बना दिया, लेकिन फिर समझ में आया कि यहां तो मुझसे भी ऊपर बहुत से बड़े-बड़े राजा हैं जिनकी निगाह में तो मैं प्रजा से भी बदतर था। जब दिल करता बुलाकर डांट देते कि टारगेट पूरा क्यों नहीं हो रहा? हर साल के टारगेट ने जिंदगी को एक रेस बना दिया।

रेस के नाम पर याद आया कि एक बार एक आदमी दौड़ के मैदान में उसके साथ हुए एक अजीब वाकये को बताते हुए बोला। यार, उस दिन तो गजब हो गया। मित्र -क्यों क्या हुआ? मैं घोड़ों की दौड़ देखने मैदान गया था। वहां घोड़ों की कतार के पीछे खड़ा होकर घुड़दौड़ देखने के लिए उतावला हो रहा था। मुझे लगा कि जैसे मेरे जूते का तस्मा ढीला हो गया है। मैं अभी झुककर अपने जूते का फीता बांध ही रहा था कि किसी ने मेरी पीठ पर जीन कस दी। मित्र हैरान होकर-फिर, फिर तुमने क्या किया? मैं और क्या करता। किसी तरह जान लगा कर भागा, लेकिन फिर भी दसवें स्थान पर रहा तो मित्रों यहां पर हम सबकी पीठ पर एक अदृश्य जीन कसी हुई है। जिस पर कोई न कोई सवार है। अगर और कोई नहीं तो हमारी ख्वाहिशें ही हमारी पीठ पर सवार हैं और हम भागे चले जा रहे हैं उन्हें पूरा करने के लिए।

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है। आखिर खुशी है क्या?

# सिल्ट का सिस्टम



अरविंद त्रिपाठी
सूचना एवं संचार विशेषज्ञ

देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है।

देश में मानसून आने को है। सभी प्रदेशों में नगर विकास मंत्रियों ने प्राथमिकता के आधार पर शहरी नालों की सफाई का जन-लुभावना ऐलान कर रखा है। जिस प्रकार, विकास और शहरीकरण एक दूसरे का पर्याय हैं। इसी भांति नालों की सिल्ट और चोक सीवरेज के कारण जल भराव एक-दूसरे का पर्याय बन चुके हैं। प्रत्येक वर्ष नालों की सिल्ट साफ करने में पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण असंगठित क्षेत्र के मजदूर जहरीली गैस रिसाव की चपेट में आकर असामयिक मौत का शिकार बन जाते हैं। इस पूरी समस्या की जड़ में, अनियोजित कूड़ा प्रबंधन है। अनियंत्रित उपभोक्तावादी जीवन के कारण शहरीकरण के जन्मजात दोष के रूप में नागरिकों में "सिविक सेन्स" और नगर निगमों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियोजन के अभाव से महानगरों में कूड़े के पहाड़ समस्या बनते जा रहे हैं। इसके चलते हवा और पानी के माध्यम से मृदा और जीवन में जहर घुलता जा रहा है। भूजल की गुणवत्ता कुप्रभावित होने के बाद भूगर्भ जल भी तेजी से कूड़े के पहाड़ों के रिसाव से तेजी से जहरीला होता जा रहा है।

विश्व में सर्वप्रथम हड़प्पा-मोहनजोदड़ो की सभ्यता में नियोजित शहरीकरण का प्रमाण पाया जाता है। ग्रिड आधारित व्यवस्था पर समकोण पर बनी सड़कों और पकी ईंटों की बनी नालियां इस सभ्यता को पूर्व और समकालीन सभ्यताओं से श्रेष्ठ बनाती हैं। इसके साथ ही इन नाले-नालियों में कूड़ा-करकट और सिल्ट की सफाई के लिए बनाए गए सोकपिट की उपलब्धता इन सड़कों की सबसे बड़ी खासियत है। यह साबित करता है कि हम भारतीय ग्रामीण अतिरेक उत्पादन से विकसित हुए नगरों के नागरीय प्रबंधन के भी विशेषज्ञ रहे हैं। इसे यूं भी कह सकते हैं कि नगरीय कूड़ा और घरेलू एवं वर्षा जल प्रबंधन भी हमारे शहरी नियोजन का अनिवार्य भाग रहा है। किंतु दुर्भाग्यवश आज देश की सभी बड़ी नदियां मानव उत्सर्जित मल और अजैविक कूड़ा ढोने की मालगाड़ियां बन चुकी हैं। शाश्वत नगरी वाराणसी की वरुणा और असी नदियां पूरी तरह नाला बन चुकी हैं।

बिट्रिश काल में ही महामना मदन मोहन मालवीय ने तत्कालीन सरकार को इन सहायक नदियों में घरेलू अपशिष्ट न मिलाए जाने का विरोध किया था। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने इस प्रयास के बाद इसकी पुनरावृत्ति न करने के लिए आश्वस्त किया था, इस आश्वासन को कालांतर में भुला दिया गया। इसी क्रम में कानपुर के गणेश शंकर विद्यार्थी ने विधानसभा में कानपुर और वाराणसी की गंगा में गिर रहे नालों के प्रबंधन पर सवाल किया था, जो कि आज भी विधानसभा की लाइब्रेरी में दर्ज है। विद्यार्थी जी के उठाए गए सवालों को सौ वर्ष हो रहे हैं। विदेशी ही नहीं स्वदेशी सरकार भी सभी राजनीतिक दलों की बन चुकी है। सिल्ट की सफाई के माध्यम से गंगा को घाटों पर लाने की जन जागृति अभियान की परिणति सरकारी योजना "गंगा एक्शन प्लान" के दो फेज के रूप में रह चुकी है। इसी तर्ज पर देश की तमाम नदियों की सफाई की करोड़ों धनराशि की सिविल इंजीनियरिंग की योजनाएं बनती और असफल होती रही हैं। देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है। यह कार्य केवल सरकारों के माध्यम से ही नहीं हो सकता है। जनजागरण और जनसहभागिता के लिए शहरों में बनी जनसमितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। साथ ही शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य भाग बनाकर छात्र-छात्राओं को कूड़ा-प्रबंधन का ज्ञान कराया जाना अत्यावश्यक है ताकि "मेरा कूड़ा जमीन नहीं छूता" जैसा जन सहभागी अभियान सार्थक रूप से संचालित किया जा सके। घरेलू निकासी जल और जलघुलित मल के प्रबंधन के साथ ही रासायनिक और औद्योगिक कचरे के प्रबंधन की शिक्षा के साथ ही सरकारों को ट्रीटमेंट प्लांट बनाने चाहिए।

इस दिशा में विश्व के विकसित देशों से सबक लेते हुए भारतीय संस्कृति और संसाधनों को देखते हुए सतत कार्ययोजना बनाकर नालों में गंदगी ठेलने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। बारिश के मौसम के आगमन के पूर्व नालों की सिल्ट साफ करने के साथ ही पानी के सभी कटोरों- यथा, झील, तालाब, सरोवरों आदि की सफाई भी कराना अति आवश्यक है ताकि बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजने में सफलता मिले। दरअसल आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक जीवन उपलब्ध कराने के लिए इन जलनिधियों में जमा सिल्ट की सफाई कर वर्षा जल संग्रह के लिए इन सभी का वास्तविक और ऐतिहासिक स्वरूप स्थापित करने के लिए सरकार को अभियान चलाना ही होगा।

## सोशल फोरम

# सारे संकट की जड़

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है, लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है। मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं।

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभ के विकासकाल से ही मनुष्य जहां औजार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामूहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है, ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है। ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं। पहली चीज समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज पीछे ले जाती है, लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है। यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# संस्कृति और सभ्यता



डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है।

बहुधा मैं 'संस्कृति' और 'सभ्यता' शब्दों को समानार्थक शब्दों के रूप में प्रयोग किए जाते हुए देखता हूं, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। इनमें अंतर है। संस्कृति किसी समाज के सामाजिक रूप से सोचने के तरीके, व्यवहार, व्यवहार के मानकों, नियमों, ज्ञान, विश्वासों, कला, रीति-रिवाजों, तौर-तरीकों, क्षमताओं और आदतों का संयुक्त नाम होता है। इसके घटकों में मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है। यह समाज के अ-पदार्थ पक्ष को दिखाती है।

संस्कृति एक बदलने वाली वस्तु होती है। मनुष्य के बदलते ज्ञान-विज्ञान और बदलती सोच के अनुसार इसमें अंतर आता रहता है। इसका एक उदाहरण है कि हम कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में बड़ों और गुरुजन के चरण स्पर्श किए जाते हैं, लेकिन संभव है कि बदलती सोच, बदलती परंपराओं और बदलते ज्ञान-विज्ञान के अनुसार चरण स्पर्श की परंपरा बदल जाए और लोग केवल हाथ जोड़कर ही बड़ों का अभिवादन करें। यह संभव है कि कभी केवल हाथ हिलाकर और 'हाय' कहकर यह अभिवादन हो। संभव है कि किसी देश की संस्कृति में गले लगकर अभिवादन होता हो तो कहीं हाथ मिलाकर और कहीं गाल या हाथ का चुंबन लेकर। अलग-अलग समाजों की अलग-अलग प्रकार की संस्कृतियां हो सकती हैं। ये डायनेमिक अर्थात् प्रवाहमयी अर्थात् बदलने वाली होती हैं। वहीं सभ्यता की बात करें तो सभ्यता एक ऐसे जटिल समाज को कहते हैं जिसमें नागरिक विकास, विभिन्न सामाजिक स्तर, जीवन जीने के स्तर, शासन का प्रकार और संचार एवं संवाद के प्रतीक, जैसे भाषा और लिपि आते हैं। इसमें संगठित संस्थान जैसे शिक्षा देने की व्यवस्था भी आते हैं। यह चीज समाज की ठोस संरचना पर केन्द्रित होती है। यह समाज के तकनीकी विकास, वहां के शासन और प्रशासन के तरीके, वहां की अर्थव्यवस्था और अनेक प्रकार के विकासों को दिखाती है। उदाहरण के लिए हम कहते हैं सिंधु घाटी की सभ्यता, बेबीलोनियन सभ्यता, मायान सभ्यता, मिस्री सभ्यता, ग्रीक और रोमन सभ्यता और वैदिक काल की सभ्यता आदि। समाज के गुणों को बताने के अतिरिक्त संस्कृति, संस्कार और सभ्यता शब्दों का प्रयोग किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत गुणों को बताने के लिए भी किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति सभ्य और नम्र है, उसका आचार-विचार अच्छा है तो हम यह कहेंगे कि वह एक सुसंस्कृत व्यक्ति हैं। हम कहेंगे कि उसके संस्कार अच्छे हैं। यह संस्कार किसी व्यक्ति के बचपन से प्राप्त विचार और अनुभव होते हैं, जो विचार करने के तरीकों और विश्वासों के रूप में उसके मन-मस्तिष्क में बैठ जाते हैं। यह उसकी शिक्षा-दीक्षा पर निर्भर करते हैं। यह संस्कार व्यक्ति द्वारा कलाओं और सामाजिक क्रियाकलापों जैसी अनेक बातों में भाग लेने और आपस में सामाजिक रूप से घुलने-मिलने से भी बनते हैं। माता-पिता और गुरुजन से प्राप्त विचार भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। कोई व्यक्ति दूसरों को आदर देता है अथवा नहीं, क्रोध करता है अथवा नहीं, वह बातों को समझता है अथवा नहीं, वह सामाजिक नियमों का पालन करता है अथवा नहीं, उसके नैतिक, सामाजिक और धार्मिक विश्वास क्या हैं, ये बातें उसके संस्कार और संस्कारों से बनी उसकी सोच पर निर्भर करती हैं। एक सभ्य व्यक्ति भी व्यवहार के अच्छे तौर-तरीके और शिष्टाचार रखेगा। वह नैतिक और मर्यादायुक्त व्यवहार रखेगा। वह ईमानदार होगा। अतः हम देखते हैं कि जहां समाज के रूप में देखने पर संस्कृति और सभ्यता में अंतर होता है, वहीं व्यक्तिगत गुणों के रूप में इनमें कोई विशेष अंतर नहीं होता है। वहां ये एक-दूसरे को 'ओवरलैप' करते हैं। एक आदमी को हम सभ्य और सुसंस्कृत- दोनों ही कह सकते हैं। हां, हम कह सकते हैं कि 'संस्कृत' और 'संस्कृति' में कुछ अंतर होता है। जहां 'संस्कृत' शब्द व्यक्ति के संस्कारजन्य गुणों को बताता है, वहीं 'संस्कृति' शब्द इन गुणों में विरासत का पुट भी दिखाता है।

# हम सब मिलकर चलें



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बात शहर या कस्बे की नहीं है, बात गांव की है। यह तो मैंने स्वयं देखा है कि गांव में गाय का दूध बेचना निषिद्ध माना जाता था। आज तो पानी का भी व्यापार अरबों, खरबों में है। क्योंकि अब हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, किंतु उन गरीबी के दिनों में छाछ बेचना निषिद्ध था। गांव में यदि लड़की की शादी है तो दूधिए शहर नहीं जाते थे, वह दूध गांव में ही रहता था। आप गरीबी कहना चाहें तो कहिए, किंतु वे कठिनाई के दिन लोगों ने समष्टि भाव से व्यतीत कर लिए थे। आज व्यष्टिभाव का जमाना है। समष्टिभाव के बिना न तो समाजवाद का कोई अर्थ है और न राष्ट्रवाद का जिससे कम्यूनिज्म शब्द बनता है, वह कम्यून शब्द समष्टिभाव गर्भित है।

स्वतंत्रता के संग्राम की शक्ति इसी समष्टिभाव में निहित थी, जो समष्टिभाव को नहीं समझ सकता, उसके लिए देशभक्ति निरर्थक शब्द है। समष्टिभाव के बिना सामाजिक न्याय कदापि सिद्ध नहीं हो सकता, झंडे चाहे कितने ही लगा लो। लोकतंत्र तो समष्टिभाव से ही संचालित हो सकता है, व्यष्टिभाव आते ही वह तानाशाही बन जाएगी। वैदिक साहित्य में यजामहे का प्रयोग बार-बार आता है, हम सब जीवन का यज्ञ कर रहे हैं। संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। हम सब मिलकर चलें, हम सब परस्पर मिलकर संवाद करें और एक-दूसरे के मन को जानें।

# सैनिक की मौत, राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता कुठौंद (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर कस्बा निवासी आर्मी जवान की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर कस्बे में पहुंचा, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।


जवान हरी सिंह।

आर्मी जवान हरी सिंह भास्कर पंजाब के भटिंडा में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान सीने में दर्द हुआ इस पर उन्हें आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से जवानों के द्वारा परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर पूरे गांव में मातम छा गया। हरी सिंह का छोटा भाई शिव सिंह पंजाब में ही रहता था, वह मौके पर पहुंचे तथा सेना द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई के बाद पार्थिव शरीर को बटालियन के जवान बुधवार सुबह पैतृक गांव मदारीपुर लेकर पहुंचे। जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो उनके अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। बटालियन ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। इस दौरान सभी लोगों की आंखें नम रहीं।

हरि सिंह के पिता छक्की लाल का रो-रोकर बुरा हाल हैं। मौके पर पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद नारायणदास अहिरवार, जालौन उपजिलाधिकारी अतुल कुमार व जालौन क्षेत्राधिकारी रामसिंह सहित पुलिस बल व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भारत सिंह आदि मौजूद रहे। परिजनों व ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की, कि फौजी हरि सिंह के नाम से समाधि स्थल एवं पार्क बनाया जाए।

● पंजाब के भटिंडा में थी तैनाती जवानों ने दी सलामी

● कुठौंद थाना क्षेत्र के मदारीपुर के थे निवासी


सलामी देते सेना के जवान, एसडीएम अतुल कुमार व क्षेत्राधिकारी राम सिंह। अमृत विचार


जवान के दुधमुहे बेटे व पिता को अंतिम दर्शन कराते सीओ।

# ग्राम पंचायत सदस्यों ने प्रधान पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** तहसील कालपी की ग्राम पंचायत पाल के ग्राम सदस्यों ने प्रधान पर कागजों फर्जी कार्य दर्शाकर धनराशि हड़पने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच करवाने की मांग उठाई है।

तहसील कालपी क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाल के सदस्य गनेशी देवी, शकुंतला, गेंदारानी, राधाकृष्ण, गुलाब सिंह आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उनकी ग्राम पंचायत में प्रधान जब से निर्वाचित हुए हैं तब से गांव में कोई खुली बैठक नहीं की गई है और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया है। और न ही कोई विकास योजनाओं का प्रस्ताव लिया गया। ग्राम पंचायत में मनमाने तरीके से कागजों में विकास कार्य दिखाकर ग्राम पंचायत का धन हड़पा जा रहा है। ग्राम पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी से मांग उठाई है कि मामले की जांच कराकर कानूनी कार्रवाई की जाए।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते ग्राम पंचायत के सदस्य।

● जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा, कागजों में ही करवा रहे विकास कार्य

# खराब हैं 1 दर्जन हैंडपंप, पानी को दर-दर भटक रहे ग्रामीण

## ग्राम अकोढ़ी दुबे में पेयजल की समस्या

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में पेयजल की दिक्कत न हो इसके लिए सरकार और प्रशासन लगातार प्रयासरत है। खराब हैंडपंपों को ठीक कराने के लिए ग्राम पंचायतों को सख्त निर्देश भी दिए गए हैं। इसके बाद भी ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में लगभग 1 दर्जन हैंडपंप खराब पड़े हैं तथा आधा दर्जन हैंडपंपों में लोगों ने सबमर्सिबल पंप डाल रखे हैं। इसके चलते ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। कई बार ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव तथा विकास खंड पहुंचकर भीषण गर्मी में पीने का पानी मुहैया कराने की मांग की, इसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांवों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने व गांवों के विकास के लिए नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारी गांवों में नहीं जा रहे हैं। गांव में न जाने के कारण उन्हें ग्रामीणों की समस्याओं का एहसास नहीं हो रहा है। गांव में एक दर्जन से ज्यादा सरकारी हैंडपंप खराब है इससे ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। साथ ही अभी तक नमांमि गंगे परियोजना के तहत जलापूर्ति शुरू नहीं हो पायी है। ऐसे में लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। गांव के राम लखन निरंजन, इस्माइल, भाजपा नेता मूल शरण कुशवाहा, कैलाश वर्मा, हर नारायण चौधरी, खेमराज के दरवाजे व प्रभु शंकर के मंदिर के पास समेत दर्जन भर हैंडपंप खराब है। भाजपा नेता मूलशरण कुशवाहा के दरवाजे का हैंडपंप लगभग 20 दिन से खराब है। सार्वजनिक स्थल शंकर जी के मंदिर के पास के हैंडपंप की तो मशीन तक गायब हो गयी है। गर्मी के मौसम में पानी न मिलने से ग्रामीण परेशान हैं।


खराब पड़ा हैंडपंप।

# ग्राम पंचायत में लटक रहा ताला, ग्रामीण हो रहे परेशान

कार्यालय, संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** ग्रामीणों को गांव में ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंचायत भवनों में ग्राम पंचायत सचिवालय स्थापित किये गये हैं। ग्राम पंचायत सचिवालय में पंचायत मित्र के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है। किन्तु ग्राम अकोढ़ी दुबे में ग्राम पंचायत सचिवालय का कम्प्यूटर व इंवर्टर खराब पड़ा है तथा दिन में बिजली नहीं आ रही है, जिससे ग्राम पंचायत सचिवालय में ताला लटक रहा है। इससे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकार ग्रामीणों की समस्याओं को कम करने व उन्हें सहूलियत देने का प्रयास कर रही है। इसके लिए गांव में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में ग्रामीणों की सहूलियत व सरकारी योजनाओं के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। इसके लिए गांव के पंचायत भवन में ग्राम पंचायत सचिवालय शुरू कराया गया था। कम्प्यूटर तथा इंवर्टर आदि की व्यवस्था के साथ पंचायत सहायक दीपमाला की नियुक्ति की गयी थी। ग्राम पंचायत सचिवालय का लगभग 3 महीने से इंवर्टर खराब पड़ा है। एक महीने से ज्यादा समय से कम्प्यूटर का सीपीयू नहीं है। सीपीयू सचिव नीता राठौर ले गईं थीं, उन्होंने वापस नहीं भेजा। व्यवस्था न होने व दिन भर बिजली न आने के कारण ताला लगा है।


अकोढी दुबे ग्राम पंचायत भवन में लगा ताला।


योगाभ्यास करते अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण। अमृत विचार

# अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

**माधौगढ़, जालौन।** बुंदेलखंड के प्रमुख तीर्थ पंचनद संगम में यमुना के तट पर विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के संदर्भ में जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में आयुष विभाग जनपद जालौन द्वारा संपूर्ण जनपद में योग सप्ताह मनाते हुए प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह के नेतृत्व में जनपद जालौन के प्रमुख तीर्थ स्थल पंचनद संगम कंजौसा भिटौरा में यमुना नदी के तट पर योग शिविर लगा। योग शिविर में शामिल होने के लिए माधौगढ़ तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी जनपद के अनेक आयुष चिकित्सालयों के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं पंचनद क्षेत्र के आसपास के गांव के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ लोगों तथा ग्रामीण एकत्रित हुए तथा योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक राजेंद्र राठौर ने गायत्री व महामृत्युंजय मंत्रोच्चारण के उपरांत विभिन्न रोगों में लाभकारी अनेक प्रकार की योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया। शिविर में डॉ. रश्मि वशिष्ठ (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी) हदरुख द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से योग के उपयोगिता तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह ने योग शिविर में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रीय ग्रामीणों का आभार जताया।

# युवक की मौत पर परिजनों ने हाईवे किया जाम

**उरई।** युवक की संदिग्ध मौत को लेकर बीती देर रात परिजनों ने प्रदर्शन कर हाईवे जाम कर दिया। इससे हाईवे का यातायात घंटों जाम रहा। सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद सड़क पर बैठे लोगों को हटाया। मंगलवार देर रात जिला मुख्यालय के चुरखी चौराहे के पास रहने वाले बद्री प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र अली की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा था, देर रात शव को बीच सड़क में रखकर परिजनों ने हंगामा किया। सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, प्रदर्शन कर रहे परिजन मृतक की बहनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर अड़े रहे। पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

## गर्मी से युवक की मौत

**कालपी।** कोतवाली कालपी के समीप दुर्गा मन्दिर परिसर में गर्मी के चलते 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गत दिवस शाम को दुर्गा मन्दिर के समीप एक युवक ने दम तोड़ दिया। मन्दिर परिसर में मृतक का शव पड़ा होने की सूचना मन्दिर के पुजारी राजेन्द्र द्विवेदी को मिलीं, उन्होंने तत्काल सूचना कोतवाली कालपी के प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक को दी। महमूदपुरा चौकी इंचार्ज सन्तोष कुमार शुक्ला ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा युवक की शिनाख्त करवाई। युवक की शिनाख्त हीरापुर निवासी चन्द्रशेखर उर्फ चन्दू पुत्र जमनादास के नाम पर हुई। बताया जाता है कि युवक की मौत गर्मी के चलते हुई है।

## सार-संक्षेप

### गैस रिफिलिंग की सूचना, दुकानों में मारा छापा

**कालपी जालौन।** उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन के नेतृत्व में आपूर्ति लिपिक की टीम द्वारा कालपी के बाजार में गैस रिफिलिंग की सूचना पर दुकानों का औचक निरीक्षण किया। लेकिन निरीक्षण के दौरान कुछ नहीं मिलने पर जरूरी निर्देश देकर टीम बैरंग लौट गई। टीम ने टरननगंज, जुलैहटी, बाईपास, खोवामंडी के आसपास की दुकानों में छापेमारी की।

### योगासन प्रतियोगिता 21 को

**कालपी जालौन।** नगर के बिहारीजी मंदिर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर में घुमंतू हसंतू क्लब, महिला पतंजलि योग समिति, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में होगा। प्रोटोकॉल का अभ्यास महिला पतंजलि महामंत्री कालपी शारदा मिश्रा एवं उनकी टीम के द्वारा कराया जायेगा। इस दौरान 10 से 18 साल के बच्चों की योगासन प्रतियोगिता भी होगी।


रायबरेली सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

# केक काटकर मनाया राहुल का जन्मदिन

**उरई।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी का जन्म दिन कांग्रेसियों ने केक काट कर मनाया। उरई के शहीद भवन के कांग्रेस कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश से राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा, मोम बत्ती जलाई, और फिर केक को कार्यकर्ताओं में बांटा गया, कार्यक्रम में उपस्थित धीरेंद्र शुक्ला ज़िलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जालौन, कमल दोहरे, मज़हर खां, फरीद अंसारी, चांद मियां, शेर सिंह दोहरे, राजीव तिवारी,अमिताभ दीक्षित, अरविंद यादव, रेहबर आदि मौजूद रहे।

# सीजनल संग्रह अमीनों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जालौन।** बीते 23 वर्षों से काम न मिलने के कारण सीजनल संग्रह अमीन घर पर बैठे हैं। संग्रह अमीनों ने जिलाधिकारी को प्रत्यावेदन दिया है। राजस्व विभाग ने राजस्व वसूली के लिए 1989 में सीजनल अमीनों की नियुक्ति की थी। इन अमीनों ने मेहनत करके सरकार का राजस्व वसूल कर खजाने को भरा था। सरकार ने अधिकांश सीजनल अमीनों को स्थाई कर दिया है। किंतु तहसील में अभी भी आधा दर्जन से अधिक सीजनल अमीन ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक सरकार द्वारा स्थाई नियुक्त नहीं दी गई है।

# साहब ! मोबाइल में नेटवर्क नहीं आता

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय उरई तहसील क्षेत्र के मिनौरा के दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मोबाइल नेटवर्क न आने की शिकायत जिलाधिकारी से की है। तहसील उरई क्षेत्र के ग्राम मिनौरा निवासी अमित दीक्षित, समित द्विवेदी, सुन्दरम तिवारी, हेंमत राज, भरत दीक्षित, अखिलेश चौधरी प्रधान प्रतिनिधि, आनंद, गौरव, शरद यादव, रामनरेश, आशीष गुप्ता ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में मोबाइल नेटवर्क न आने से बच्चों की पढ़ाई एवं व्यवसाय प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी कई बार इसकी शिकायत जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन वहां से हम लोगों को झूठा भरोसा ही मिला है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी से समस्या को जल्द हल करवाने की मांग की है।


जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देने जाते मिनौरा के ग्रामीण। अमृत विचार

गोष्ठी आयोजित — 444 हेक्टेयर में लगाए जाएंगे 13 लाख पौधे, लोगों से अभियान में सहभागी बनने की अपील

# बारिश होते ही शुरू किया जाएगा पौधरोपण

संवाददाता,कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार की मौजूदगी में पेड़ लगाओ पेड़- बचाओ गोष्ठी नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान लोगों से छायादार तथा फलदार पौधे रोपित करने का आह्वान किया गया। वन क्षेत्र कालपी के परिसर में स्थित नर्सरी में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण तथा धरती को हरा भरा करने के लिए वृक्षों का होना बहुत ही जरूरी है। इसलिए सभी नागरिक जागरूक होकर पौधों को रोपित करें। पौधों को संतान के तरीके से संरक्षित करें। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि उपवन संरक्षक प्रदीप कुमार के निर्देशन पर इस वर्ष वनराजि क्षेत्र कालपी में 444 हेक्टेयर भूमि में वृहद पौधरोपण के अंतर्गत 13 लाख से अधिक छायादार पौधे लगाये जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि पहली बारिश होते ही पौधे लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। नेशनल हाईवे के किनारे छायादार एवं फलदार पौधे लगाकर हराभरा किया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि वनराजि क्षेत्र के अलग-अलग जंगलों तथा सार्वजनिक स्थानों में पौधारोपण करने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

भूमि में अग्रिम मृदा कार्य भी पूरा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन ग्रामों में पौधारोपण किया जाएगा। उनमें जोल्हूपुर में 55 हेक्टेयर भूमि में, छौंक गांव में 40 हेक्टेयर, हरकूपुर में 20 हेक्टेयर, शाहजहांपुर 15 हेक्टेयर, उकासा में 20 हेक्टेयर, जयरामपुर में 15 हेक्टेयर, आलमपुर में 75 हेक्टेयर, इमिलिया में 90 हेक्टेयर, काशीरामपुर में 20 हेक्टेयर, सुल्तानपुर में 40 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण किया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी के अनुसार झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे 17 हेक्टेयर भूमि में अभियान के तहत छायादार तथा फलदार पौधे लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि पहली ही बारिश में पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए विभाग के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गोष्ठी में हरि ओम, प्रदीप कुमार के अलावा ग्राम प्रधान तथा सभासद गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव, वन क्षेत्राधिकारी संजय यादव। अमृत विचार


मोबाइल लौटाते एसपी डॉ. ईरज रजा। अमृत विचार

# गुम हुए 121 मोबाइल बरामद कर लौटाए

कार्यालय संवाददाता

**उरई (जालौन)।** पुलिस ने चोरी व गुम हुए मोबाइलों को खोजने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 121 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए हैं। इन मोबाइलों की कीमत करीब 22.5 लाख रुपये मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ईरज रजा के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने गुम हुए या फिर अन्य किसी तरह से गायब हुए मोबाइलों की खोजबीन शुरू की। तो साइबर थाना पुलिस को भारी सफलता मिली। इसके तहत साइबर थाना पुलिस ने 121 गुम हुए मोबाइल फोनों को बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर थाना पुलिस द्वारा सभी बरामद किये गये मोबाइलों की कीमत लगभग 22 लाख 50 हजार रुपये आंकी गयी है। एसपी ने मोबाइल स्वामियों को बुलाकर मोबाइलों को उनके सुपुर्द किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि, मैं **श्रीमती सीमा सिंह पत्नी श्री पीयूष सिंह निवासिनी :– मोहल्ला सकलेनाबाद, जिला गाज़ीपुर,** मेरा प्लाट संख्या– 4, 5, ग्राम मिर्ज़ापुर, परगना लखनऊ, तहसील बक्शी का तालाब, 4536 व. फु., खसरा नं. 369, 372, 361स, 362, रजिस्ट्री सं.248/05, निबंधन सं. 3783/04, खाता सं. 00040, जोकि श्री अनुराग गुप्ता ने पावर आफ अटार्नी के द्वारा (पावर आफ अटार्नी नवनीत ललाम से अनुराग गुप्ता जो बही संख्या 4 जिल्द संख्या 18 पृष्ठ संख्या 191 से 202 क्रमांक 49 दिनांक 09/09/2008 को रजिस्ट्रीकृत) नीलम सिंह को विक्रय किया था, जिसे मैंने नीलम सिंह से क्रय किया था, इसमें अनुराग गुप्ता कि मूल रजिस्ट्री व पावर ऑफ़ अटार्नी वास्तव में कहीं खो गई हैं। किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा ।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा MOHD SADADAM KHAN था। अब बदलकर MOHD SADDAM KHAN हो गया है मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाम। अन्य कोई नाम नहीं है। **पता – मोहम्मद सद्दाम खां पुत्र बुद्धू खां राजापुर बुलबुल नेवाज बहराइच, 271882**

**सूचना**
मैंने अपने बेटे दीवांश गुप्ता के नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 216695 114 कराई थी। किंतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक में इनका नाम दिव्यांश कसौंधन लिख गया है। अतः अब मेरे बेटे दीवांश गुप्ता को दिव्यांश कसौधन के नाम से जाना जाए। **दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद गुप्ता निवासी– रगड़गंज बाजार जनपद– गोंडा**

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का मूल मार्कशीट जिसका क्रमांक IN-UP 78962997525132W है जो कहीं खो गया है। **प्रार्थी– शुभम यादव पुत्र विनय यादव वार्ड नं 20 गोपाल नगर (कबिलसहां) नगर पालिका हाटा जनपद कुशीनगर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपना नाम PASI AJAY KUMAR SARAJU PRASAD से बदल कर AJAY KUMAR PASI रख लिया है। अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O - SARAJU PRASAD PASI ADD- PADRI KHURD UNNAO (U.P.)

**सूचना**
सूचित किया जाता है पूर्व में मेरा नाम शुभम था जिसे परिवर्तित करके मैने अपना नाम शुभम गोस्वामी रख लिया है। मुझे भविष्य में शुभम् गोस्वामी के नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **शुभम् गोस्वामी पता – 117/71 पुरानी बस्ती काकादेव, कानपुर नगर, 208025**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा प्रथम नाम गलती से आशा पाण्डेय अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक प्रथम नाम आशा एवं उपनाम पाण्डेय है। मुझे इसी नाम एवं उपनाम से जाना जाये। **आशा पाण्डेय पत्नी रमाकांत पाण्डेय, इटावा**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन, नि0 मो0 पठान–4, कस्बा व तह0 पलिया जिला खीरी।** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं0 यू.पी. 31 20140008349 में मेरा नाम इखलाख हुसैन (IKLAKH HUSAIN) अंकित हो गया है जोकि गलत है। मेरा सही नाम इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन है जो कि सही है अतः मेरा सही नाम IKLAK S/0 ISTIYAK HUSAIN ड्राइविंग लाइसेन्स पर अंकित किया जाय।


**सूचना**
सूचित हो कि मै **गणेश शंकर सोनी पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी– मौनी मोहल्ला, मजरे घूरेमऊ, थाना सरेनी, जिला रायबरेली** मेरा पुत्र भीमशंकर सोनी व पुत्रवधू स्वाती पत्नी भीमशंकर का चाल चलन, व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के प्रति अच्छा नहीं है और आये दिन लड़ाई झगडा व मारपीट करते रहते है उसके इन कृत्य से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भीमशंकर सोनी व उसकी पत्नी द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ताव व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वंय उत्तरदायी होगा।

# एसडीएम की लताड़ से क्षुब्ध किसान ने दी जान

## शव नहीं उठने दिया, डीएम को बुलाने की मांग पर अड़े परिजन

संवाददाता, खागा-फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक किसान का घर के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक के पुत्र ने आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग की शिकायत करने पर तहसील दिवस में एसडीएम ने फटकार लगाई थी। उसी से क्षुब्ध होकर पिता ने फांसी लगाकर जान दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


रवीकरन सिंह।

खागा कोतवाली क्षेत्र के पाई गांव के रहने वाले किसान रवीकरन सिंह उर्फ मक्खन सिंह का शव घर के बाहर छप्पर की धन्नी में फंदे से लटका मिला। मृतक के पुत्र दरियाव सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए आरोप लगाया कि 15 जून को पिता जमीन के मामले में तहसील दिवस पर गए थे। यहां एसडीएम ने चकबंदी अधिकारी का पक्ष लेते हुए उन्हें फटकार दिया था। उसी को लेकर पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे ने कहा कि जब तक मौके पर डीएम नहीं आतीं हैं, तब तक शव को उठने नहीं दिया जाएगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिवार के लोगों से बातचीत के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों से परेशान होकर एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।


घर के बाहर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

"तहसील समाधान दिवस पर मृतक रवी करन सिंह की शिकायत जिलाधिकारी की उपस्थिति में सुनी गई थी। राजस्व विभाग को मौके पर जाकर निष्पक्ष पैमाइश कर निस्तारण कराने की बात कही गई थी। बीती रात हुई घटना को लेकर कुछ खबरें सोशल मीडिया में चल रही हैं जो राजस्व विभाग को बदनाम करने की एक साजिश भी हो सकती है।
–अतुल कुमार गंगवार, एसडीएम

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में हुआ था विवाद

मृतक के पुत्र द्वारा आरोप लगाने के बाद एसडीएम खागा अतुल गंगवार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में आयोजित किया गया था। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एक प्रार्थना पत्र रवी करन सिंह उर्फ मक्खन सिंह पुत्र स्व. जागेश्वर सिंह निवासी पाई खागा कोतवाली द्वारा चकबंदी अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध दिया गया। प्रार्थना पत्र में चकबंदी विभाग के ऊपर आरोप लगाया गया था कि प्रार्थी की भूमिधरी की जमीन को चकबंदी अधिकारी रवींद्र नाथ पांडेय, कानूनगो लाल बहुदार व लेखपाल संदीप श्रीवास्तव द्वारा अवैध ढंग से विभाजित कर उस पर सड़क निकाल दी गयी है। कहा कि रवी करन सिंह उर्फ मक्खन सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सम्बंध में रवी करन सिंह को अवगत कराया गया था कि यदि चकबंदी अधिकारी के न्यायालय से निर्णीत वाद में आपको कोई आपत्ति है, तो बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के यहां वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त कर सकते हैं। अन्य फरियादियों की तरह इनके प्रार्थना पत्र पर सहायक चकबंदी अधिकारी से जानकारी कर चकबंदी अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई के लिए कहा गया था। रवी करन ने चकबंदी अधिकारी कार्यालय में 17 दिसम्बर 2023 को दिन में एक बजकर 25 मिनट में पत्नी कुसमा देवी के साथ पहुंचकर धमकी दी थी कि कुसमा देवी बनाम सरकार का वाद आपके विचाराधीन है। फैसला मेरे पक्ष में नहीं आता है तो आत्महत्या कर लूंगा। इस पर 18 दिसम्बर 2023 को चकबंदी अधिकारी द्वारा मृतक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# अनियंत्रित हुई रोडवेज बस, यात्री बचे, चालक-कंडक्टर भागे

संवाददाता, औंग

**अमृत विचार।** बांदा से कानपुर जा रही एक रोडवेज बस बुधवार दोपहर में हादसे का शिकार हो गई। हालांकि हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। अनियंत्रित बस रोड से उतरकर खंती में जा घुसी और हादसा होते ही चालक व परिचालक मौके से भाग निकले।

बुधवार के दिन करीब 11 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब बांदा से कानपुर जा रही बांदा डिपो की एक रोडवेज बस तेज रफ्तार में अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा बस बहुत तेज रफ्तार में थी और जैसे ही बस तेंदुली के पास पहुंची तभी बस रोड से उतरकर खंती में जा घुसी। इस दौरान जहां यात्रियों में चीख पुकार मच गई वहीं चालक व परिचालक बस छोड़कर मौके से भाग निकले। स्थानीय लोग दौड़कर मदद के लिए मौके पर पहुंचे और सभी यात्रियों को किसी तरह से बाहर निकाला गया। बताया कि हादसे के समय बस में महिलाएं, पुरुष व बच्चों समेत करीब 40 सवारियां यात्रा कर रही थी। ग्रामीणों की सूचना पर फतेहपुर डिपो से बाबू अर्जुन सिंह मौके पर पहुंचे और बस का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी सवारियां सुरक्षित है जिन्हें दूसरी बसों से उनके गंतव्य तक भेज दिया गया है।


हादसे के बाद खंती में घुसी रोडवेज बस। अमृत विचार

- बस सड़क से उतरकर खंती में घुसी, बांदा से कानपुर जा रही थी

## एक नजर

### छत से गिरकर बच्ची घायल

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव में मंगलवार की शाम जीतेन्द्र यादव की चार वर्षीय पुत्री रीतिका छत पर खेल रही थी। अचानक तेज हवा के झोंके के साथ छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन फानन निजी साधन से बच्ची को घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया और भर्ती कराया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** धाता पुलिस ने जाम गांव निवासी राजू विश्वकर्मा पुत्र अवध बिहारी विश्वकर्मा के खिलाफ चोरी समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायालय रवाना किया है।

### बालिकाओं को किया जागरुक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर बुधवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहीं। उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

# मामूली बारिश से राहत मिली तो उमस भरी गर्मी शुरू हो गई

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्री-मानसून बौछार के बाद उठे भभके से उमस बढ़ गई। अधिकतम पारा 42 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे के बाद हल्के बादल छटने शुरू हुए। दोपहर 12 बजे तक आसमान साफ होने पर सूरज की गर्मी से लोग बेहाल हो गए। दोपहर तीन बजे तक सूर्य की तल्खी और पश्चिम की गर्म हवाओं ने झुलसाया।

बता दें कि बुधवार की दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे करीब 15 मिनट तक रिमझिम बारिश से सड़कें भीगीं, जिससे उठे भभके ने उमस बढ़ा दी। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून मंगलवार दोपहर एक बजे उड़ीसा पहुंच गया। संभावना है कि 25 जून तक दोआबा तक पहुंच जाएगा। उधर पानी की बूंदे गिरनी शुरू होते ही बिजली गुल हो गई। साढ़े पांच बजे गई बिजली ठीक एक घंटा बाद साढ़े छह बजे आई। 10 मिनट रुकी और फिर चली गई। बिजली की यह आंखमिचौली दिन-रात जारी है।

इससे शहरी हलाकान हैं। बेपटरी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। देर शाम करीब आठ बजे आबू नगर इलाके में दो फेस ही गायब हो गए।

करीब रात 12 बजे तक इस फीडर से जुड़े इलाकों की बिजली गुल रही। वहीं इक्का-दुक्का घरों में आ रही बिजली के चलते पड़ोसियों के यहां से कटिया जोड़कर काम चलाया। लोग अफसरों को कॉल और मैसेज कर पूछते रहे कि बिजली कब आएगी। सुबह साढ़े पांच बजे फिर से एक बार आबू नगर की बिजली गुल हो गई।


दोपहर में तेज धूप का रहा साया। अमृत विचार


शाम को 15 मिनट की बारिश से मिली राहत। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखना चुनौती

गर्मी के कारण फाल्ट की संख्या बढ़ गई है और इन फाल्टो की मरम्मत करना भी किसी मुसीबत से काम नहीं है। 42 डिग्री तापमान में बिजली के पोल पर जाकर मरम्मत करना मुश्किल हो रहा है। इसी तरह ट्रांसफार्मर गर्म होकर खराब हो रही है और उन ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने भी एक बड़ी चुनौती का काम है। ट्रांसफार्मर गर्म होकर खराब ना हो इसके लिए विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर पर कूलर लगाए गए है ताकि उन्हें ठंडा रखा जा सके।

### ओवरलोडिंग का बोझ नहीं उठा पा रहे ट्रांसफार्मर

इस घटते-बढ़ते हुए तापमान में ट्रांसफार्मर भी गर्मी और ओवरलोडिंग का बोझ नहीं सह पा रहे हैं और अक्सर तकनीकी खराबी आ जाती है। ऐसे में ट्रांसफार्मर को गर्म होने से बचाना बिजली विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर के सामने कूलर लगाई गई है उन में लगातार पानी भरा रहता है ताकि कूलर की ठंडी हवा देकर ट्रांसफार्मर को गर्म होने से बचाया जा सके। इसके बाद भी कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है।

## सार-संक्षेप

### पाउच के पानी का स्वाद खराब, एक्सपायरी डेट भी नहीं

**किशनपुर।** उमस भरी गर्मी से परेशान लोग ठंडे पानी का सहारा लेते हैं। ऐसे में पानी का अवैध कारोबार भी तेजी पर है। जगह-जगह पाउज में बिकने वाले पानी का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। खुलेआम दुकानों में बिना एक्सपायरी डेट का पानी बेचा जा रहा है। विजयीपुर क्षेत्र में बिना एक्सपायरी डेट के पानी को खरीद कर प्यास बुझा रहे हैं लेकिन यह पानी लोगों के स्वास्थ्य पर बड़ा असर डाल रहा है। पानी खरीदने के बाद भी लोगों को पानी फेंकना पड़ रहा है। खुलेआम कस्बे में सक्रिय इस कारोबार में खाद्य विभाग भी खामोश है। ऐसा भी नहीं है कि खाद्य विभाग को इस पानी के अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है। नाम न छापने की शर्त पर कई दुकानदारों ने बताया कि पानी के पाउच में एक्सपायरी डेट गायब है। पानी का पाउज खोलने के बाद पानी से अलग तरीके की बदबू आती है। पानी का स्वाद इतना खराब है कि लोग पाउच खरीदने के बाद भी पानी को फेंक दे रहे हैं। इस पानी को पीने के बाद लोगों को उल्टियां हो रही हैं। लोगों की मानें तो इस पानी की पैकिंग खागा कस्बे में की जाती है। वहीं से क्षेत्र की सैकड़ों दुकानों पर इसके सप्लाई होती है। कस्बे के मुख्य चौराहे पर भी अवैध एक्सपायरी डेट के पानी की बिक्री भी तेज है। कस्बे में पैकिंग किए जा रहे इस पानी पर खाद्य विभाग मेहरबान है।



बाजार में बिकते पानी के पाउच।

### रूरल बैकयार्ड योजना का लक्ष्य तय

**फतेहपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवल किशोर ने बताया कि जनपद में रूरल बैकयार्ड बकरी योजना के तहत 12 इकाइयों का लक्ष्य निधारित किया गया है। चयन प्रक्रिया निर्धारित गाइडलाइन्स के अनुसार किया जाना है। बताया कि पत्र के साथ निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार भुमिहीन महिला, पुरुष विधवा निराश्रित महिला एवं कोविड प्रभावित परिवार एवं अनुसूचित जाति, जनजाति, दिव्यांग जन के लिए आवंटित आरक्षण आदि को सम्मिलित करते नवीन चयन की सूची, विवरण शीघ्र-अतिशीघ्र निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराएं। जिससे कि लाभार्थियों की सूची निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग लखनऊ को प्रेषित करते हुये अग्रिम कार्यवाही की जा सके। इसी तरह जनपद में भेड़ पालन योजना के तहत पांच इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चयन की सूची, विवरण निदेशक पशुपालन विभाग को प्रेषित की जाएगी।

### कार और बाइक में टक्कर के बाद दो पक्ष भिड़े

**फतेहपुर।** कार और बाइक की टक्कर लगने के बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष में मारपीट शुरू हो गई। बीच बचाव को आई महिला को भी पीट दिया गया। बीच सड़क पर मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों पक्ष चले गए। सदर कोतवाली क्षेत्र के सबसे व्यस्त सड़क पत्थर कटा चौराहा के बीच बाइक सवार और कार में मामूली टक्कर लगने के बाद कार सवार और बाइक चालक में विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष में मारपीट शुरू हो गई। बीच सड़क शुरू हुई मारपीट को रोकने एक पक्ष की महिला पहुंची तो उसको भी पीट दिया गया। बीच सड़क हो रही मारपीट का किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची जब तक पुलिस पहुंची दोनों पक्ष भाग गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि आये दिन इस चौराहा पर मारपीट की घटना होती है। उसके बाद भी यहां पर पुलिस बल तैनात नहीं किया जाता है। मारपीट करते युवाओं को हटाने के लिए आस पास के लोग पहुंचे। लेकिन दोनों पक्ष मारपीट करते रहे। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मारपीट की जानकारी नहीं है। किसी ने कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। अगर प्रार्थना पत्र मिलता है तो जांच कर कार्रवाई होगी। चौकी इंचार्ज को मौके पर भेजा गया है।

# अनुपस्थित अभियंताओं से स्पष्टीकरण तलब

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम व तृतीय एवं सहायक अभियन्ता-विद्युत भंडार गृह के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डीएम के समक्ष कृषकों के द्वारा सामूहिक रूप से फसल बीमा का प्रीमियम बैंकों द्वारा बिना कृषक स्वीकृति के काटे जाने की शिकायत की गयी। फसल बीमा कंपनी के द्वारा समय पर बीमा क्षतिपूर्ति का भुगतान न करने एवं उनके दावों को अकारण निरस्त किये जाने की शिकायत की गयी।

जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबन्धक को कृषक एवं बैकर्स के साथ एक आवश्यक बैठक समय निर्धारित कर यथाशीघ्र आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये एवं प्रकरण के निदान के लिए उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए। कहा कि उनके स्तर से पत्र तैयार कर शासन को पत्र प्रेषित किया जाये जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही फसल बीमा प्रतिनिधियों को बीमित कृषकों की सूची को उपलब्ध कराये जाने के साथ समस्त बीमित कृषकों से बोयी गयी फसल की जानकारी कर उनकी बीमा प्रीमियम कटौती की सहमति की सूचना एक सप्ताह के अन्दर अग्रणी जिला प्रबन्धक के माध्यम से बैंकों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

वहीं जिला उद्यान अधिकारी द्वारा केला एवं प्याज की खेती करने एवं लाभार्थी परख योजनाओं के अनुदान के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। चन्द्रपाल निवासी नासिरपुर द्वारा राजकीय कृषि बीज भण्डार से हसवा से बीज क्रय किये जाने के बाद पीओएस मशीन के माध्यम से अनुदान न मिलने की समस्या की शिकायत की गयी। प्रहलाद सिंह निवासी साल्हेपुर ब्लाक अमौली द्वारा सोलर पम्प अनुदान पर न मिलने की शिकायत की गयी। डीएम ने मामले संज्ञान में लेकर उप कृषि निदेशक से निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह कई किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ पवन कुमार मीना, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी ईईसी, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, सहायक निदेशक समेत तमाम किसान मौजूद रहे।


बैठक करतीं जिलाधिकारी सी. इंदुमती। अमृत विचार

- किसान दिवस : फसल बीमा का भुगतान न होने की शिकायत

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 जुलाई तक चलेगा

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शासन द्वारा प्रस्तावित संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 जुलाई तक चलेगा। दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इस्तियाक अहमद ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभारी नियंत्रण तथा कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों के कार्यो एवं दायित्वों को निर्धारित किया है।

ब्लॉक स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठकें ब्लॉक स्तर पर 20 जून को आयोजित होगी। प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक 22 जून को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में होगी। ब्लॉक स्तर के नोडल अध्यापकों द्वारा संवेदीकरण कार्य ब्लॉक वार योजना बनाकर 24 से 27 जून के मध्य पूर्ण की जाएगी। नगर पालिकाओं में संवेदीकरण की बैठक 25 जून तथा नगर पंचायतों में बैठक 26 जून होगी। ब्लॉक स्तरीय प्रधान व ग्राम विकास अधिकारियों संवेदीकरण बैठक 27 व 28 जून तक पूर्ण कराई जाएगी। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु ब्लॉक तथा जनपद स्तरीय संबंधित विभाग के अधिकारी माइक्रोप्लान 27 जून को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

सीएमओ ने समस्त अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्त निर्धारित गतिविधियों के क्रियान्वयन के साथ विभागों द्वारा समन्वय बनाकर सहयोग प्रदान करें।

- 11 से 31 तक चलाया जाएगा दस्तक अभियान

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

इलाज की दरकार — पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक मरीजों की भीड़

# जिला अस्पताल में रोज पहुंच रहे एक हजार बीमार

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसमी बीमारियों में तेजी से वृद्धि होने लगी है। सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में इस समय मरीजों की काफी भीड़ देखी जा रही है। वहीं दवा देने के साथ डॉक्टर मरीजों को बचाव के लिए जरूरी सलाह भी दे रहें हैं। जिला अस्पताल में रोजाना एक हजार से अधिक मरीज ओपीडी में देखे जा रहे हैं।

बुधवार को जिला अस्पताल में दोपहर साढ़े बारह बजे तक करीब छह सैकड़ा मरीज देखे जा चुके थे। जिसमें 80 बुखार से पीड़ित थे। लगभग 50 मरीज उल्टी, दस्त पेट दर्द के थे 24 मरीज भर्ती किये गए हैं। लगभग 130 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस दौरान मरीजों को इलाज के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ा। सुबह से ही जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। फिजीशियन, हृदय रोग विशेषज्ञ और पैथोलाजिस्ट के पास मरीजों की लंबी लाइन थी। सुबह को एक सर्जन ओपीडी में बैठे थे बाद में ओटी में चले गए। इसके चलते मरीजों को इंतजार करना पड़ा। नाक, कान, गला के डॉक्टर के पास भी मरीजों की भीड़ थी। मौसम में जो उतार चढ़ाव चल रहा है इससे लोगों के गले में इंफेक्शन हो रहा है। ऐसे में लोगों को बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एनके सक्सेना ने बताया कि इस समय हीटवेब का समय है जो कि एक पखवाड़े तक तो रहना ही है ऐसे में जरूरी काम हो तो ही घरों से निकलें। वहीं घर से निकलते समय सिर को ढक लें। गर्मी या धूप में चलने के दौरान एकदम ठंडा पानी न पिएं। इलेक्ट्राल, ग्लूकोस, नीबू पानी आदि का सेवन करें। मौसम के बदलाव के चलते उल्टी, दस्त, डायरिया, पेटदर्द, सरदर्द के ज्यादा मरीज आ रहे है तथा इसके अलावा वायरल बुखार व टायफाइड के केस भी अस्पताल में आ रहे हैं। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मूलचन्द्रा ने लोगों को सलाह दी कि हरी सब्जियां पालक, लौकी, तोरई, खीरा, ककड़ी, नींबू आदि का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें व ताजा भोजन ही ग्रहण करें। बीमार होने की दशा में अपने निकटतम अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र पर ही जाएं झोलाछाप के चक्कर में न रहें। वरिष्ठ फिजीशियन डा. एनके सक्सेना ने बताया कि सबसे अधिक मरीज हाथ पैरो में दर्द, हल्का बुखार, उल्टी दस्त, हाथ पैरो में जलन, लूज मोशन के है। वहीं इमरजेंसी वाले मरीजों को भर्ती करने के लिये बेड उपलब्ध हैं। मरीजों के लिये बीपी, बुखार, शुगर, टाइफाइड आदि जांच के लिये पर्याप्त सुविधा है, मरीजों को सारी दवाइयां दी जा रही है। हालांकि सही मायनों में यहां केवल खांसी जुखाम, बुखार के मरीजों का इलाज हो पाता है। बाकी या तों डॉक्टर नहीं होते या जरूरी सुविधा उपलब्ध ही नहीं है।


जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### सीएचसी बिन्दकी में 340 मरीजों को देखा गया

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बुधवार को 340 मरीज पहुंचे थे जिसमें सबसे ज्यादा मरीज लूज मोशन व हाथ पैरों में दर्द के थे। मरीज अशोक निवासी ललौली रोड ने बताया स्थानीय पीएचसी में अगर एक खून की जांच करने के लिए रख दिया जाये तो शायद हम लोगों को इधर उधर न भटकना पड़े।

# शहर में लाइनमैन की कमी, फाल्ट की संख्या ज्यादा

**फतेहपुर।** शहर के उपकेंद्र में लाइनमैन की कमी है। इससे फॉल्ट जल्दी ठीक नहीं पाते हैं।

उपकेंद्र से चार फीडर जुड़े हैं। तीन शिफ्ट में लाइनमैनों की ड्यूटी रहती है। दो शिफ्ट में 8-8 लाइनमैन रहते हैं। जबकि रात को 12 बजे के बाद पूरे शहर की बिजली सप्लाई की जिम्मेदारी सिर्फ दो लाइनमैन की है। नगर के उपकेंद्र पर लाइनमैन आधी संख्या में हैं। नियमानुसार एक फीडर पर 16 लाइनमैन होने चाहिए, लेकिन शहर के फीडर पर आठ लाइनमैन है। ऐसे में लगातार फाल्ट होने में घंटों बिजली कटौती होती है। तापमान बढ़ने पर फाल्ट, तार जलने व ट्रांसफार्मर फुंकने आदि की समस्याएं बढ़ गई हैं। हर कोई जल्दी से जल्दी फाल्ट ठीक करने का दबाव बनाता है। उपकरण के नाम पर शहर के उपकेंद्र पर एक सीढ़ी है।


पूर्वी बाईपास पर होटल की बिल्डिंग को गिराता बुलडोजर। अमृत विचार



पूर्वी बाईपास पर एटीएम को क्रेन से हटवाते पुलिस कर्मी।


मौके पर मौजूद एसडीएम उमाकांत तिवारी व पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# बुलडोजर ने होटल समेत 17 दुकानें कीं जमींदोज

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद एनएचएआई व प्रशासन ने कराया ध्वस्तीकरण, पहले की गई पैमाइश

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

- मुआवजा लेने के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ रहे थे
- कई थानों की पुलिस फोर्स व पीएसी रही तैनात

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि पर बने होटल व 17 दुकानों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद जमींदोज कर दिया गया। जिला प्रशासन ने कई थानों की पुलिस फोर्स व पीएसी के साथ बुलडोजर चलवा दिया। इस दौरान बवाल की आशंका से ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी मौजूद रहे और ध्वस्तीकरण से पहले अधिग्रहीत भूमि की पैमाइश भी की गई।

बुधवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के आदेश पर उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, सीओ ओंकारनाथ शर्मा व एनएचएआई के परियोजना निदेशक अजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह राजस्व टीम व भारी भरकम पुलिस फोर्स लेकर शहर के पूर्वी बाईपास पर पहुंचे। राजस्व टीम ने अधिग्रहीत भूमि की पैमाइश की, इसके बाद सीमांकन किया गया। कब्जेदारों को सामान निकालने के लिए एक घंटे की मोहलत दी गई। इसके बाद बाईपास पर बने होटल समेत दुकानों पर बुलडोजर चलना शुरू हो गया। कुछ ही देर में जेसीबी समेत एक पोकलैंड मशीन ने दुकानों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान लोग मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते रहे। यातायात अवरुद्ध न हो, इसके लिए पुलिस कर्मी रोड पर ही डटे रहे।

### एनएचएआई के पक्ष में हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सहायक अभियंता शिवम कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के चौड़ीकरण की अधिसूचना जारी होने के बाद 2018 में पूर्वी बाईपास पर होटल समेत 17 दुकानों का अधिग्रहण किया गया था, जिसमें कुछ कब्जेदारों ने मुआवजा भी ले लिया था। इसके बाद सिविल कोर्ट में एनएचएआई के खिलाफ वाद दायर कर दिया। सिविल कोर्ट से राहत नहीं मिली तो ये लोग हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने एनएचएआई के पक्ष में फैसला सुनाया और अधिग्रहीत भूमि को खाली कराने के आदेश दिए। एनएचएआई ने जब डीएम को आदेश की प्रति दी तो उन्होंने एसडीएम को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पांच करोड़ रुपये मुआवजा हुआ था स्वीकृत

- एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि अधिग्रहीत भूमि के लिए सर्किल रेट व अधिग्रहण कानून के आधार पर भू-अध्याप्ति कार्यालय कानपुर की तरफ से पांच करोड़ रुपये मुआवजा स्वीकृत किया गया था, जिसमें कब्जेदारों को ढाई करोड़ रुपया दिया भी जा चुका है लेकिन ये लोग अधिक मुआवजे की मांग को लेकर कोर्ट में चले गए थे। पूर्वी बाईपास पर ब्लैक स्पॉट होने के कारण यहां हादसे अधिक होते हैं, जिस कारण यहां जंक्शन (गोल चक्कर) बनाया जाना आवश्यक है।

### बिना नोटिस कराया गया ध्वस्तीकरण : आलोक



पूर्वी बाईपास स्थित दुर्गा होटल के मालिक आलोक दुबे ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने बिना नोटिस दिए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर दी, जिससे उनका काफी सामान दब गया। उनके किरायेदार अंकित पांडेय का भी काफी सामान मलबे में दब गया है। उन्होंने डीएम से बात भी की और दो दिन का समय मांगा, लेकिन उन्होंने कोई बात नहीं सुनी। कोई भी कार्रवाई नियमानुसार नहीं हुई।

### कब्जेदारों पर की गई शांतिभंग की कार्रवाई : एसडीएम



उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद डीएम के निर्देश पर अधिग्रहीत भूमि से अतिक्रमण हटवाया गया। जिन लोगों को मुआवजा नहीं मिला है, वह एडीएम भू-अध्याप्ति कार्यालय कानपुर में स्वामित्व दिखाकर प्राप्त कर लें। छह साल से ये लोग कब्जा नहीं छोड़ रहे थे, इसलिए सभी 18 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। ध्वस्तीकरण से पहले नोटिस भी चस्पा किया गया था।

### इन कब्जेदारों की तोड़ी गईं दुकानें

- बृजकिशोर दुबे (ग्राम अतिराजपुर), संजीव दुबे (ग्राम अतिराजपुर), ममता दुबे (इंदिरानगर), मंजूलता (इंदिरानगर), मिथलेश (ग्राम सराय सुंदर), सुमन (ग्राम सराय सुंदर), अमीरन बेगम (मोहल्ला बिरतिया), आलोक दुबे (मोहल्ला बिरतिया), राहुल दुबे (मोहल्ला बिरतिया), अवनीश दुबे (मोहल्ला बिरतिया), सौरभ मिश्रा (मोहल्ला इंदिरानगर), राहुल मिश्रा (मोहल्ला इंदिरानगर), चंद्रमौलि (मोहल्ला इंदिरानगर), अमित शाक्य (मोहल्ला भैनपुरा), अखिलेश शाक्य (मोहल्ला भैनपुरा), रोहिताश मिश्रा (ग्राम अतिराजपुर), चंद्रधर मिश्रा (ग्राम अतिराजपुर), वेदराम शर्मा (मोहल्ला भैनपुरा)

# हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति ने भी दम तोड़ा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम इब्राहीमपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर लगने से घायल हुए मोपेड सवार दोनों लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक की उसी दिन मौत हो गई जबकि दूसरे ने फिरोजाबाद के प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

ग्राम इब्राहिमपुर गढ़िया निवासी 50 वर्षीय लेखपाल पुत्र बेचेलाल व 45 वर्षीय सुरजीत पुत्र वीरपाल रविवार को मोपेड पर सवार होकर छिबरामऊ बाजार आए थे। शाम को वापस जाते समय गांव के पास ही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज और वहां से कानपुर के हैलट या आगरा पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया। वहां सोमवार को सुरजीत की उपचार के दौरान मौत हो गई, फिर लेखपाल के परिजनों ने उसे फिरोजाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मंगलवार को उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर शवों का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**सौरिख, कन्नौज।** कस्बे के ऋषि भूमि चौराहे पर दो बाइकों की भिड़ंत में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया। राजापुर निवासी रामू पुत्र गिरेंद्र सिंह पत्नी शिखा के साथ दवा लेने के लिए मोटरसाइकिल से सीएचसी जा रहे थे। तभी ऋषि भूमि चौराहे पर नगरिया महादेव निवासी इंतजार पुत्र दिलशाद ने अपनी बाइक से पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों को सौरिख सीएचसी भर्ती कराया।


## सुनवाई न होने पर मुख्यमंत्री से गुहार

**सौरिख।** किशोरी के साथ छेड़खानी का मामला पिता ने सौरिख थाने में दर्ज करवाया। आरोपी की गिरफ्तारी न होने व साधारण धाराओं में मामला पंजीकृत करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 16 जून 2024 को गांव के ही मोहित (35) पुत्र विरमाशंकर तिवारी पर नाबालिक पुत्री से रेप करने के प्रयास का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी पर मामूली धारा रिपोर्ट दर्ज की। पिता का कहना है कि बेटी नाबालिग है लेकिन एफआईआर संबंधित धारा नहीं लगाई गई और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी नहीं किया है। कहा कि आरोपी का पूरा परिवार बेटी को जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाना सौरिख में कई बार गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाते हुए पोर्टल पर शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

## श्मशान के पास पड़ा मिला युवक का शव

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के बहबलपुर निवासी 40 वर्षीय संतोष पुत्र राजाराम का शव बुधवार को श्मशान में पड़ा मिला। यह सूचना फैली तो लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का कहना है कि मंगलवार की सुबह संतोष घर से चाय नाश्ता करके निकला था। वापस न लौटने पर उनकी तलाश की गई। देर शाम बहबलपुर से 500 मीटर की दूरी पर स्थित गिहार लोगों के श्मशान में पेड़ के पास पड़ा मिलने की सूचना मिली। घटना के बाद से परिजनों का रोड होकर बुरा हाल हो गया था।


संतोष।

## सार-संक्षेप

### श्रम प्रवर्तन टीम ने तीन बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**सौरिख, कन्नौज।** क्षेत्र में एएचटीयू वा श्रम प्रवर्तन की टीम ने मिष्ठान भंडार, ऑटो गैरेज एवं अन्य दुकानों पर अभियान चलाते हुए श्रम कर रहे तीन बच्चों को मुक्त कराया। श्रम प्रवर्तन टीम की मेन लेबर एनफोर्समेंट ऑफीसर गुरसहायगंज कीर्ति कुरील वा एएचटीयू टीम से इंस्पेटर उपेंद्र यादव ने गुरुवार को सौरिख थाना क्षेत्र में मिष्ठान भंडार, ऑटो गैरेज एवं अन्य दुकानों व संस्थानों पर अभियान चलाते छापेमारी की। कुछ दुकानदार ने दुकानें छोड़कर चले गए। दोनों टीम ने सद्दाम ऑटो गैरेज, मोहित इंटरप्राइजेज तथा पाल मिष्ठान भंडार में काम कर रहे बच्चों को मुक्त कराया

### दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, ससुरालियों पर रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली के कनौली गांव निवासी अर्पिता सिंह पुत्री हरिपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि परिजनों ने उसकी शादी फरवरी में खूब दान दहेज देकर तालग्राम के माधौनगर निवासी ओमवीर के साथ की थी। मिले दहेज से खुश न होकर ससुराली जन पति ओमवीर, गजेंद्र सिंह, मुन्नीदेवी, सुमित कुमार, अंजली, कन्हैया, रोशनी उसके साथ गालीगलौज कर उसका उत्पीड़न करने लगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को पकड़ा

**गुरसहायगंज।** 17 जून को ग्राम निकोवनपुरवा निवासी अभिषेक दीक्षित ने फेसबुक और ट्विटर पर धर्म विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट की थी। इसको लेकर समुदाय विशेष के लोगों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### लापता युवक का 6 दिन बाद मिला कंकाल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के कुंअरपुर जनूं निवासी विजय (30) पुत्र पदम सिंह जाटव शुक्रवार को घर से निकले थे। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। बुधवार को दोपहर जीटी रोड किनारे खंडहर पड़े कोल्ड स्टोरेज के पीछे विजय का शव बरामद हुआ जो कंकाल में तब्दील हो चुका था। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने विजय के रूप में शव की शिनाख्त की।

## बाइक सवारों ने दंपति को पीटा, घायल

**तिर्वा।** सड़क किनारे खड़े दंपति के साथ बाइक सवार चार लोगों ने मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कानपुर के अरौल थाना के गांव हलपुरा गाव निवासी इंद्रजीत पुत्र भूरा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 10 जून को वह अपनी पत्नी के साथ बहन के घर से वापस जा रहा था। कोतवाली के लिलुइया गांव के पास सड़क किनारे बाइक रोककर पत्नी के साथ खड़ा था। इतने मे पीछे से दो बाइकों पर आए चार लोग गाली देने लगे। विरोध किया तो उसे व पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पुत्री व पत्नी ने चाकू से गोदकर की थी अधेड़ की हत्या

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- बहन व मां को बचाने के लिए बड़ी पुत्री ने मचाया था शोर
- पुलिस की पूछताछ में टूटी पुत्री ने कबूली हत्या की कहानी

**अमृत विचार।** घर में संदिग्ध हालात में हुई अधेड़ की हत्या के मामले में पत्नी और बेटी ही आरोपी निकली हैं। पुलिस ने परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाने के बाद मृतक की बड़ी पुत्री से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारी कहानी उगल दी। पुलिस ने दोनों को पकड़कर जेल भेज दिया।

कोतवाली के अहेर गांव निवासी बहीद अली (50) पुत्र अक्सर अली का शव मंगलवार की सुबह घर के अंदर खून से लथपथ मिला था। उसके बड़े भाई ने भाभी अतीजन पर शक जाहिर करते हुए अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने भी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अतीजन को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जब मृतक की बड़ी बेटी फरमीन से पूछताछ की तो उसने सच्चाई उगल दी। उसने बताया कि पिता प्रतिदिन शराब के नशे में आकर गालीगलौज करते हुए मां समेत सभी के साथ मारपीट करता था। इससे वे लोग तंग आ चुके थे। बकरीद के दिन भी खाना नहीं बना था। सोमवार की देर रात जब वह घर पर आया तो मां से गालीगलौज कर मारपीट करने लगा। तंग आकर छोटी बहन फरीन व मां अतीजन ने शराब के नशे में होने का फायदा उठाकर उस पर सूजे व चाकू वार कर मौत के घाट उतार दिया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अधिक रक्तस्राव होने से मौत की पुष्टि हुई है। बडी बेटी ने हत्या होते देखी थी। उसी ने राज खोला जिस पर आरोपी छोटी बेटी व पत्नी को पकड़कर जेल भेजा गया है।


हत्यारोपी पत्नी अतीजन व बेटी फरीन।

### मां-बहन को बचाने के लिए मचाया था शोर

पिता की हत्या के बाद छोटी बहन व मां को बचाने के लिए व पुलिस के साथ परिजनों को गुमराह करने के लिए बड़ी पुत्री ने शोर मचाया था।

### निशानदेही पर बरामद किया सूजा और चाकू

**तिर्वा।** हत्यारोपी पत्नी अतीजन व पुत्री फरीन से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उन दोनों ने हत्या करने की बात को कबूलते हुए प्रयोग किया गया चाकू व सूजा घर के अंदर जमीन से बरामद करा दिए। उन दोनों ने घटना को अंजाम देने के बाद जमीन खोदकर आला कत्ल गाड़ दिए थे।

# अकेले रह रहे वृद्ध की मौत, बदबू से मिली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो पुत्र व पत्नी रहते अमेरिका व बंगलुरू में
- भतीजा पहुंचा तो आंगन में पड़ा था शव

**अमृत विचार।** एकाकी जीवन की त्रासदी ही कहेंगे कि शहर के मोहल्ला ग्वाल मैदान में अकेल रह रहे वृद्ध की मौत हो गई और किसी को पता नहीं चला। जब बदबू आई तो लोगों में चर्चा हुई और भतीजा पहुंचा। अंदर जाकर देखा तो उसका शव पड़ा था जो सड़ने लगा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

सदर कोतवाली के मोहल्ला ग्वाल मैदान निवासी अरुण चंद मिश्रा (75) पुत्र जय शंकर मिश्र अपने मकान में अकेले रहते थे। उनका एक पुत्र अमेरिका तो दूसरा बंगलूरू में रहता है। पुत्र के साथ में ही पत्नी रहती हैं। बुधवार की दोपहर एक बजे के करीब मकान के अंदर से बदबू आई तो भतीजे गगन मिश्रा व पवन कुमार मिश्रा ने घर के अंदर खोज की। फिर लगा कि चाचा के मकान की ओर से बदबू आ रही है तो उधर के दरवाजे से झांक कर देखा। किसी तरह अंदर पहुंचे तो आंगन में चाचा का शव धूप में पड़ा था। इसकी जानकारी दिए जाने पर सीओ कमलेश कुमार, कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल में पाया कि शव कुछ दिन पुराना है। आशंका है कि शौच के लिये गये थे। अचानक गिर जाने से सिर में चोट लगी होगी। इससे मौत हो गई। भतीजे की तहरीर पर पुलिस ने मौत का सही कारण जानने के लिये शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पिता की मौत की जानकारी पुत्रों व पत्नी को फोन से दी गई है। वह बंगलूरू से कन्नौज के लिये रवाना हो गये हैं।


चौकी प्रभारी से जानकारी लेते सीओ सदर कमलेश कुमार।

## मारपीट में चार घायल

**गुरसहायगंज।** ग्राम नंगापुरवा निवासी रवि ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर 19 जून की दोपहर लगभग 03:30 बजे मोहल्ले के तीन लोग दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव में आई उसकी मां और बहन को भी पीटकर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से मुकेश कुमार ने बताया कि पड़ोस के दो लोगों ने मामूली विवाद को लेकर गाली गलौज की और उसे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मौसम का मिजाज** दक्षिण-पश्चिमी हवा की गति अधिक होने से रात में आई आंधी, हल्की बूंदाबांदी हुई

# चार डिग्री गिरा तापमान, पर हीटवेव का कहर अभी जारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोपहर में तेज गति के साथ चली लू, लोग हो गए बेहाल

**अमृत विचार।** हवा की दिशा बदलने से अचानक मौसम ने पलटा मारा और तेज आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इससे तापमान भी चार डिग्री नीचे चला गया, लेकिन सुबह फिर उत्तर-पश्चिमी हवा के प्रभाव से चली हीटवेव ने लोगों को परेशान कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि मॉनसून आने से पहले क्षोभमंडल बनने से हवा की गति और दिशा बदल रही है, जिससे मौसम भी बदल रहा है।

बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा की गति 30 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक रही। मंगलवार की शाम को वायुमंडल में एक निम्न दाब का क्षोभ मंडल उत्पन्न हुआ, जिसकी वजह से हवा की दिशा बदल गई और दक्षिण-पश्चिमी हवा के प्रभाव से आंधी आ गई। करीब 70 किमी प्रतिघंटा के वेग से हवा चली, जिससे सारा वातावरण धूल के गुबार से भर गया। आधी रात तक तेज हवा चली, जिससे तापमान में कुछ नरमी आई। रात में करीब छह डिग्री तापमान गिर गया, लेकिन सुबह तक हवा फिर से पश्चिमी दिशा की तरफ से बहने लगी। इससे गर्मी के साथ उमस भी बढ़ गई।

बुधवार दोपहर करीब 30 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से पछुआ हवा चली, इससे हीटवेव का प्रकोप बढ़ गया और तापमान भी 44 डिग्री तक पहुंच गया। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मॉनसून आने से पहले मौसम में कई प्रकार के परिवर्तन होते हैं। विक्षोभ के कारण एक चक्रवाती परिसंचरण बन रहा है, जिससे तेज आंधी आने की संभावना प्रबल हो गई। उन्होंने बताया कि 22 या 23 जून को बारिश होने की संभावना है।


जीटी रोड पर दोपहर के समय चेहरा बांधकर जाता स्कूटी सवार। अमृत विचार

### इस तरह बनता चक्रवाती परिसंचरण

- चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि हवाएं समुद्र की लहरों से उत्पन्न होती हैं। उत्तर-पश्चिमी हवाएं अरब सागर से आतीं हैं, जबकि दक्षिण-पश्चिमी हवाएं हिंद महासागर से आ रहीं हैं। इन हवाओं का वेग अधिक है। ऐसे में जिस क्षेत्र में इन दोनों हवाओं का टकराव होता है, वहां एक चक्रवाती परिसंचरण बन जाता है। इसमें बादल भी तेज घुमड़ने लगते हैं, दोनों हवाओं की गति अधिक होने से वह आंधी का रूप ले लेती है। जब यह परिसंचरण हिमालय की ऊंची चोटियों से टकराता है तो मैदानी इलाकों में बारिश होती है।


## कार्यालय नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज

पत्रांक- 32/न0पं0ता0/2024-25 दिनांक - 19.06.2024

ई -निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तालग्राम कन्नौज में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य करवाना चाहती है। जिसके लिये नगर पंचायत द्वारा दिनांक 20.06.2024 से 20.07.2024 तक नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.in द्वारा द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 20-06-2024 03:00 PM से | ------ |
| 2 | Tender Download | 20-06-2024 03:00 PM से | 20-06-2024 03:00 PM |
| 3 | Bid Submission | 20-06-2024 03:00 PM से | 20-06-2024 03:00 PM |
| 4 | Close for Bid | --------- | 20-06-2024 03:00 PM |
| 5 | Technical Bid Opening | 20-07-2024 04:00 PM से | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical | |

नोट-निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित तिथि व समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम, कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम, कन्नौज

## कार्यालय नगर पंचायत, तालग्राम-कन्नौज

पत्रांक- 31/न0पं0ता0/2024.25 दिनांक - 19.06.2024

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

समस्त चारे-भूसे विक्रेताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना से प्राप्त / प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पंचायत तालग्राम को निम्न विवरण के अनुसार चारे-भूसे की आवश्यकता है। जिसके लिये दिनांक 26.06.2024 के अपरान्ह 2.30 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत तालग्राम में निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 3.00 कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित विक्रेताओं/ठेकेदारों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निविदाएं खोली जायेंगी। इच्छुक व्यक्ति अपनी-अपनी निविदाएँ प्रति किलो की दर से दे सकते है। विवरण निम्न प्रकार है

| कार्य सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | प्रति कुन्तल | कुल धनराशि | 2% अर्नेस्ट मनी | टेन्डर मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गौवंश हेतु चारे-भूसे की आपूर्ति | 408 कुन्तल | 650.00 | 2,65,000.00 | 5,300.00 | 300.00 | एक सप्ताह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत तालग्राम
जनपद कन्नौज

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

पत्रांक- 366/DA-02/46/2024-25 दिनांक - 19.06.2024

निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से निर्माण कार्य करवाना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र0 सं0 | Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Tender Release | 20-06-2024 09:00 AM | |
| 2 | Clarification Date | 20-06-2024 09:00 AM | 20-06-2024 02:00 PM |
| 3 | Tender Download | 20-06-2024 09:00 AM | 27-06-2024 02:00 PM |
| 4 | Bid Submission | 20-06-2024 03:00 PM | 27-06-2024 02:00 PM |
| 5 | Closing of Bid | | 27-06-2024 02:00 PM |
| 6 | Pre Bid Meeting Date | | 27-06-2024 02:00 PM |
| 7 | Technical Bid Opening | | 27-06-2024 03:00 PM |
| 8 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यो का विवरण उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD). निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 19.06.2024 प्रात: 09.00 बजे से देखा का सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्यकी अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

अनिल कुमार
अधिशासी अधिकारी / टेण्डर कमेटी अध्यक्ष

मुन्नी देवी
अध्यक्ष, न0पा0प0 गुरसहायगंज

## एक नजर

### एक लाख 62 हजार बूथों पर रोपेंगे पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को पार्टी नेता राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केक काटकर राहुल के दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई। कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के एक लाख 62 हजार बूथों पर एक-एक पौधा रोपने का संकल्प लिया। इसके लिए नेताओं-कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विकास के नाम पर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों ने लाखों पेड़ कटवा दिये, जिसका नतीजा यह है कि गर्मी के प्रकोप से पूरा देश व प्रदेश झुलस रहा है।

# वाया वायनाड लोकसभा पहुंचने की तैयारी में प्रियंका

यूपी से सीखीं राजनीति की बारीकी, पहली बार लड़ेंगी चुनाव

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ



अमृत विचार। 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भले ही सफल न रही हों। किंतु यहां से सीखी राजनीति की बारीकी सीखने का लाभ अब उन्हें केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के दौरान मिल सकता है। प्रियंका लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गांधी परिवार की 10वीं सदस्य होंगी।

52 वर्षीया प्रियंका कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य हैं। राहुल गांधी के वायनाड से इस्तीफा देने के बाद वह चुनावी राजनीति में पहली बार उपचुनाव के जरिए प्रवेश करने जा रही हैं। प्रियंका ने औपचारिक रूप से सक्रिय राजनीति में तब प्रवेश किया जब उन्हें 23 जनवरी 2019 को यूपी के पूर्वी हिस्से के लिए कांग्रेस पार्टी का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। 11 सितंबर, 2020 को उन्हें पूरे प्रदेश का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। इससे पहले वह पार्टी संगठन में ही काम करती रही हैं। प्रियंका वर्ष 2004 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल रहीं। वर्ष 2007 के प्रदेश विधानसभा चुनावों में जब राहुल ने कांग्रेस के लिए राज्यव्यापी प्रचार अभियान का जिम्मा संभाला तो प्रियंका ने अमेठी-रायबरेली क्षेत्र की 10 सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। वह करीब डेढ़ दशक तक चुनावी राजनीति में उतरने से कतराती रहीं। लेकिन, यूपी में कांग्रेस का कामकाज जरूर देखती रहीं। वह रायबरेली में मां सोनिया गांधी और अमेठी में भाई राहुल के चुनाव अभियानों में सहायक की भूमिका में रहीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका के कभी रायबरेली तो कभी अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चा तो खूब हुई। लेकिन, अंतिम समय में केएल शर्मा को मौका मिला।

### प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस ने लड़ा था 2022 का यूपी का चुनाव

कांग्रेस ने प्रियंका गांधी के ही नेतृत्व में वर्ष 2022 का प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ा। जनवरी 2022 में प्रियंका ने राहुल के साथ यूपी चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र लांच किया। महिला मतों को आकर्षित करने व सक्रिय राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने को उन्होंने राज्य में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' अभियान की शुरुआत की। प्रदेश में पार्टी को पुनर्जीवित करने के उनके सभी प्रयासों के बावजूद कांग्रेस पार्टी को वर्ष 2022 के यूपी चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। 403 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस सिर्फ दो सीटें ही जीत सकी थी।

# आज से शुरू होगी सारस की गणना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में गुरुवार से राज्य पक्षी सारस की गणना होगी। साल में दो बार (ग्रीष्मकालीन-शीतकालीन) गणना होती है। यह गणना सुबह-शाम दो बार की जाएगी। इसमें वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही विद्यार्थियों व प्रकृति प्रेमियों का भी सहयोग लिया जाएगा। 2023 में हुई गणना में राज्य में 19522 सारस पाए गए थे। प्रभागीय वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पाए गए सारस की संख्या व फोटो पहली जुलाई तक मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास, लखनऊ को उपलब्ध करानी होगी।

पिछली गणनाओं में यह पाया गया कि साल दर साल सारस की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई। कोरोना के बाद राज्य में 2021 में 17329 सारस पाए गए। 2022 में यह बढ़कर 19188 हो गए। 2023 में यह संख्या बढ़कर 19522 हो गई। वहीं इस साल के लिए होने वाली गणना के बाद सारस का कुनबा और बढ़ने की संभावना है।

# शहरी दर पर बिल वसूलने पर कॉरपोरेशन से जवाब तलब

## नियामक आयोग ने कहा, अविलंब पेश करें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ जवाब न देने पर दी कार्रवाई शुरू करने की दी चेतावनी

**अमृत विचारः** प्रदेश में कई जिलों में ग्रामीणों से शहरी दर पर बिजली बिल वसूलने के मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। आयोग ने चेतावनी देते हुए कहा कि कॉरपोरेशन अविलंब विस्तृत रिपोर्ट पेश करे, अन्यथा आयोग स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू करेगा।

बिजली आपूर्ति 24 घंटे किए जाने के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। उपभोक्ता परिषद की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर नियामक आयोग ने परीक्षण शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर नियामक आयोग ने बुधवार को पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी पूर्व में चल रहे इस तरह के मामले में जवाब तलब कर लिया है।

कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार को जारी नोटिस में आयोग ने 15 दिसंबर 2023 को आयोग की ओर से जारी निर्देश का हवाला देते हुए अभी तक जवाब न दाखिल करने पर नाराजगी जताई है। कहा गया है कि कई जिलों में ग्रामीणों से आपूर्ति श्रेणी बदलकर ज्यादा बिल वसूल किया गया, पर 10 माह बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने जवाब दाखिल नहीं किया है।

मालूम हो कि शहरों के निकट ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित कर बिल वसूलने के मामले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बीते दिन अवमानना याचिका दाखिल की थी, जिसमें कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी, साथ ही, 2023 के प्रकरण में जवाब न देने पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी।

### किसी भी दशा में लागू नहीं होने दिया जाएगा प्रस्तावः अवधेश

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं समेत किसानों से वसूल की जाने वाली फुल कास्ट का कुछ भाग सरकार सब्सिडी के रूप में कारपोरेशन के खजाने में भेजती है। यह लगभग 14000 करोड़ सालना से अधिक है। बिल का शेष भाग ग्रामीण जमा करते हैं। ऐसे में ग्रामीण फीडर को शहरी घोषित करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में ग्रामीण फीडर को शहरी घोषित करने का प्रस्ताव लागू नहीं होने दिया जाएगा।

# आयोग ने मूर्तिकार आत्महत्या प्रकरण का लिया स्वत : संज्ञान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लखनऊ जिला प्रशासन एवं पुलिस कमिश्नरेट को भेजा नोटिस

**अमृत विचारः** राजधानी के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के मूर्तिकार द्वारा फेसबुक लाइव हो जहर खाकर जान देने के मामले में उप्र मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने जिला प्रशासन एवं पुलिस कमिश्नरेट से प्रकरण की सभी पहलुओं पर जांच करते हुए दो हफ्ते में जांच आख्या तलब की है।

बतादें कि ठाकुरगंज के शेखपुर निवासी मूर्तिकार रजनीश रावत उर्फ गोलू (28) ने गत 8 जून को फेसबुक लाइव पर आकर जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। इस दौरान उसने हुसैनबाड़ी निवासी व्यापारी रामू, उसकी पत्नी और पुलिसकर्मी कुलदीप पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। रामू ने लाइव आकर कहा था कि रामू के यहां वह काम करता है। रामू पर उसकी मजदूरी के 25 हजार रुपये बकाया है। रुपये मांगने पर उसने अपनी पत्नी और पांच साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद उसी के खिलाफ रिंग रोड चौकी पर तहरीर दे दी। पुलिसकर्मी अब उसे परेशान कर रहे हैं। परेशान होकर अब वह जान दे रहा है।

इस प्रकरण पर पुलिस द्वारा मृतक रजनीश रावत के पिता को भी थाने बुलाकर परेशान करने के आरोप लगे थे। उधर, इस घटना के बाद कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। मंगलवार की देर शाम उप्र. राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान ले लिया। आयोग के सदस्य ब्रजभूषण शर्मा ने लखनऊ के जिला प्रशासन और कमिश्नरेट पुलिस को आदेश दिया है कि दो हफ्ते के अंदर पूरे प्रकरण की जांच कराकर आख्या आयोग भेजी जाए।

# ट्रैकिंग डिवाइस से लैस होंगे प्रवर्तन दस्ते के वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कई अन्य टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन की प्रक्रिया भी शुरू

**लखनऊः** राज्य प्रवर्तन दस्ते के वाहन जीपीएस ट्रैकिंग व व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग (वीएलटी) डिवाइस से लैस होंगे। साथ ही, इस डिवाइस को वाहनों में सही तरीके से संचालित करने के लिए डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जाएगा। बतादें कि सीएम योगी के निर्देश पर राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े के उच्चीकरण की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी, जिसे क्रियान्वित करते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सर्विस प्रोवाइडर संस्था नियुक्त किया गया है। श्रीट्रॉन में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े को अपग्रेड करने का मौका कार्यावंटन के बाद मिलेगा। इसी प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है और जून माह के अंत से प्रक्रिया पूरी तरह क्रियान्वित हो जाएगी।

**223 जीपीएस डिवाइसेस को किया जाएगा इंस्टॉलः** अपग्रेडेशन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के प्रवर्तन वाहन बेड़े की गाड़ियों पर 223 जीपीएस लोकेशन व वीएलटी डिवाइस को इन्स्टॉल किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने के अतिरिक्त एक आधुनिक डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर व वेबसाइट बेस्ड इंटरफेस भी डेवलप किया जाएगा। यह ट्रैकिंग के साथ ही डैशबोर्ड, डेटाबेस व मैप एक्सेसिबिलिटी के साथ ही लाइसेंस और पूर्ण वीएलटी समाधान के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर को स्थापित वीएलटी उपकरणों से प्राप्त डेटा को कैप्चर, स्टोर, प्रोसेस, विश्लेषण और प्रदर्शित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज इनेबल्ड किया जाएगा।

### रियल टाइम एक्सेसिबिलिटी से लैस होगा सॉफ्टवेयर

बैकएंड सॉफ्टवेयर को डिजिटल मैप पर वाहन की आवाजाही की रियल टाइम ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग के लिहाज से डेवलप किया जाएगा। वाहन ट्रैकिंग डिवाइस को ओवर-द-एयर (ओटीए) कन्फीगर करने की क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा। बैकएंड सॉफ्टवेयर दरअसल एक वेब-आधारित एप्लीकेशन होगा, जिसे विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे वर्क स्टेशन, लैपटॉप, टैबलेट कंप्यूटर, मोबाइल फोन आदि पर एक्सेस किया जा सकेगा।

### रेरा ने बिल्डर को तलब कर आवंटी को दिलाया कब्जा

अमृत विचार : गौतमबुद्ध नगर में एक आवंटी को शर्तों के मुताबिक बिल्डर ने फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया। साथ ही उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के न्यायनिर्णायक अधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया। इस पर पीठ ने बिल्डर को तलब करके फ्लैट की चाबी आवंटी को सौंप कर कब्जा दिलाया। आवंटी मेराज अंसारी ने 2010 में मेसर्स उत्तम स्टीलस एंड एसोसिएटस (कंसोर्टियम) की ईकाई में एक फ्लैट बुक कराया था। लेकिन, तय समय पर बिल्डर ने कब्जा नहीं दिया। इस पर आवंटी ने 2019 में बिल्डर के खिलाफ रेरा में शिकायत दर्ज कराई। इसकी सुनवाई न्यायनिर्णायक अधिकारी आरपी सिंह ने करते हुए नियम-24 के तहत आवंटी को कब्जा देने का आदेश दिया। लेकिन, बिल्डर ने बराबर उल्लंघन किया। इस पर नाराजगी जताते हुए पीठ ने बिल्डर को तलब किया और आवंटी को उसके फ्लैट की चाबी देकर कब्जा दिलाया।

## रायपुर जेल के बाहर उप्र. एसटीएफ के साथ बवाल

**अमृत विचार, लखनऊः** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित 2000 करोड़ के शराब घोटाले के मामले में आरोपी अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से जमानत मिलते ही उप्र. एसटीएफ ने उसे जेल से निकलते ही जेल परिसर से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान जेल के बाहर खूब हंगामा हुआ। हालांकि किसी प्रकार एसटीएफ अनवर को लेकर मेरठ के लिए रवाना हुई।

बतादें कि छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले केस में एसीबी ने मुकदमा पंजीकृत किया था। उस पर हाईकोर्ट की ओर से 14 जून को आरोपी अनवर ढेबर को जमानत दे गई थी। शराब घोटाले में नोएडा स्थित एक शराब कंपनी में होलोराम बनाए जाने के मामले में स्थानीय पुलिस प्रकरण की जांच कर रही थी। इस प्रकरण में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को कस्टडी में लेने के लिए नोएडा पुलिस द्वारा दो प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया था। इसमें दो आवेदन ईओडब्ल्यू कोर्ट और एक ईडी कोर्ट में पेश किया गया था। बतादें कि जुलाई 2023 को नकली होलोग्राम मामले में ईडी के उपनिदेशक ने नोएडा के कासना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# वर्दी भत्ता व प्रोन्नति में पीपीएस उपेक्षित

डीपी शुक्ल ,लखनऊ

▸▸ आईपीएस को प्रतिवर्ष 20 हजार,जबकि पीपीएस अफसर को 914 रुपये दिया जाता है वर्दी भत्ता

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस संगठन में पीपीएस कैडर सबसे महत्वपूर्ण है। जनसुनवाई पर्यवेक्षण व अभियोजन के कार्यों में इस कैडर के बिना कार्य करना आसान नहीं है। सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक लगभग साढ़े तीन लाख की संख्या के पुलिस बल का अनुशासन व कर्तव्य निष्ठा पीपीएस कैडर के अभाव में सुनिश्चित करना कठिन है।

सरकार द्वारा पुलिस विभाग में सिपाही से लेकर डीजीपी तक को वर्दी भत्ता दिया जाता है। लेकिन, इस मामले में पीपीएस अफसर घोर उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। फॉलोअर दो हजार रुपये प्रतिवर्ष, सिपाही तीन हजार रुपये प्रतिवर्ष वर्दी भत्ता पाते हैं। इसी प्रकार आईपीएस अफसरों को प्रतिवर्ष 20 हजार रुपये वर्दी भत्ता मिलता है। जबकि पीपीएस अफसरों को 914 रुपये प्रतिवर्ष की दर से सात साल बाद 6400 रुपये वर्दी नवीनीकरण के लिए मिलता हैं। इस मामले में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि यह मुद्दा सिर्फ रुपये से नहीं, बल्कि सम्मान से जुड़ा हुआ है। उनका कहना था कि या तो सरकार वर्दी भत्ता समाप्त कर दे या फिर इसका निर्धारण वर्दी पहनने की आवश्यकता अनुसार तार्किक दरों पर तय करें। यह भी बताया कि पूर्व में पुलिस मुख्यालय ने इस मामले का प्रस्ताव भेजा था, परंतु शासन की उपेक्षा का शिकार होकर पत्रावली वापस लौट आई।

कहने को तो अनुशासित पुलिस बल में संघ या यूनियन बनाने में प्रतिबंध है।लेकिन, पीपीएस कैडर के अधिकारियों ने अपना एक संगठन बना रखा है। जो वर्तमान समय निष्क्रिय होने के साथ-साथ अपनी दुर्दशा पर रोने तथा एक दूसरे को सांत्वना देने तक ही सीमित रह गया है। कैडर की समस्याओं के मुद्दे पर एसोसिएशन के एक पदाधिकारी का कहना हैं कि राज्य लोक सेवा आयोग से एक साथ भर्ती होने के बावजूद पीसीएस अधिकारी अपने सेवा संबंधी लाभों में पीपीएस अफसर से दस वर्ष आगे निकल गए हैं। उदाहरण के तौर पर जैसे 1994 बैच के पीपीएस अफसर आईपीएस कैडर में प्रमोट हुए हैं। जबकि 2004 बैच के पीसीएस अधिकारी आईएएस अफसर बना दिए गए हैं। इसी प्रकार 30-31 साल सेवा करने के बावजूद पीपीएस अफसर 12000 ग्रेड-पे स्केल लेवल-15 में कोई पद नहीं पा रहे हैं। जबकि पीसीएस अधिकारी 10 पद इस वेतनमान में पाते रहे हैं। 10 हजार रुपये ग्रेड-पे वेतनमान में पीपीएस अफसरों के 10 पद हैं, जबकि पीसीएस के 65 पद हैं। इसी तरह 8900 ग्रेड-पे में पीपीएस के 27 पद हैं,जबकि पीसीएस के 110 पद हैं। 8700 ग्रेड-पे में पीपीएस के 67 पद,जबकि पीसीएस के 200 पद हैं। 7600 ग्रेड-पे में पीपीएस के 182 पद हैं,जबकि पीसीएस के 250 पद हैं। इस प्रकार देखा जाए तो वित्तीय क्षेत्र में भी पीपीएस अफसर कम वेतन पा रहे हैं जो की सार्वजनिक रूप से उनका मनोबल तोड़ने वाला है।

पीपीएस कैडर के अधिकारियों के प्रमोशन में काफी विलंब होता है। उनका वर्दी भत्ता भी न के बराबर है। इस कैडर के अफसरों की भर्ती में भी अनियमितता है। कभी अधिक तो कभी कम संख्या में अधिकारियों की भर्ती होती है। सरकार भी इनके प्रति उदासीन है। **-सुलखान सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक**

> वर्दी भत्ता के मामले में पीपीएस के नये अफसरों का मनोबल बढ़ाने के लिए आनुपातिक रूप से बराबर होनी चाहिए।
> **-शशि शेखर,** पीपीएस एसोसिएशन

## इमामबाड़े में तोड़फोड़ और अवैध निर्माण रोकने का आदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली में किला स्थित इमामबाड़ा वक्फ नवाब मोहम्मद हुसैन खां में तोड़फोड़ नहीं होगी। सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ अंजना सिरोही ने अमृत विचार में प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए तत्काल तोड़फोड़ रोकने और अवैध कब्जे को हटाने के आदेश दिए हैं।

इमामबाड़े को अपनी सम्पत्ति बताकर पिछले कई दिन से ताहिर जैदी, नदीम जैदी और हुमा जैदी तोड़ रहे थे। अपने आदेश में सहायक सर्वे आयुक्त वक्फन ने कहा है कि इमामबाड़ा किला बरेली की आराजी पर किए जा रहे अवैध कब्जे और निर्माण के प्रयास को रोकने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। उप जिलाधिकारी सदर और बरेली के अपर नगर आयुक्त को दिए आदेश में कहा गया है कि वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ में तहव्वर अली बनाम उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के बीच चले मुकदमे में वक्फ न्यायाधिकरण के आदेश पर शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने 17 दुकानों को वक्फ रजिस्टर से हटा दिया था लेकिन इमामबाड़ा तो अभी भी वक्फ अभिलेखों में दर्ज है। वक्फ संख्या टी-1115 इमामबाड़ा मजलिस इत्यादि के लिए है।

## वर्ग पहेली-106

**बाएं से दाएं**

1.1. थन या स्तन पर होने वाला फोड़ा 2. गुबरैला जाति का कीड़ा।

2.1. एक काला खनिज पदार्थ जो आग जलाने और बिजली उत्पन्न करने के काम आता है 2. लकड़ी के जल चुकने के बाद बचा काले रंग का ठोस अंश जो आग जलाने के काम आता है।

5. जिसका कोई नियम न हो; अनियमित; जो नियम विरुद्ध हो; सिद्धांतहीन।

6.1. स्त्रियों द्वारा पहना जाने वाला वह पहनावा जो शरीर के ऊपरी भाग (वक्षस्थल) को ढँकने के लिए प्रयुक्त होता था तथा जिसमें नीचे की ओर लगी हुई तनियाँ या बंद पीठ की ओर खींचकर बाँधे जाते थे; अँगिया की तरह का स्त्रियों का एक पहनावा 2. अँगरखे आदि का वह ऊपरी भाग जिसमें बंद लगे रहते हैं 3. साधु-संतों आदि के पहनने का छोटा चोला। [मु.] -दामन का साथ : अभिन्न

7. एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियाँ दवा बनाने में प्रयुक्त होती हैं; भारंगी।

8.1. प्रतिध्वनि करने वाला 2. प्रतिध्वनिमूलक 3. गुंजायमान; गूँज पैदा करने वाला।


9.1. चटनी

**ऊपर से नीचे**

2. नीले फूलों वाली एक वनस्पति जो पुरानी झीलों या तालाबों में उगती है; नीली कुमुदिनी।

3. ज़्यादा समय तक पानी में रहने के कारण पैरों में उत्पन्न होने वाला खुजली का रोग।

4. खंजन के आकार की एक चिड़िया।




### वर्ग पहेली -105 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आँ | ग | न | | 2 चां | | 3 तो |
| गु | | | 4 गुं | डा | शा | ही |
| ल | | 5 दे | | लि | | न |
| | 6 सा | व | धा | नी | | |
| | | वा | | | 7 प | |
| 8 ए | का | द | शी | | शु | |
| | | | | 9 ख़ि | ता | बी |

## सुडोकू -19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 6 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | 6 | 7 | | | 3 |
| | | | | 1 | | 5 | 9 | |
| 4 | | | 5 | 3 | | | 6 | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | | 8 | 6 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | 2 | | | | |
| 9 | | | 3 | 7 | 5 | | | |
| 7 | | | 1 | | | 6 | | 4 |

### सुडोकू - 18 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी-07 .49 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 18 .10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** – आज पारिवारिक मामलों में लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है। आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियों को लेने से बचें। बच्चों का व्यवहार परिवार के बड़ों को व्यथित कर सकता है।

**वृष** – आज जीवनसाथी के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। रुका हुआ सरकारी काम किसी राजनीतिक प्रभाव से हो सकता है। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को संभाल लेंगे। व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में स्थायित्व देखने को मिलेगा।

**मिथुन** – आज किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। व्यापार में नया अनुबंध कर सकते है। परिजनों के प्रति आपके स्नेह में वृद्धि होगी। घर की जरूरतों का ध्यान रखें।

**कर्क** – आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियों का आपके ऊपर दबाव हो सकता है। गरिष्ठ भोजन के सेवन से पेट में इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** – आज खाली समय में कोई उपन्यास वेब सीरीज आदि में समय बिता सकते हैं। दिखावा करने की प्रवृत्ति के कारण लज्जित न होना पड़े, इसका ध्यान रखें। अपनी तरक्की को लेकर थोड़े शिकायती हो सकते हैं। कर्मचारियों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है।

**कन्या** – आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**तुला** – आज परिवार में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं। आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव होगा। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा।

**वृश्चिक** – आज इच्छित जॉब ढूंढ़ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। सामाजिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे।

**धनु** – आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। वैवाहिक जीवन भी कुछ तनावपूर्ण हो सकता है। आपको शांत रहना चाहिए। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय खराब न करें।

**मकर** – आज दूसरों के मामलों में ज्यादा ताक-झांक न करें। लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। प्रेम संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। थोड़ी सी मेहनत में उत्तम परिणाम अर्जित कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं। अपनी कार्यशैली को लेकर पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। ग्रह स्थिति आपके लिए अनुकूल है। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छा शक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे।

**मीन** – आज देव आराधना और विचार मनन को आप समय देंगे। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से संभल कर रहना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्यार के काबिल – सुबह : 09 .00
तहजीब – रात : 09 .00

**Sony Pix**
एज ऑफ टूमारो – सुबह : 11.08
सुपरमैन रिटर्न्स – रात : 09 .00

**&pictures**
हीरो हिन्दुस्तानी – सुबह : 11.05
गली बॉय – रात : 08 .00

**Zee Cinema**
बिरजू पंडित – सुबह : 09 .01
राक्षसी – शाम : 05 .58

**Colors Cineplex**
बेटा – सुबह : 11.26
दोस्ताना – शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी-अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7800-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16900-17000 |
| अरहरस्पेशल1 | 14400-14500 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000- 13300 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8100-9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1460 |
| सूजी | 1440-1460 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1360-1400 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत 63वें स्थान पर

## विश्व आर्थिक मंच ने कहा-सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा, भारत ने किया है सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। डब्ल्यूईएफ ने कहा है कि भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है।

डब्ल्यूईएफ के मुताबिक स्वीडन के बाद डेनमार्क, फिनलैंड, स्विटजरलैंड और फ्रांस शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। चीन का स्थान 20वां है। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश तीन ऊर्जा प्रणाली प्रदर्शन आयाम - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में से कम-से-कम एक में पिछले साल की तुलना में पिछड़ गए हैं। भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए डब्ल्यूईएफ ने कहा कि देश ऐसे नतीजे देने में अग्रणी रहा है जिन्हें अन्य स्थानों पर दोहराया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि सरकारें जागरूकता पैदा करने और नीतिगत हस्तक्षेप पर भी विचार कर सकती हैं। इसमें ऊर्जा-दक्ष निर्मित बुनियादी ढांचे के लिए दिशानिर्देश और रेट्रोफिटिंग के लिए प्रोत्साहन शामिल है। इसमें कहा गया-विकासशील दुनिया के पास नियमों को फिर से लिखने और ऊर्जा मांग को सफलतापूर्वक बदलने का रास्ता दिखाने का अवसर है।' चीन और भारत की भूमिका पर डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक आबादी की लगभग एक-तिहाई के साथ ये दोनों देश आगे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### ऊर्जा बदलाव में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा अडाणी समूह : गौतम अडाणी



अडाणी समूह ऊर्जा बदलाव परियोजनाओं और विनिर्माण क्षमता में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को यह जानकारी दी। समूह का मकसद हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी सभी प्रमुख कलपुर्जों का विनिर्माण करना है। सूर्य की रोशनी से बिजली का उत्पादन करने के लिए सौर पार्क और पवन फार्म बनाने के अलावा समूह हरित हाइड्रोजन, पवन ऊर्जा टर्बाइन और सौर पैनल बनाने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रहा है। हरित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइजर की मदद से पानी से हाइड्रोजन को विभाजित करके बनाया जाता है। क्रिसिल द्वारा आयोजित बुनियादी ढांचा-भारत के भविष्य के लिए उत्प्रेरक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अडाणी ने कहा कि ऊर्जा बदलाव और डिजिटल बुनियादी ढांचा अरबों डॉलर के अवसर हैं।

## एशियाई विकास बैंक देगा 17 करोड़ डॉलर का नीति आधारित ऋण

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी और भविष्य की महामारियों से निपटने की क्षमता में सुधार के लिए 17 करोड़ डॉलर के नीति-आधारित ऋण देगा। एडीबी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि इस ऋण को मंजूरी दे दी गई है।

लचीले और परिवर्तनकारी स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए सुदृढ़ और सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 का समर्थन करेगा, जिसका उद्देश्य सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करना है। एडीबी की वरिष्ठ स्वास्थ्य विशेषज्ञ सोनालिनी खेत्रपाल ने कहा-कोविड-19 महामारी ने हमें मूल्यवान सबक सिखाए हैं और कई नवीन प्रथाओं को अपनाया है जो समेकित, निरंतर और संस्थागत होने पर महामारी की तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं को काफी मजबूत करेंगे।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने विदेश से भारत में शुरू की धनप्रेषण सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीपीबी के सीईओ आर विश्वेश्वरन ने दी जानकारी

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने यूरोनेट के रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में विदेशों से भारत में धनप्रेषण शुरू कर दिया है। आईपीपीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आर विश्वेश्वरन ने कहा कि विदेश से धन पाने वाले व्यक्ति को खाते में राशि आने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा और केवल प्रेषक को ही रिया मनी को धनप्रेषण शुल्क देना होगा। विश्वेशरन ने कहा-हमारा उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं के दायरे में शामिल लोगों की अड़चनों को दूर करना है। हम अब रिया मनी ट्रांसफर के साथ साझेदारी में 25,000 स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय धनप्रेषण सेवा शुरू कर रहे हैं। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 1.65 लाख से अधिक स्थानों वाले हमारे समूचे नेटवर्क को शामिल कर लिया जाएगा।

डाक विभाग के तहत संचालित भुगतान बैंक आईपीपीबी के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस सेवा के माध्यम से धन पाने वालों के पास अपनी पसंद के आधार पर पूरा धन या आंशिक राशि निकालने का विकल्प होगा। विश्वेश्वरन ने कहा-विदेश से धन पाने वालों के पास अपने आईपीपीबी खाते में धन भेजने का विकल्प भी होगा। यह एक कागज-रहित प्रक्रिया है। बायोमेट्रिक का उपयोग करके वे इस राशि को निकाल सकते हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,700-54,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 89,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,100 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## कृषि क्षेत्र में कौशल विकास के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच कृषि कौशल के क्षेत्र में परिचालित पायलट परियोजनाओं के निष्कर्षों पर गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी की और इनको उपयोगी बताया गया है।

मंत्रालय की बुधवार को जारी बयान के अनुसार इस सम्मेलन में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा-व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग के परिणाम सामने आ गए हैं और यह परियोजना के महत्व का एक और प्रमाण है। तिवारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, खाद्य सुरक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऑस्ट्रेलिया-भारत महत्वपूर्ण कृषि कौशल परियोजना जैसे निरंतर प्रयासों से हम सुनिश्चित करते हैं। अतुल कुमार तिवारी और नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के प्रभारी वाणिज्य दूत मैथ्यू जॉनसन के नेतृत्व में, गोलमेज सम्मेलन में इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की।

## जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग कराधान पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद शनिवार को होने वाली बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकती है। इनमें ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और संबंधित पक्ष सेवाओं पर कंपनी गारंटी के अलावा दूरसंचार कंपनियों के भुगतान की गई स्पेक्ट्रम फीस पर कर लगाने का मुद्दा भी शामिल है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में माल और सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) की रिपोर्ट पर चर्चा होने की संभावना है।

# खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बन रही बाधा

**मुंबई, एजेंसी**

- आरबीआई के बुलेटिन में कही गई बात




खुदरा महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है लेकिन खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बाधा बन रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया।

अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से जून, 2024 के बुटेलिन में प्रकाशित लेख में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि मजबूत थी और कई केंद्रीय बैंकों ने अपने-अपने देशों में मुद्रास्फीति में गिरावट को देखते हुए कुछ नरम मौद्रिक नीति की ओर रुख किया है। उच्च आवृत्ति वाले संकेतक (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई, पीएमआई आदि) बताते हैं कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर मोटे तौर पर उससे पिछली तिमाही में हासिल की गई गति को बनाए रखेगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे इस लेख में कहा गया है कि इसके अलावा, दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले आने से कृषि की संभावनाएं सकारात्मक हो रही हैं। लेख में लिखा गया है, खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का कारण मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति (ईंधन और खाद्य वस्तुओं को छोड़कर) में निरंतर कमी आना है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई गई

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में 14 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सेंथिल बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अल्ली के समक्ष पेश किया। सुनवाई के बाद सत्र न्यायाधीश ने उनकी न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी।

#### राइफल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**भद्रवाह/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की राइफल छीनने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि विशेष पुलिस अधिकारी से छीना गया हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को डोडा से एसपीओ की ए के-47 राइफल छीनने वाले मोहम्मद रफी का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि रफी को पुलिस एवं सेना की संयुक्त टीम ने मसरी वन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# सिक्किम में 1,225 फंसे हुए पर्यटकों को निकाला गया

## अधिकारियों ने बताया-सेना, एनडीआरएफ और स्थानीय लोगों की मदद से संयुक्त रूप से चलाया गया अभियान

**गंगटोक, एजेंसी**

सिक्किम के लाचुंग में फंसे 1,225 यात्रियों को अब तक निकाल लिया गया है। अभियान के तीसरे दिन बुधवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से लाचुंग पहुंचे कुल 1,225 पर्यटकों को मंगलवार देररात तक निकाल लिया गया है। वे 12 जून से बारिश और भूस्खलन के बाद ऊपरी क्षेत्र में फंस गए थे। यह अभियान भारतीय सेना, सीमा सड़क संगठन, सिक्किम पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन मोचन (एनडीआरएफ), डीएमजी, स्थानीय लोगों और पर्यटन उद्योग के अन्य हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया।



उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन के बाद फंसे पर्यटकों को बचाते बीआरओ कर्मी। ● एजेंसी

लाचुंग उत्तरी सिक्किम का एक सीमावर्ती गांव है और यह समुद्र तल से 9,600 फीट या 2,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह गर्मियों के दौरान मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है, क्योंकि यह क्षेत्र आमतौर पर सर्दियों के दौरान बर्फ से ढका रहता है। यह क्षेत्र पर्यटन उद्योग 90 के दशक की शुरुआत में पर्यटकों के लिए खोला गया था, तब से यह नकदी समृद्ध व्यवसाय है। लाचुंग गंगटोक से लगभग 115 किलोमीटर उत्तर में है और भारत की रक्षा के लिए एक बहुत ही रणनीतिक स्थान है। इसके दूसरी तरफ चीन है। एडीएम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कुल 1,225 पर्यटक मंगन पहुंचे। परिवहन विभाग के अंतर्गत मोटर वाहन प्रभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों की सहायता से पर्यटक कारों से उन स्थानों तक पहुंचने में सफल रहे।

### चिकित्सा टीमों ने चिकित्सा सहायता बूथ स्थापित किए

अधिकारी ने बताया है कि चिकित्सा टीमों ने चिकित्सा सहायता बूथ स्थापित किए हैं और जरूरतमंद निवासियों और पर्यटकों को चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहे हैं। अब तक 115 से अधिक लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है, जिसमें हाई एल्टीट्यूड पल्मोनरी एडिमा और एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से पीड़ित लाचुंग के एक 24 वर्षीय व्यक्ति की जीवनरक्षक आपातकालीन संकट कॉल भी शामिल है। सभी जरूरतमंद लोगों को इस महत्वपूर्ण समय में राशन और अन्य रसद सहायता भी प्रदान की गई हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, "भारतीय सेना के इंजीनियर संपर्क बहाल करने के लिए जनशक्ति और सामान उपलब्ध कराकर बीआरओ को सहायता प्रदान कर रहे हैं। भारतीय सेना सभी फंसे हुए पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

# महापुरुषों की प्रतिमाओं को पुराने स्थान पर स्थापित किया जाए : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष ने बिरला और धनखड़ को लिखा पत्र



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर आग्रह किया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और कई अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं को उस पुराने स्थल पर फिर से स्थापित किया जाए, जहां से हटाकर उन्हें दूसरे स्थान पर ले जाया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति को संबोधित अपने पत्र में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं की प्रतिमाओं को बिना किसी परामर्श के मनमाने ढंग से एक अलग कोने में स्थानांतरित कर दिया गया है और यह लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। उनका कहना है, मैं सबसे पहले इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि इन मूर्तियों को मनमाने ढंग से, बिना किसी परामर्श के हटाना, हमारे लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। इसका उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि पूरे विचार-विमार्श के बाद महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। खरगे ने अलग-अलग भेजे गए अपने पत्र में कहा कि संसद परिसर में प्रतिमाओं के स्थान का अत्यधिक मूल्य और महत्व है।

## एनएचआरसी ने श्रमिक विरोधी चलन को लेकर केंद्र को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के मानेसर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में कथित तौर पर "श्रमिक विरोधी गतिविधियों" को लेकर केंद्र को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आयोग ने कहा कि एक प्रकाशित समाचार की सामग्री अगर सही है तो यह श्रम कानूनों तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों और श्रमिकों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। एनएचआरसी ने कहा कि उसने एक मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि हरियाणा के मानेसर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में 24 वर्षीय एक कर्मचारी को शपथ दिलाई गई कि जब तक वे अपना काम नहीं कर लेंगे, तब तक कोई ब्रेक नहीं लेंगे।

# हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी पर मामला दर्ज

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे और देश के अन्य शहरों के विमानपत्तनों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल पर पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि फर्जी साबित हुए इस संदेश के बारे में दिग्गज ई-मेल सेवा प्रदाता 'जीमेल' से जानकारी भी मांगी गई है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनोद कुमार मीना ने संवाददाताओं को बताया, जीमेल के एक खाते से संदेश भेजकर मंगलवार को इंदौर और देश के अन्य शहरों के हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, जांच में यह संदेश फर्जी साबित हुआ।'' उन्होंने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी की शिकायत पर इस ई-मेल को लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (गुमनाम संचार के जरिये आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने बताया कि धमकी भरा संदेश भेजने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए जीमेल से जानकारी मांगी गई है और विस्तृत जांच जारी है।

### ई-मेल पर दी गई थी धमकी

## अभिनेत्री रितुपर्णा कोलकाता में ईडी के अधिकारियों के सामने हुईं पेश

**कोलकाता।** बांग्ला अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में जारी जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में अधिकारियों के सामने उपस्थित हुईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेनगुप्ता से उनके बैंक लेनदेन से संबंधित कुछ विशिष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था। ईडी अधिकारी ने कहा-हमारे पास अभिनेत्री के लिए कुछ प्रश्न हैं। हम अन्य विवरण का भी सत्यापन करेंगे जिनमें विशेष रूप से उनके बैंक खातों से किए गए लेनदेन का ब्योरा शामिल है। हमें इन लेनदेन के स्रोत और गंतव्य की जानकारी की जरूरत है। ईडी ने पहले अभिनेत्री से इसी मामले के सिलसिले में पांच जून को अधिकारियों के समक्ष पेश होने को कहा था।



**श्रीनगर :** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीनगर यात्रा से पहले एहतियात के तौर पर पूरे श्रीनगर और कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में सुरक्षा के मद्देनजर एसकेआईसीसी के पास तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

## बिहार में महिला नक्सली रिंकी कोड़ा गिरफ्तार

**लखीसराय।** बिहार में लखीसराय जिले के कजरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने महिला नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने बुधवार को यहां बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) मोतीलाल, सशस्त्र सीमा बल और कजरा थाना पुलिस ने राजघाट कोल से नक्सली रिंकी कोड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार रिंकी कोड़ा के विरूद्ध कजरा और चानन थाना में पुलिस के साथ मुठभेड़,गंगटिया घाट पर फायरिंग, ट्रक में आगजनी समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं।

# मप्र उच्च न्यायालय ने किशोरी का गर्भ समाप्त करने की दी अनुमति

**जबलपुर, एजेंसी**

- हाईकोर्ट ने भ्रूण संरक्षित रखने का भी दिया निर्देश




मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 14-वर्षीय उस लड़की के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी है, जिसका कुछ महीने पहले राज्य के सिंगरौली जिले में कथित तौर पर अपहरण कर बलात्कार किया गया था। अदालत ने अधिकारियों को डीएनए परीक्षण के लिए भ्रूण संरक्षित रखने का भी निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति जी एस अहलूवालिया ने हाल ही में दिए अपने आदेश में कहा कि किसी भी खतरे की स्थिति में गर्भपात कराने वाले चिकित्सक और राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं होंगे तथा गर्भपात केवल पीड़िता के माता-पिता के जोखिम और खर्च पर ही किया जाएगा। अदालत ने कहा कि पीड़िता के माता-पिता अपनी बेटी को गर्भपात की प्रक्रिया के लिए सिंगरौली के जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पास ले जा सकते हैं। अदालत ने कहा कि अगर सीएमएचओ को लगता है कि लड़की को बेहतर इलाज के लिए किसी 'मल्टीस्पेशलिटी' अस्पताल में भेजने की जरूरत है, तो वह उसे गर्भपात के लिए उक्त अस्पताल में रेफर कर सकते हैं। जिला चिकित्सा बोर्ड, सिंगरौली की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर भ्रूण में पर्याप्त असामान्यताएं हैं और चिकित्सा बोर्ड द्वारा गर्भपात को मंजूरी दी गई है तो गर्भावस्था की किसी भी अवधि में गर्भ को पंजीकृत चिकित्सक द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

भ्रूण को संरक्षित रखने का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि इसे (भ्रूण को) तुरंत जांच एजेंसी को सौंप दिया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि जांच अधिकारी को भ्रूण अपने कब्जे में लेने की तिथि से दो दिन के भीतर डीएनए फिंगरप्रिंट प्रयोगशाला में भेजने का निर्देश दिया जाता है। स्थानीय पुलिस सूत्रों के अनुसार, किशोरी इस वर्ष की शुरुआत में लापता हो गई थी और जिले के मोरवा पुलिस थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। एक महीने से अधिक समय बाद जब उसका पता चला, तो नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, जिससे पता चला कि वह गर्भवती है। पुलिस ने बाद में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बलात्कार के आरोप दर्ज किए।

# आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र के चौथे समीक्षा सम्मेलन में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने चिंता व्यक्त की

पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे आतंकवादी समूहों को हथियार विहीन करने के लिए एक ठोस अभियान चलाने का आग्रह किया है। मंगलवार को छोटे और हल्के हथियारों पर कार्रवाई कार्यक्रम के संबंध में संयुक्त राष्ट्र के चौथे समीक्षा सम्मेलन में राजदूत मुनीर अकरम ने टीटीपी जैसे आतंकवादी समूहों द्वारा आधुनिक और परिष्कृत छोटे हथियारों की खरीद और इस्तेमाल पर पाकिस्तान की गंभीर चिंता व्यक्त की।

टीटीपी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है जो पूरे पाकिस्तान में शरिया शासन स्थापित करना चाहता है। 'डॉन' न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि इन हथियारों की तस्करी, स्थानांतरण को रोकने के लिए कदम उठाना संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और वैश्विक संस्था की जिम्मेदारी है।

### पाकिस्तान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत देश के कई हिस्सों में बुधवार को 4.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक जान-माल के नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है।

## रामफोसा ने राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**जोहानिसबर्ग।** सिरिल रामफोसा ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। उनकी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) पिछले महीने हुए चुनाव में बहुमत हासिल नहीं कर पायी थी। पिछले महीने हुए चुनावों में रामफोसा की एएनसी ने 30 साल में पहली बार अपना संसदीय बहुमत खो दिया। हालांकि, एएनसी और डेमोक्रेटिक अलायंस ने अपनी प्रतिद्वंद्विता को दरकिनार करके गठबंधन सरकार बनाने के लिए ऐतिहासिक समझौता किया। चुनाव में एएनसी को 40 प्रतिशत वोट मिले, जबकि डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) 22 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहा।



### कितना तापमान सह सकता है मानव शरीर

वैज्ञानिकों के अनुसार मानव शरीर के तापमान की एक सीमा 36 से 37.5 डिग्री के भीतर सबसे अच्छा काम करता है। एक बार 40 डिग्री तक पहुंचने पर यह कम आर्द्रता के स्तर के साथ खतरनाक हो सकता है। अब चूंकि तापमान 50 डिग्री के करीब है तो स्थिति गंभीर है।

# हीट वेव बनी खतरे की घंटी

चिलचिलाती धूप और लू के चलते लोगों का बुरा हाल है। भीषण गर्मी के कारण बूढ़े और बच्चों को अधिक खतरा है। वहीं हीट वेव भी अब किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। हीट वेव के चलते सभी वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि कैसे इससे बचाव कर सकते हैं।

### क्या है हीट वेव

हीट वेव में बहुत ज्यादा हाई तापमान हो जाता है। जिसके संपर्क में आने पर मानव शरीर के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। हीट वेव की परिभाषा विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होती है और इसके लिए एक खास तापमान सीमा तय की जाती है। कुछ देश हीट इंडेक्स को हीट वेव मापने के लिए इस्तेमाल करते हैं, जिसमें तापमान और ह्यूमिडिटी दोनों के स्तरों को ध्यान में रखा जाता है।

### भारत में कैसे तय की जाती है हीटवेव

भारत में लू की घोषणा तब की जाती है, जब किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है या उससे ज्यादा हो जाता है। ये तापमान सीमाएं उन स्थितियों की पहचान करने के लिए तय की गई हैं, जो संभावित रूप से गर्मी से संबंधित बीमारियों और मौत का कारण बन सकती हैं।

### हीट वेव से ऐसे करें बचाव

गर्मियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। अगर जरूरी काम से निकलें तो छाता या पानी की बोतल जरूर साथ में रखें। हल्के रंग, ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से बचें। हाई प्रोटीन फूड्स से बचें और बासी भोजन खाने से परहेज करें। बीमारी या बेहोशी का लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर की मदद लें।

## एक नजर

### बांग्लादेश में भूस्खलन से नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी शहर कॉक्स बाजार में बुधवार तड़के भारी बारिश के कारण रोहिंग्या शिविरों में भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गयी और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। अतिरिक्त शरणार्थी राहत एवं प्रत्यावर्तन आयुक्त मोहम्मद समसुद्दुजा ने संवाददाताओं को बताया कि भूस्खलन ढाका से लगभग 292 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कॉक्स बाजार जिले के शिविर संख्या नौ और 10 में हुआ। उन्होंने बताया कि रोहिंग्या लोग कॉक्स बाजार जिले के 33 शिविरों में रह रहे हैं, जहां मंगलवार से भारी बारिश हो रही है। समसुद्दुजा ने बताया कि अधिकारी जोखिम भरी पहाड़ी ढलानों पर रह रहे लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं।

### फ्रांस में पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया

**पेरिस।** पेरिस के एक उपनगर में पुलिस ने बुधवार को उस हमलावर को मार गिराया, जिसने एक सफाई कर्मचारी पर पेचकस से हमला किया था और एक अन्य पुलिस अधिकारी को भी घायल कर दिया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमलावर ने सफाई कर्मचारी पर पेचकस से कई वार किए, लेकिन चोटों की गंभीरता का अभी पता नहीं चल पाया है। उसने बताया कि बीच-बचाव करने आए एक पुलिस अधिकारी के हाथ में भी चोट आई है। उसने कहा कि इसके बाद एक अन्य पुलिस अधिकारी ने गोली चलाई, जिससे हमलावर मारा गया। पुलिस ने बताया कि पेरिस के उपनगर में हुए हमले के बारे में उनके पास तत्काल कोई अन्य जानकारी नहीं है।

### नोबेल शांति पुरस्कार विजेता की सजा बढ़ायी

**दुबई।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सजा एक साल बढ़ा दी गई है। उनके वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोहम्मदी की गतिविधियों को लेकर सजा बढ़ायी गयी है। मोहम्मदी के वकील मुस्तफा निली ने कहा कि उनकी मुवक्किल को व्यवस्था के खिलाफ दुष्प्रचार करने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। यह सजा नरगिस मोहम्मदी द्वारा मतदाताओं से ईरान के हालिया संसदीय चुनाव का बहिष्कार करने का आग्रह करने, यूरोप के सांसदों को पत्र भेजने तथा एक अन्य ईरानी पत्रकार और राजनीतिक कार्यकर्ता को दी गयी यातना के बारे में टिप्पणी करने के बाद दी गई है। नरगिस मोहम्मदी (52) को ईरान की कुख्यात एविन जेल में रखा गया है।

# दलाई लामा से मिलीं नैंसी पेलोसी

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का वाद्य यंत्रों-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

धर्मशाला, एजेंसी

अमेरिकी कांग्रेस सदस्य माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को धर्मशाला में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अमेरिकी सदन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी भी शामिल थीं। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

पेलोसी ने हिमाचल प्रदेश पहुंचने के बाद कहा, मैं यहां आकर रोमांच महसूस कर रही हूं। कांगड़ा एयरपोर्ट से लेकर मकलोडगंज तक दलाईलामा के अनुयायियों ने पेलोसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक वाद्य यंत्रों-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। यह बैठक चीन की बौद्ध भिक्षु (दलाई लामा) के साथ संपर्क से बचने की चेतावनी के बावजूद आयोजित की गई। चीन के लोग उन्हें अलगाववादी भी कहते हैं। अधिकारियों ने कहा कि सात लोगों के द्विदलीय समूह ने दलाई लामा से धर्मशाला के इस पहाड़ी शहर में बौद्ध मठ के सामने उनके महल में मुलाकात की। यह बैठक उनके प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने के एक दिन बाद इस पहाड़ी शहर में स्कूली बच्चों, बौद्ध भिक्षुओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किए जाने के बाद आयोजित की गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को तिब्बती संसद का दौरा किया और यहां निर्वासित तिब्बती सरकार द्वारा उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया गया।



धर्मशाला में बुधवार को अपने आवास पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा।

- प्रतिनिधिमंडल ने तिब्बती संसद का दौरा किया और सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन हुआ
- तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद वर्ष 1959 में दलाई लामा भारत आए

मैककॉल ने मंगलवार को कहा कि सांसद दलाई लामा के साथ जिन मुद्दों पर चर्चा करने वाले थे, उनमें एक अमेरिकी विधेयक भी शामिल हैं, जिसका उद्देश्य तिब्बत विवाद को हल करने के लिए चीन पर दबाव डालना है और राष्ट्रपति जो बाइडेन के हस्ताक्षर का इंतजार है। चीन ने कहा कि वह इस यात्रा और विधेयक को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। चीन ने सांसदों से आग्रह किया कि वे जिसे वह दलाई गुट कहते हैं, उससे संपर्क न करें और बाइडेन से विधेयक पर हस्ताक्षर न करने का अनुरोध किया। तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद वर्ष 1959 में दलाई लामा भारत भाग गये। दलाई लामा तब से यहीं निर्वासित जीवन जी रहे हैं। चीनी अधिकारी अन्य देशों के अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत से नाराज थे। दलाई लामा ने अमेरिका की पिछली यात्राओं के दौरान राष्ट्रपतियों सहित अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की है, लेकिन बाइडेन ने पदभार संभालने के बाद से उनसे मुलाकात नहीं की है।

## हूती विद्रोहियों के हमले में पोत डूबा

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से निशाना बनाए जाने के बाद मालवाहक पोत लाल सागर में डूब गया। पोत के डूबने की यह दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने क्षेत्र में नाविकों को सचेत करते हुए बताया कि द ट्यूटर लाल सागर में डूब गया। यूकेएमटीओ ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि उन्होंने समुद्री मलबा और तेल देखा है। माना जा रहा है कि जहाज डूब गया है। हूती विद्रोहियों ने पोत के डूबने के संबंध में फिलहाल कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

# अमेरिका ने ताइवान को नए हथियार बेचने को मंजूरी दी

वाशिंगटन, एजेंसी

- 291 अल्टियस-600एम प्रणाली और 720 स्विचब्लेड ड्रोन हथियारों में शामिल

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान को 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नए हथियार बेचने को मंजूरी दी और इसके साथ वह ताइवान को सैकड़ों सशस्त्र ड्रोन, मिसाइल उपकरण और संबंधित साजो सामान भेजेगा। विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई।

मंगलवार को की गई यह घोषणा अप्रत्याशित नहीं है लेकिन ताइवान को हथियार बेंचे जाने को मंजूरी देने की बात ऐसे वक्त कही गई है जब अमेरिका और चीन के बीच तनाव चरम पर है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसका कहना है कि ताइवान पर नियंत्रण के लिए यदि बल प्रयोग करना पड़ा तो भी वह इससे पीछे नहीं हटेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने जिन हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी है उनमें 291 अल्टियस-600एम प्रणाली शामिल हैं जो मुखास्त्र युक्त मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन हैं। इन हथियारों में 720 स्विचब्लेड ड्रोन भी शामिल हैं।

# आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत आगे

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर महावाणिज्य दूतावास ने एक कार्यक्रम की योजना बनाई

नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। इनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में किया गया था। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बम विस्फोट की बरसी पर एक स्मृति कार्यक्रम की योजना बनाई है। यह स्मृति कार्यक्रम 23 जून को वैंकूवर में स्टेनली पार्क के केपरले खेल मैदान में एअर इंडिया मेमोरियल में आयोजित किया जाएगा। भारतीय समुदाय के सदस्यों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के वास्ते इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

# चाड में सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट, नौ की मौत

एनजमीना, एजेंसी

- राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का किया जा रहा इलाज

चाड की राजधानी एनजमीना में एक सैन्य आयुध डिपो में विस्फोट में नौ लोगों को मौत हो गई जबकि 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक सरकारी प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता अब्देरमान कौलमल्लाह ने कहा कि राजधानी एनजमीना के गौडजी जिले में हुए विस्फोटों के बाद 46 लोगों का इलाज किया जा रहा है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट मंगलवार मध्य रात्रि से ठीक पहले शुरू हुए और 30 मिनट से अधिक समय तक चले, जिससे आस-पास की इमारतें हिल गईं। अधिकारियों और गवाहों ने बुधवार को कहा कि चाड की राजधानी में एक सैन्य आयुध भंडार में विस्फोट और आग लगने से कई लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आग बुझाने तथा घायलों के उपचार के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए गए। पश्चिमी अफ्रीकी देश में आयुध डिपो में हुए धमाके की रोशनी आसमान में दूर तक देखी गयी और उसके बाद आसपास के इलाकों में घने धुएं का गुबार छा गया। राष्ट्रपति महामत डेबी इत्नो ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि विस्फोट के कारण लगी आग से जानमाल का नुकसान हुआ है। डेबी ने कहा, पीड़ितों की आत्मा को शांति मिले।

# रूस ईमानदार मित्र और सहयोगी : किम

प्योंगयांग, एजेंसी

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने बुधवार को रूस को एशियाई देशों में से सबसे ईमानदार मित्र और सहयोगी करार देते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कोरियाई लोगों का सबसे प्रिय मित्र बताया। किम ने पुतिन की प्योंगयांग यात्रा के दौरान एक प्रेस बयान में कहा, इस समय जब पूरी दुनिया की निगाहें प्योंगयांग पर हैं, जो मित्रता के रूसी मिशन की मेजबानी कर रहा है, मैं अपने रूसी साथियों, सबसे ईमानदार मित्रों और सहयोगियों के साथ इस पवित्र हॉल में खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच एक नयी और सबसे शक्तिशाली संधि का निष्कर्ष कोरियाई लोगों के सबसे प्रिय मित्र राष्ट्रपति पुतिन की उत्कृष्ट दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प के बिना असंभव होगा।



- रूस और उत्तर कोरिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए

पुतिन और रूसी प्रतिनिधिमंडल की किम और उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई। यह बैठक बंद दरवाजों के पीछे हुई और दोनों नेताओं के बीच एकांत में बातचीत के साथ आगे बढ़ी। किम ने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग और सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना है। पुतिन मंगलवार देर रात प्योंगयांग पहुंचे।

# तीन भारतीय और मिस्र के चार नागरिक हिरासत में

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- कुवैत के मंगाफ शहर में आग लगने के मामले में सार्वजनिक अभियोजन ने की कार्रवाई

कुवैत के अहमदी प्रांत में भीषण आग लगने से 46 भारतीयों समेत 50 लोगों की मौत के मामले में भारत के तीन, मिस्र के चार और कुवैत के एक नागरिक को हिरासत में लिया गया है। बुधवार को एक मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को मंगाफ शहर में भूतल पर गार्ड के कमरे में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। इमारत में 196 प्रवासी मजदूर रहते थे, जिनमें से ज्यादातर भारतीय थे। अंग्रेजी भाषा के दैनिक समाचार पत्र 'अरब टाइम्स' ने बताया कि सार्वजनिक अभियोजन ने अल-मंगाफ की इमारत में आग लगने के मामले में एक कुवैती नागरिक, तीन भारतीय नागरिकों और मिस्र के चार नागरिकों को दो सप्ताह के लिए हिरासत में रखने का आदेश दिया है। खबर में कहा गया है कि आरोपियों पर हत्या और लापरवाही का आरोप लगाया गया है। अखबार ने बताया कि कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के आदेश पर पीड़ितों के परिवारों को 15,000 अमेरिकी डॉलर (12.5 लाख रुपये) का मुआवजा दिया जाएगा।

## बॉलीवुड हलचल

### प्रभा राज और तोशी का पिया परदेसिया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका प्रभा राज और अभिनेत्री तोशी द्विवेदी का भोजपुरी बिरह गीत पिया परदेसिया रिलीज हो गया है। भोजपुरी बिरह गीत पिया परदेसिया वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना पारंपरिक लोकधुन पर बनाया गया है। इस गाने में तोशी द्विवेदी अपने पति के परदेस चले जाने पर काफी व्याकुल हैं। वह अपनी सखियों से अपने मन की व्यथा दर्द भरे एक्प्रेशन के साथ बयां कर रही हैं। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत पिया परदेसिया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रभा राज ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में तोशी द्विवेदी नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी - सनी, डीओपी गौरव राय, रंजन, ड्रेस डिजाइनर बादशाह खान हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

### फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोपड़ा चोटिल हुईं

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस को अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई। 41 वर्षीय अभिनेत्री ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में फिल्म की शूटिंग शुरू की। उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उनके गले पर गहरी खरोंच दिखाई दे रही थी। प्रियंका ने फोटो के साथ कैप्शन लिखा, ओह, मेरे काम में पेशेवर खतरे। रूसो ब्रदर्स के बैनर एजीबीओ स्टूडियोज और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा निर्मित द ब्लफ में प्रियंका एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की भूमिका में नजर आएंगी। उन्नीसवीं शताब्दी के कैरिबियन की पृष्ठभूमि पर आधारित द ब्लफ एक पूर्व महिला समुद्री डाकू की कहानी है, जिसमें उसके अतीत के रहस्यमय पाप उसे जकड़ते हैं, और इन सबसे बचकर उसे अपने परिवार की रक्षा करनी होती है। फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर्स करेंगे।



### रितु और कसीम हैदर का गाना आई फोन रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बी4यू म्यूजिक पर रितु लखीना और कसीम हैदर कसीम का गाना आई फोन रिलीज हो गया है। आई फोन गाना में रितु लखीना और कसीम हैदर कसीम की जोड़ी है। हर्ष गुर्ग द्वारा निर्देशित और बीबी एंटरटेनमेंट के बैनर तले एनके मूसवी द्वारा निर्मित, यह गाना बी4यू म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज किया गया है। इस गाने में रितु की मधुर आवाज़ और कसीम की करिश्माई उपस्थिति एक परिपूर्ण सामंजस्य बनाती है, जो गाने को आकर्षक और यादगार दोनों बनाती है। पार्थ शर्मा द्वारा लिखे गए आई फोन के बोल समकालीन और प्रासंगिक हैं। फोटोग्राफी के निर्देशक (डीओपी), सचिन गुप्ता, संपादन नीतीश चंद्रा, कोरियोग्राफी दिनेश साहनी की है।

**खगोल विज्ञान** | बीटा पिक्टोरिस के सौरमंडल जन्म ले रहे हैं ग्रह

# ब्रह्मांड में हुई विशाल क्षुद्रग्रह की भीषण टक्कर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में हालही में विशाल क्षुद्रग्रह व ग्रह के बीच भयानक टक्कर हुई है। इस खगोलीय घटना को जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से देखा गया है। पृथ्वी से 63 प्रकाशवर्ष दूर बीटा पिक्टोरिस नामक सौर मंडल में यह खगोलीय घटना हुई है। बीटा पिक्टोरिस सौर मंडल की एक छोटी सी दुनिया है, जो इन दिनों ग्रहों के साथ अपने विकास में जुटी है।

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने इस घटना को देखा है और टक्कर के सबूत जुटाए हैं। यह एक नवनिर्मित सौर मंडल है। पिक्टोरिस प्रणाली युवा है। जिसकी उम्र केवल लगभग 20 मिलियन वर्ष है। यह ग्रह बनाने की प्रक्रिया में होने के लिए बेहद युवा है। इसमें कम से कम गैस के दो गैस विशाल ग्रह हैं। साथ ही अन्य छोटे चट्टानी ग्रह भी बनने शुरू हो गए हैं। ज्ञातव्य हो गैस के ग्रह धूल और चट्टानी मलबे के घूमते हुए बादलों से बनते हैं। इन बादलों में टकराव होते हैं। यह टकराव किसी भी सौर मंडल के निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। जिस कारण ग्रह बनते हैं। क्षुद्रग्रह प्रारंभिक सौर मंडल में हुई टकराव की विशाल और हिंसक प्रक्रिया से बचे हुए पदार्थ के टुकड़े हैं। अपने सौर मंडल की बात करें तो हमारे सौर मंडल में 4.5 अरब वर्ष पहले सूर्य के चारों ओर अंतरिक्ष में एक विशाल बादल से ग्रहों का निर्माण हुआ था। तब ग्रह-निर्माण प्रक्रिया के उत्तरार्ध में क्षुद्रग्रहों के बीच जबरदस्त टकराव हुआ था और करोड़ों वर्ष बाद अस्तित्व में आया। नई खोज इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी सौर मंडल का निर्माण भयानक टकरावों के बाद अस्तित्व में आता है।



पृथ्वी से 63 प्रकाशवर्ष दूर बन रहे नए सौर मंडल की तस्वीर।

### दिलचस्प है बीटा पिक्टोरिस सौर मंडल का युग

**नैनीताल :** जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बीटा पिक्टोरिस सौर प्रणाली खगोलविदों के लिए बेहद आकर्षक है। यह हमारे निकट है और सौर मंडल निर्माण के सिद्धांतों का प्रमाण है। बीटा पिक्टोरिस मलबे की डिस्क से घिरा हुआ है। निर्माणाधीन यह सौर मंडल भविष्य में वैज्ञानिकों के शोध का केंद्र रहेगा।